सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:02

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 18.8 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,269 |
| निफ्टी | 24,119 |
| सोना | 1,48,000 |
| चांदी | 2,44,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 5 मई 2026 | 22 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 126, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

HP BOARD 12th Result

## फिर बेटियों ने मारी बाजी, 92 प्रतिशत स्टूडेंट्स हुए पास

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने सोमवार को जमा दो का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष भी तीनों संकाय आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स का परिणाम एक साथ जारी किया गया। कुल परीक्षा परिणाम 92.02 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब नौ प्रतिशत अधिक है।



स्कूल स्टाफ के साथ हिमाचल का टॉपर अंशित कुमार।

इस बार परीक्षा में 81 हजार 417 में से 81 हजार 109 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 74 हजार 637 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। तीन हजार 71 छात्रों को कंपार्टमेंट आई है, जबकि तीन हजार 352 विद्यार्थी फेल घोषित किए गए हैं। इस बार भी राज्यभर में बेटियों ने एक बार फिर देवभूमि में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तीनों स्ट्रीम के कुल 121 टॉप-10 स्थानों में से एकाधिकार करते हुए 99 में कब्जा कर लिया है, जबकि लड़कों को मात्र 22 स्थानों पर ही संतोष करना पड़ा है। इसके साथ ही इस बार टॉप-10 मैरिट लिस्ट में सरकारी व निजी स्कूलों में कांटे की टक्कर रही है, जिसमें एक स्थान से सरकारी ने कब्जा जमाते हुए 61 व निजी ने 60 पर अपना स्थान बनाया है। शिक्षा बोर्ड की ओर से अधिकारिक बोर्ड बेबसाइट में रिजल्ट अपलोड कर दिया है, जिससे छात्र अपना परिणाम देखने के साथ ही डिजिलॉकर से प्रोवेजनल मार्कलिस्ट भी डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम पिछले कई वर्षों से बेहतर रहा है। छात्र रि-चेकिंग और री-व्ल्युवेशन के लिए 15 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए क्रमश: एक हजार और 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इससे पहले राज्यभर में 2300 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षाएं एक अप्रैल तक शांतिपूर्वक संपन्न हुईं, जबकि 2 अप्रैल से 41 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य किया गया। इस बार नकल के मामले भी काफी कम रहे और परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई।

### भवारना का अंशित कुमार तीनों स्ट्रीमों में टॉपर

**ऑल** ओवर मेरिट में आर्ट्स संकाय के कांगड़ा के पीएम श्री जीएसएसएस (भवारना) निवासी अंशित कुमार ने 500 में से 496 अंक (99.02 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर कांगड़ा के न्यू ईरा साइंस छतड़ी शाहपुर की शायला कश्यप व सिरमौर की आरुषि ठाकुर रहीं, जिन्होंने संयुक्त रूप से 495 अंक (99) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर कांगड़ा के मॉडल स्कूल दाड़ी धर्मशाला की शाम्या बडजात्या ने 494 अंक (98.8) हासिल किए।

### साइंस में शायला कश्यप अव्वल



**साइंस** स्ट्रीम में कांगड़ा जिले के शाहपुर (छतड़ी) की शायला कश्यप ने 495 अंक (99 प्रतिशत) लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर संचिता धीमान गुरुकुल स्कूल अंब ऊना और आर्यन स्कूल हमीरपुर की काशी शर्मा संयुक्त रूप से 98.6 (करीब 493 अंक) के साथ रहीं। तीसरे स्थान पर तमन्ना शर्मा सनराइस स्कूल भ्रूणा (सोलन), एवीएम स्कूल पाहड़ा कांगड़ा के नितिन कुमार और एसडी स्कूल संतोखगढ़ ऊना की वैशाली ठाकुर ने 98.4 प्रतिशत (लगभग 492 अंक) प्राप्त किए।

### आर्ट्स संकाय में अंशित, आरुषि व शाम्या

**आर्ट्स** संकाय के कांगड़ा के पीएम श्री जीएसएसएस (भवारना) निवासी अंशित कुमार ने 500 में से 496 अंक (99.02 प्रतिशत) प्रथम, दूसरे स्थान पर सिरमौर जीएसएसएस कंगेहड धरायर की आरुषि ठाकुर रहीं, जिन्होंने 495 अंक (99) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर कांगड़ा के मॉडल स्कूल दाड़ी धर्मशाला की शाम्या बडजात्या ने 494 अंक (98.8) हासिल किए।

### कॉमर्स में यशस्विनी, कृषिका और अयान संयुक्त टॉपर

**कॉमर्स** संकाय में ऊना के डीआर स्कूल गगरेट की यशस्विनी चौहान, कृषिका और कांगड़ा के एवीएम स्कूल पहाड़ा के अयान तीनों की छात्रों ने संयुक्त रूप से 491 अंक (98.02) लेकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर गर्ल्ज स्कूल नगरोटा बगवां की काजल, गर्ल्ज स्कूल की ही मुस्कान और शिवालिक साइंस स्कूल सोलन की जान्हवी ने 97.8 (लगभग 489 अंक) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर जीएसएसएस मल्हाड़ी कांगड़ा की अक्षीमा पठानिया, पीएम श्री जीएसएसएस धूंधला ऊना, मुस्कान ठाकुर और सरकारी स्कूल मल्हाड़ी कांगड़ा की रिधिमा ने 97.6 प्रतिशत (लगभग 488 अंक) हासिल किए।

### सीएम सुक्खू ने दी बधाई



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 12वीं कक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनके जीवन की नई दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी।

# प. बंगाल, असम और पुडुचेरी में खिला कमल

## तमिलनाडु में अभिनेता विजय की टीवीके ने मारी बाजी, केरलम में यूडीएफ को मिला स्पष्ट बहुमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम बंगाल में जीत का जश्न मनाते भाजपाई।

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव की मतगणना के रुझानों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भारी उलटफेर की संभावना के साथ भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अपने दम पर जबरदस्त बहुमत हासिल करने जा रही है।

समाचार लिखे जाने तक भाजपा 80 सीटों पर आगे चल रही थी तथा उसने 127 सीटें जीत ली थीं। इस तरह उसकी कुल 207 (+130) सीटें हो गई थीं। वहीं, टीएमसी 32 सीटों पर आगे चल रही थी तथा उसने 48 सीटें जीत ली थी। टीएमसी की कुल सीटें 80 (-136) सीटें हो गई थीं। कांग्रेस सिर्फ दो सीट ही जीत पाई थी। लेफ्ट फ्रंट दो सीटों पर आगे थी। अन्यों ने भी दो सीटें जीत ली थीं।

उधर, तमिलनाडु में अभिनेता विजय की टीवीके (तमिलगा वेट्री कड़गम) 31 सीटों पर आगे चल रही थी, 76 सीटें जीत ली थी। उसकी कुल सीटें 107 (+107) हो गई थी। अन्नाद्रमुक 19 सीटों पर आगे चल रही थी, 34 सीटें जीत ली थी और उसकी कुल सीटें 53(-22) थीं। डीएमके+ 21 सीटों पर आगे चल रही थी, 43 सीटें जीत ली थीं तथा कुल सीटें 64 (-95) थीं। अन्य 3 सीटों पर आगे थी और 7 सीटें जीत ली थीं।

केरलम में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने 102 सीटें स्पष्ट रूप से जीत ली थी। उसे 61 सीटों का फायदा हुआ। यहां एलडीएफ दूसरे सबसे बड़ी पाटी बनी, जो एक सीट पर आगे चल रही थी तथा 34 सीटें जीत ली थीं। हालांकि उसे 64 नुकसान हुआ। एनडीए ने तीन सीटें जीती।

असम में भाजपा+ 2 सीटों पर आगे चल रही थी, 100 सीटें जीत चुकी थी और उसकी कुल 102 सीटें हुई। इस तरह उसे 27 सीटों का फायदा हुआ।

कांग्रेस+ 4 सीटों पर आगे चल रही थी, 17 सीटें जीत चुकी थी। उसकी कुल 21 सीटें हुई। हालांकि, उसे कुल 29 सीटों का नुकसान हुआ। अन्य ने 3 सीटों पर जीत हासिल की।

वहीं, केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में एनडीए 2 सीटों पर आगे चल रही थी, जबकि 16 सीटें जीत चुकी थी। उसे कुल 18 सीटें मिलती दिख रही थीं। उसे दो सीटों का फायदा हुआ है। कांग्रेस+ 6 सीटें जीत चुकी थीं, कुछ 6 सीटें हासिल की। हालांकि उसे 2 सीटों नुकसान हुआ इसके अलावा अन्य ने 6 सीटों पर जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

| पश्चिम बंगाल (कुल सीटें 293) बहुमत 147 | कुल सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 208 (+131) |
| टीएमसी | 79 (-137) |
| कांग्रेस | 02 (+2) |
| लेफ्ट फ्रंट | 02 (+1) |
| अन्य | 02 (+2) |

| पुड्डुचेरी (कुल सीटें 30) बहुमत 16 | कुल सीटें |
|---|---|
| एनडीए | 18 (+2) |
| कांग्रेस+ | 06 (-2) |
| अन्य | 06 (00) |

| असम (कुल सीटें 126) बहुमत 64 | कुल सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 102 (+27) |
| कांग्रेस+ | 21 (-29) |
| अन्य | 03 (+2) |

| तमिलनाडु (कुल सीटें 234) बहुमत 118 | कुल सीटें |
|---|---|
| टीवीके | 107 (+107) |
| अन्नाद्रमुक | 53 (-22) |
| डीएमके+ | 65 (-94) |

| केरलम (कुल सीटें 140) बहुमत 71 | कुल सीटें |
|---|---|
| यूडीएफ | 102 (61) |
| एलडीएफ | 35 (-64) |
| एनडीए | 03 (+3) |

### मोदी ने जीत को बताया ऐतिहासिक बोले-गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल



**नई दिल्ली:** भाजपा 5 राज्यों में से 3 (पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी) में सरकार बना रही है। दिल्ली स्थिति भाजपा मुख्यालय पर मनाए जा रहे जश्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी मैं देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।

पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था, गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं। आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा एनडीए सरकार है। उन्होंने कहा कि बंगाल में महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा, पहली कैबिनेट में ही आयुष्मान योजना को हरी झंडी दिखाएंगे और घुसपैठियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को कितनी शांति मिली होगी। उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना करके हर कार्यकर्ता को संदेश दिया कि देश के लिए जीना और देश के लिए मरना है। डॉ. मुखर्जी ने बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी। मोदी ने कहा कि एक ऐसा सबेरा जिसका इंतजार पीढ़ियों ने किया है भाजपा ने जितनी सीटें जीतीं वो चुनावी आंकड़ा नहीं है। ये उसके अडिग विश्वास की हुंकार है, जिसने डर तुष्टीकरण और हिंसा की राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंका। आज से बंगाल के भविष्य की ऐसी यात्रा शुरू हो रही है, जहां विकास अटूट विश्वास और नई उम्मीदें कदम से कदम मिलाकर चलेंगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### भोपाल एयरपोर्ट पर 3 फ्लाइट डायवर्ट

**एजेंसी, भोपाल।** दिल्ली, जयपुर और लखनऊ में खराब मौसम के चलते शनिवार रात और रविवार सुबह तीन उड़ानों को एहतियातन भोपाल एयरपोर्ट डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि यह कोई इमरजेंसी लैंडिंग नहीं थी। दो इंडिगो और एक एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट करीब डेढ़ घंटे तक भोपाल में रुकी रहीं। यात्रियों को विमान से नहीं उतारा गया और मौसम सामान्य होते ही सभी फ्लाइट्स अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने स्थिति को पूरी तरह सामान्य बताया। (अनंत ज्ञान)

### भोपाल में आईएएस अकादमी की डायरेक्टर का अपहरण



**एजेंसी, भोपाल।** दिल्ली की आईएएस अकादमी की डायरेक्टर को बुधवार दोपहर भोपाल में 9 बदमाशों ने किडनैप कर लिया। उन्हें 4 घंटे तक बंधक बनाकर कनपटी पर पिस्टल रखकर करीब 1.89 करोड़ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। पुलिस ने मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा को एम्स भोपाल से गिरफ्तार किया, जो विदेश भागने की फिराक में था। उसके साथ 5 सहयोगी भी पकड़े गए, जबकि 3 फरार हैं। आरोपी उसी कोचिंग संस्थान की फ्रेंचाइजी संचालक और भेल के रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू ने कचरा संग्रहण के 10 ई-वाहनों को दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान



कचरा संग्रहणवाहनों को हरी झंडी दिखाते सीएम सुक्खू।

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय से नगर निगम शिमला के कचरा संग्रहण के 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल के साथ नगर निगम शिमला राज्य का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसने चरणबद्ध तरीके से कचरा प्रबंधन के लिए अपने वाहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बेड़े में परिवर्तित करने की शुरुआत की है।

इन वाहनों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम शिमला द्वारा 10 से 14 नवंबर, 2025 तक परीक्षण किए गए थे, जिनमें इन वाहनों ने शहर के भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों में सफल प्रदर्शन किया। प्रत्येक वाहन की कचरा संग्रहण क्षमता एक टन है और इन्हें 13.98 लाख रुपए की लागत से खरीदा गया है। इनके लिए चार्जिंग अवसंरचना भी स्थापित की गई है, जो नगर निगम के पार्किंग परिसर में लगाई गई है, ताकि इनका उपयोग सुविधाजनक और प्रभावी ढंग से किया जा सके। एक बार पूर्ण रूप से चार्ज होने पर प्रत्येक वाहन लगभग 130 से 150 किलोमीटर तक चल सकता है।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम शिमला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ई-मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है और वर्तमान कांग्रेस सरकार के पहले बजट में ही इस पहल को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को देश का एक हरित राज्य बनाने के लिए अनेक कदम उठा रही है और ये ई-वाहन इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर इससे नगर निगम का खर्च भी कम होगा।

## सिरमौर में खाई में गिरी कार, महिला टीचर समेत 4 की मौत

अनंत ज्ञान




**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला संगड़ाह क्षेत्र में सोमवार एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें महिला टीचर समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर घायल है। घायल को संगड़ाह में प्राथमिक उपचार के बाद नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

सूचना के अनुसार आज सुबह संगड़ाह की पियूलाणी-भलोना सड़क पर यह हादसा हुआ। इसमें महिला टीचर, उनकी बेटी समेत क्षेत्र के तीन अन्य लोग सवार थे। इनकी ग्रेंड आई10 नंबर एचपी79-2756 कार सड़क से करीब 300 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल को अस्पताल और मृतकों के शव को सड़क पर पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए गए हैं। इस हादसे में अमरा देवी (52) पत्नी देवराज निवासी गाता गांव संगड़ाह, अराध्या (14) पुत्री देवराज, प्रियंका (14) पुत्री दीप राम निवासी गांव ऊंचा टिक्कर संगड़ाह और सज्जन सिंह (62) पुत्र थापलू राम निवासी कजवा संगड़ाह की मौत हो गई, जबकि अजीत कुमार (33) पुत्र रणसिंह निवासी गाता संगड़ाह घायल है। अमरा देवी भलोना स्कूल में टीचर थी। हादसे में दो 14-14 साल की मासूम लड़कियों की भी मौत हो गई। अब तक हादसे के असल कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं, सीएम सुक्खू ने सड़क हादसे में चार लोगों की असमय मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को हादसे की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

## शिमला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

◆ स्कूल खाली करवाकर बच्चों को भेजा घर, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कई निजी स्कूलों को ई-मेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिलने की खबर सामने आई। जैसे ही सूचना प्रशासन तक पहुंची, एहतियात के तौर पर दयानंद पब्लिक स्कूल, डीएवी और सेंट थॉमस समेत कई शिक्षण संस्थानों को तुरंत खाली करवा दिया गया और बच्चों को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था की गई।

धमकी की खबर फैलते ही अभिभावकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्कूल प्रशासन ने फोन और संदेश के माध्यम से माता-पिता को तुरंत बच्चों को घर ले जाने की सूचना दी, जिसके बाद लोग जल्दबाजी में स्कूलों की ओर दौड़ पड़े। हालांकि, प्रशासन ने हालात को काबू में रखते हुए बच्चों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

शिमला पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां फौरन मौके पर पहुंचीं और डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्तों की मदद से स्कूल परिसरों की तलाशी ली गई, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह धमकी प्रथम दृष्टया सामान्य प्रतीत हो रही है, फिर भी हर पहलू से जांच जारी है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

जवाबतलबी

### एडवोकेट सिंघवी बोले-संशोधन पहचान खुद तय करने का छीनता है अधिकार

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र-राज्यों को भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



◆ 6 हफ्ते में जवाब मांगा

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' (अपनी पहचान खुद तय करने) का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक एनएएलएसए जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था। वरिष्ठ वकील अरुंधति काटजू ने कोर्ट को बताया कि संशोधन के डर से कई लोगों की हार्मोनल थैरेपी अचानक रोक दी गई है। सिंघवी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति थैरेपी ले रहा है, तो इस संशोधन के जरिए उसे एक तरह से अपराधी बनाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दखल देते हुए कहा कि सरकार केवल जबरन लिंग परिवर्तन या बच्चों के साथ होने वाली जबरदस्ती (जैसे जबरन बधिया करना) को अपराध की श्रेणी में ला रही है। उन्होंने साफ किया कि कोई भी व्यक्ति जो पुरुष या महिला है, उसे बाहर नहीं किया जा रहा।

एक पक्ष हर्ष असद ने बेंच को बताया कि यह एक्ट अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि केंद्र ने इसे नोटिफाई नहीं किया है। उन्होंने दलील दी कि याचिकाएं समय से पहले दाखिल की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीजेआई ने पूछा- क्या लोग फर्जी पहचान बनाकर फायदा नहीं उठाएंगे?

**सुनवाई** के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं। उन्होंने पूछा, 'क्या इससे कोई खतरा पैदा नहीं होता? क्या ऐसे लोग नहीं हो सकते जो ट्रांसजेंडर होने का दिखावा करें, ताकि उन्हें इस समुदाय के लिए तय आरक्षण या विशेषाधिकारों का लाभ मिल सके?' इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि उनकी जानकारी के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अभी कोई आरक्षण लागू नहीं है, इसलिए गलत इस्तेमाल की संभावना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर 0.01 प्रतिशत मामलों में दुरुपयोग की गुंजाइश है भी, तो इसके आधार पर बहुसंख्यक समुदाय के आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अधिकार को सस्पेंड नहीं किया जा सकता।

### अब जरूरी होगी मेडिकल बोर्ड की सिफारिश

**जस्टिस** बागची ने इस दौरान टिप्पणी की कि विधायिका किसी फैसले के आधार को बदल सकती है। नए संशोधन के बाद अब ट्रांसजेंडर पहचान के लिए व्यक्ति की अपनी इच्छा के बजाय 'मेडिकल इवैल्यूएशन' यानी डॉक्टरी जांच को आधार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अब मेडिकल बोर्ड की सिफारिश के बाद ही पहचान पत्र जारी करेंगे, जो निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है।

# मुख्यमंत्री के दर तक पहुंची पेंशनर्स की आवाज

## हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने सीएम सुक्खू से की अहम मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में आज उस समय एक अहम और सकारात्मक माहौल देखने को मिला जब हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स जॉइंट फ्रंट का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और अपनी विभिन्न मांगों को उनके समक्ष प्रभावशाली ढंग से रखा। इस मुलाकात ने प्रदेश के हजारों पेंशनरों की उम्मीदों को नई दिशा दी है, वहीं सरकार की संवेदनशीलता भी स्पष्ट रूप से सामने आई। प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष आत्मा राम के नेतृत्व में पहुंचे सदस्यों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय चुनौतियों और आरडीजी बंद होने जैसी परिस्थितियों के बावजूद कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर ऐतिहासिक निर्णय लिया था।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ओपीएस लागू करने हेतु 1600 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता रोक दी गई है, जिससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ा है।



सीएम सुक्खू से मिलता हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल

### कई लंबित मामलों का हो चुका निपटारा: सीएम

**सीएम** ने आगे कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के संशोधित वेतनमान से जुड़े सभी बकाया भुगतान कर दिए गए हैं। साथ ही, 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के लंबित मामलों का भी पूर्ण निपटारा कर दिया गया है। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान सहित फ्रंट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# जनजातीय पंचायत शिगारचा बनी किन्नौर की पहली निर्विरोध पंचायत

## चंद्रकला को सर्वसम्मति से चुना प्रधान, संजीव को उपप्रधान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, किन्नौर/शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से अक्सर एकता व भाईचारे की मिसालें सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार किन्नौर के दूरदराज इलाके शिगारचा ने लोकतंत्र की ऐसी तस्वीर पेश की है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गई है। यहां ग्रामीणों ने आपसी सहमति और समझदारी का परिचय देते हुए बिना किसी चुनावी मुकाबले के ही पंचायत का गठन कर दिया। ग्राम पंचायत शिगारचा के ग्रामीणों ने एक विशेष बैठक आयोजित कर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से चयन किया। बैठक में व्यापक चर्चा के बाद चंद्रकला को प्रधान और संजीव को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा पंचायत के पांचों वार्डों में भी निर्विरोध प्रतिनिधियों का चयन हुआ, जिनमें मंगला देवी, वरुण, अजय कुमार, सीमा देवी और राज कुमारी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

हाल ही में रूपी पंचायत से अलग होकर अस्तित्व में आई शिगारचा पंचायत ने अपने गठन के साथ ही एक नई परंपरा की शुरुआत की है। ग्रामीणों ने न केवल निर्विरोध चुनाव किया, बल्कि यह भी तय किया कि भविष्य में भी पंचायत के प्रतिनिधियों का चयन आपसी सहमति से ही किया जाएगा, ताकि गांव में एकता और भाईचारा बना रहे। इस पहल से जहां चुनावी खर्च बचेगा, वहीं विकास कार्यों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

### सामूहिक निर्णय की पेश की मिसाल

**ग्रामीणों** ने पांच वर्ष बाद प्रधान और उपप्रधान पदों को अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं से जोड़कर संतुलन बनाए रखने का भी निर्णय लिया है। शिगारचा पंचायत का यह कदम सशक्त लोकतंत्र, सामाजिक सौहार्द और सामूहिक निर्णय की मिसाल बनकर उभरा है, जिसकी सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है।

# बम से उड़ाने की धमकी मिली तो दौड़कर स्कूल पहुंचे अभिभावक



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब शहर के कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की खबर सामने आई। जानकारी के अनुसार चेल्सी, दयानंद, सेंट थॉमस और डीएवी सहित कई शिक्षण संस्थानों को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई। खबर फैलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत एहतियात बरतते हुए अभिभावकों को संदेश भेजा और बच्चों को सुरक्षित घर ले जाने के निर्देश दिए। धमकी की सूचना मिलते ही अभिभावक घबराकर स्कूलों की ओर दौड़ पड़े और अपने बच्चों को लेकर वापस लौट गए। हालात को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। एसपी शिमला ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और सभी स्कूल परिसरों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, जिससे राहत की सांस ली गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें और घबराएं नहीं। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया है।

### सुरक्षित घर लौटे बच्चे

**इस** पूरे घटनाक्रम के बीच सोमवार का दिन शहर के लिए एक तरह से 'सफेद दिन' साबित हुआ, क्योंकि बड़ी आशंका के बावजूद कोई अनहोनी नहीं हुई और सभी बच्चे सुरक्षित अपने घर लौट आए। अब पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि धमकी देने के पीछे कौन लोग शामिल हैं।

# ओलावृष्टि-आंधी ने मिलकर बरपाया कहर

## ओलों की मार से खेत उजड़े; किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, तूफान ने उड़ाईं घरों की छतें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने विकराल रूप दिखाते हुए लोगों की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया। सोमवार दोपहर बाद कई क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि और आंधी ने मिलकर ऐसा कहर बरपाया कि खेतों में खड़ी फसलें मानो पलभर में उजड़ गईं। तेज तूफानी हवाओं ने घरों की छतें उखाड़ दीं, पेड़ गिरा दिए और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। पहाड़ों में बिखरे ओलों की सफेदी ने जहां दृश्य को भयावह बना दिया, वहीं किसानों के चेहरों पर मायूसी की गहरी लकीरें खींच दीं।

जानकारी के अनुसार ओलावृष्टि का सबसे अधिक असर शिमला जिला के चौपाल, नेरवा, ठियोग, नारकंडा और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला, जहां सेब, मटर और अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें ओलों की मार से जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। कई स्थानों पर एंटी-हेल नेट और बांस के सहारे भी इस प्राकृतिक मार को नहीं झेल पाए और टूटकर गिर गए, जिससे नुकसान और बढ़ गया।

तेज आंधी ने हालात को और भी भयावह बना दिया। नेरवा क्षेत्र के शकराना गांव में एक मकान की छत तूफान के चलते पूरी तरह उखड़ गई, जबकि कई अन्य घरों को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर पेड़ गिरने और भूस्खलन की घटनाओं ने यातायात को बाधित कर दिया। सोलन-मांडपल मार्ग पर लैंडस्लाइड के कारण एक वाहन चपेट में आ गया, हालांकि गनीमत रही कि उसमें सवार व्यक्ति सुरक्षित बच निकला।

प्रदेश में मौसम के इस बदले मिजाज ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं किसानों के सामने आजीविका का संकट भी खड़ा कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम नहीं संभला तो नुकसान और बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लानी होगी, ताकि प्रभावित लोगों को समय पर सहायता मिल सके और नुकसान की भरपाई की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।



### कुछ दिन ऐसे ही चलता रहेगा बारिश का दौर

**मौसम** विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शिमला, सोलन, सिरमौर और मंडी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रह सकता है। बीते 24 घंटों के दौरान कई क्षेत्रों में भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में भी भारी गिरावट आई और मौसम अचानक ठंडा हो गया।

# तीन राज्यों में मोदी नेतृत्व पर लगी मुहर: परमार

## सुशासन-विकास की राजनीति को मिला जनसमर्थन, भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ जनता का फैसला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश कार्यालय दीप कमल, चक्कर में तीन राज्यों में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर विपिन परमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की मजबूत मुहर है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आज भी मोदी नेतृत्व पर विश्वास जता रही है और भाजपा की नीतियों को व्यापक समर्थन मिल रहा है। विपिन परमार ने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और भाजपा की विचारधारा की स्पष्ट विजय है। उन्होंने पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 15 वर्षों बाद सत्ता परिवर्तन के संकेत साफ दिखाई दे रहे हैं और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की विदाई लगभग तय मानी जा रही है। उनके अनुसार, इस बार जनता ने क्षेत्रीय राजनीति से ऊपर उठकर विकास, पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता दी है, जिससे बंगाल में ऐतिहासिक परिवर्तन की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता के पीछे सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ जनआक्रोश, तथा पार्टी का मजबूत संगठनात्मक ढांचा प्रमुख कारण रहे हैं। बूथ स्तर तक पहुंच और प्रभावी रणनीति ने चुनाव परिणामों में निर्णायक भूमिका निभाई है। विपिन परमार ने विश्वास जताया कि यह जीत देश की राजनीति की दिशा तय करेगी और भाजपा को आने वाले समय में और अधिक मजबूती प्रदान करेगी, साथ ही जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह विकास और सुशासन की राजनीति को ही प्राथमिकता देती है।

### पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

# कोटखाई में मनाया भाजपा की जीत का जश्न

अनंत ज्ञान

**शिमला।** पश्चिमी बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर कोटखाई बाजार में भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं और पार्टी के पक्ष में नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। पूरे बाजार क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर युवा भाजपा नेता चेतन बरागटा ने कहा कि यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास और विकासोन्मुखी नीतियों की जीत है। उन्होंने सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को इस गौरवपूर्ण सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा का यह विजय अभियान देश को नई दिशा देने का कार्य करेगा।



कोटखाई बाजार में भाजपा कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए।

# नगर परिषद रामपुर बुशहर में सभी नामांकन पत्र सही

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर बुशहर के आगामी 17 मई को होने जा रहे चुनावों को लेकर चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। चुनाव प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई, जिसमें अधिकांश उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान चुनाव अधिकारियों ने सभी उम्मीदवारों के दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा किया। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और चुनावी गतिविधियां अब और अधिक तेज हो गई हैं। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी अब अपने-अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। विभिन्न वार्डों में बैठकों का दौर शुरू हो गया है और प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में भी नगर परिषद चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। नगर परिषद के विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं को लेकर इस बार चुनाव में मुद्दे प्रमुख रहने की संभावना जताई जा रही है।

◆ **17 मई को होने वाले चुनावों को लेकर चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म**

**सियासत** टिकट न मिलने की नाराजगी बनी संकट की वजह, नगर निगम चुनाव में बगावत से बढ़ी मुश्किलें

# निर्दलीयों की चुनौती ने बिगाड़े कांग्रेस के समीकरण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में होने जा रहे नगर निगम चुनावों के बीच कांग्रेस के भीतर उभरता असंतोष अब खुलकर चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ ही कई नेता और कार्यकर्ता निर्दलीय उम्मीदवार बनकर मैदान में उतर गए हैं, जिससे संगठन की एकजुटता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह स्थिति न केवल चुनावी रणनीति को कमजोर कर रही है, बल्कि कांग्रेस के लिए राजनीतिक संतुलन बनाए रखना भी कठिन होता जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि दरअसल, टिकट वितरण के बाद उपजी नाराज़गी ने पार्टी के भीतर बगावत का रूप ले लिया है। जिन नेताओं को टिकट नहीं मिला, वे अब निर्दलीय चुनाव लड़कर पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों को सीधी टक्कर दे रहे हैं।

इससे कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक बिखरने का खतरा बढ़ गया है और विपक्ष को भी इसका सीधा लाभ मिलने की संभावना बन रही है। नगर निगम चुनाव जैसे अहम मौके पर यह अंदरूनी कलह कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। संगठनात्मक मजबूती के बजाय असंतोष और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हावी होती दिख रही हैं।

यदि समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो यह बगावत चुनाव परिणामों पर गंभीर असर डाल सकती है और पार्टी की साख को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

जानकारों की मानें तो यह केवल स्थानीय स्तर का विवाद नहीं है, बल्कि संगठनात्मक अनुशासन की परीक्षा भी है। कांग्रेस के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह न केवल असंतुष्ट नेताओं को साधे, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं में भरोसा और एकजुटता भी कायम रखे। ऐसे हालात में नेतृत्व की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।





### अनुशासनहीनता करने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई : विनय कुमार



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने स्पष्ट संदेश देते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे संगठन के फैसले का सम्मान करें और अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव मैदान से हट जाएं। उन्होंने दो टूक कहा है कि जो भी पार्टी निर्णय के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। विनय कुमार ने संगठन को सर्वोपरि बताते हुए यह भी कहा कि चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान दिया जाएगा और पार्टी मुख्यालय का चुनाव वॉर रूम पूरी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

# शिमला सीटीओ में मनाया भाजपा की जीत का जश्न

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक सीटीओ चौक पर सोमवार को उस समय उत्सव का माहौल देखने को मिला, जब पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने भव्य जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की थाप, नारों की गूंज और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई देने का सिलसिला देर तक चलता रहा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विनोद कुमार सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद कुमार ने कहा कि यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि देश की जनता के अटूट विश्वास, राष्ट्रवाद की भावना और विकास की नीति पर लगी मुहर है। उन्होंने कहा कि बंगाल की धरती पर जो परिवर्तन की लहर उठी, वह वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार, हिंसा और अव्यवस्था के विरुद्ध जनआक्रोश का परिणाम है। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा कि गलियों में छाया केसरिया रंग केवल एक रंग नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और बदलाव की आकांक्षा का प्रतीक है, जिसने अंततः विजय का मार्ग प्रशस्त किया।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नए युग की ओर अग्रसर है, जहां सुशासन और विकास सर्वोच्च प्राथमिकता बन चुके हैं। जनता का भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास ही इस ऐतिहासिक विजय का आधार बना है। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह जीत आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और अधिक गति प्रदान करेगी, जिससे भारत नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा।

# 51 निकायों में 1426 प्रत्याशी मैदान में

## 3.60 लाख मतदाता करेंगे मतदान, युवा भी दिखाएंगे दम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासी हलचल अपने चरम पर पहुंच गई है। राज्य के 51 नगर निकायों में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब छंटनी का दौर चल रहा है, जिसमें गलत पाए जाने वाले आवेदन खारिज किए जा रहे हैं।

इस बार 449 पार्षद पदों के लिए कुल 1426 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है, जिससे मुकाबला बेहद रोचक और कांटे का हो गया है। कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 269 उम्मीदवार मैदान में हैं, जो इस चुनाव की तीव्रता को दर्शाता है।

सूत्र बताते हैं कि चुनाव प्रक्रिया के तहत 6 मई को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, जहां उम्मीदवार दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे और असली मुकाबले की तस्वीर साफ होगी। खास बात यह है कि राज्य के छह वार्डों में एक-एक नामांकन आने के कारण निर्विरोध चुनाव की स्थिति बन गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नामांकन वापसी के बाद ही होगी। मतदाताओं की बात करें तो इस बार कुल 3 लाख 60 हजार 859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1,80,963 पुरुष, 1,79,882 महिला और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं।



पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की संख्या भी उल्लेखनीय है, जहां 1808 नए मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेंगे। 17 मई को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा और नगर पंचायत व नगर परिषद के परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि नगर निगमों के नतीजे 31 मई को आएंगे। बताते हैं कि प्रदेश में जिन चार नगर निगमों में चुनाव होना है, उनमें मंडी, धर्मशाला, सोलन और पालमपुर शामिल हैं। इसके अलावा चंबा, बिलासपुर, कुल्लू, कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, सिरमौर, ऊना, सोलन और शिमला जिलों के विभिन्न नगर परिषदों और नगर पंचायतों में भी चुनावी रण सजा हुआ है। हर जिले में राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रहे हैं, जिससे चुनावी समीकरण लगातार बदलते नजर आ रहे हैं।

### प्रदेश के कई जिलों में भी जोरदार टक्कर

**अगर** जिलावार आंकड़ों पर नजर डालें तो कांगड़ा में 269, मंडी में 214, शिमला में 167, सोलन में 158, ऊना में 137, कुल्लू में 125, चंबा में 113, बिलासपुर में 96, सिरमौर में 92 और हमीरपुर में 55 उम्मीदवार मैदान में हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि हर जिले में मुकाबला बेहद दिलचस्प और प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है, जहां छोटी-छोटी सीटों पर भी कड़ा संघर्ष देखने को मिलेगा।

### सत्ता की दिशा तय करेगा निकाय चुनाव

**यह** मुकाबला सीधे तौर पर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा है। पार्टी चिन्ह पर होने वाले इन चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। स्थानीय मुद्दों से लेकर विकास और जनविश्वास तक, हर पहलू पर सियासत गरमाई हुई है, जिससे यह चुनाव न केवल स्थानीय निकायों बल्कि प्रदेश की भविष्य की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

# 12वीं में सरकारी स्कूलों ने मारी बाजी: रोहित

## शिक्षा मंत्री बोले- छात्राओं का दबदबा बरकरार, दी बधाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों ने इस वर्ष सफलता की नई मिसाल कायम की है। कुल 81,417 विद्यार्थियों में से 74,637 के सफल होने के साथ राज्य का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.02 दर्ज किया गया, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में हो रहे निरंतर सुधारों और ठोस प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम बताया। उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार मेरिट सूची में सर्वाधिक स्थान सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हासिल किए हैं। यह दर्शाता है कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता सुधार के लिए उठाए गए कदम अब रंग ला रहे हैं। मंत्री ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों की ईमानदार प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग को देते हुए कहा कि इन तीनों के सामूहिक प्रयासों ने प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि परिणामों में छात्राओं ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है।



◆ 40,281 छात्राओं में से 37,749 हुईं पास

40,281 छात्राओं में से 37,749 सफल रहीं, जबकि 40,828 छात्रों में से 36,888 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षा मंत्री ने इसे प्रदेश की बेटियों की दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रतिभा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम, ऊंचे लक्ष्य और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# धबड़याणा के पास खाई में गिरी कार, 2 लोगों की मौत

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले को विधानसभा बड़हर के अंतर्गत आने वाले संपर्क मार्ग बड़सर-गारली क्षेत्र के धबड़याणा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। अनियंत्रित होकर एक कार गहरी खाई में जा गिरी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इस भीषण हादसे में कार सवार चार लोगों में से 1 व्यक्ति की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार धबड़याणा के पास अचानक अपना संतुलन खो बैठी और सीधे खाई में जा गिरी।

◆ दुर्घटना में दो व्यक्ति हुए घायल

दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुँचे और राहत कार्य शुरू किया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद खाई से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों में बताया कि जिस स्थान पर यह सड़क हादसा हुआ है वहां चीड़ की पत्तियां गिरी हुई थी हो सकता है की गाड़ी इन्हीं चीड़ की पत्तियां पर से स्किट होने के चलते गहरी खाई में गिर गई। सूचना मिली है कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल एक और व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी बडसर लालमन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है, सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शव पोस्टमार्टम करवा कर परिवार जनों को सौंप दिए हैं।

### हिमाचल विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया राजस्थान पहुंचे

# जयपुर में छह राज्यों के शीर्ष प्रतिनिधि करेंगे समितियों की कार्यप्रणाली पर मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां पीठासीन अधिकारियों की समिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए आज अपराह्न चंडीगढ़ से वायु मार्ग द्वारा जयपुर पहुँचे। जयपुर आगमन पर राजस्थान सरकार और विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

वासुदेव देवनानी ने कांस्टीट्यूशन क्लब में स्वयं उनकी अगवानी कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए अभिनंदन किया। यह बैठक 5 मई 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे कांस्टीट्यूशन क्लब, जयपुर में आयोजित होगी, जिसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य विधान मंडलों की समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श करना है, ताकि विधायी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूती मिल सके। बैठक के दौरान विभिन्न राज्यों के अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा और सुझावों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां भी अपने विचार रखेंगे, जबकि विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा की उपस्थिति भी बैठक को और महत्वपूर्ण बनाएगी।



कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते राजस्थान विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

# प्रकृति ने टॉप-10 में झटका 5वां स्थान

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** नाचन हलके के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटगढ़ की प्रकृति ने जमा 2 कक्षा के कला संकाय की परीक्षा में प्रदेश के टॉप टेन में पांचवा स्थान पाया है। प्रकृति ने 492/500, 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रकृति के पिता सोहन लाल सरकारी स्कूल में टीजीटी आर्ट्स के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि माता वीना देवी गृहिणी है। इस सफलता के लिए छात्रा प्रकृति ने अपने माता पिता और गुरुजनों को श्रेय दिया है। प्रकृति का कहना है वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने बताया कि प्रकृति की इस कामयाबी से हटगढ़ स्कूल पूरे प्रदेश में कला संकाय विषय में अबल आया है। इसके लिए स्कूल के प्रवक्ताओं का मार्गदर्शन और प्रकृति की मेहनत है। इस मौके पर प्रकृति को स्कूल प्रशासन ने सम्मानित भी किया। टॉप 10 में बेटी का नाम सुनकर जहां माता विना देवी की आंखें भर आई, वहीं पिता सोहन लाल भी भावुक हो गए। बेटी की इस सफलता के लिए उन्होंने उसे ढेर सारी बधाई और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया गया।

◆ आईएएस अधिकारी बनना चाहती है हटगढ़ स्कूल की छात्रा

# बिलासपुर में नशे पर पुलिस का डंडा, होटल से 5 पकड़े

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में नशे के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसते हुए महज 24 घंटे के भीतर दो ताबड़तोड़ कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। चिट्टा तस्करी और सेवन में लिप्त लोगों पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पहले मामले में पुलिस को एक स्थानीय होटल में संदिग्ध गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना थी कि कमरे में ठहरे कुछ युवक-युवतियां चिट्टा के सेवन या कब्जे में हो सकते हैं।

बिना देर किए पुलिस ने टीम गठित कर होटल पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान कमरे से तीन युवक और दो युवतियां पकड़े गए, जिनके पास से 15.85 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरी कार्रवाई मंडी मानवा क्षेत्र में की गई, जहां चिट्टा सेवन की सूचना पर पुलिस ने तुरंत दबिश दी। मौके से एक व्यक्ति को काबू किया गया, जिसके पास से 5.38 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। हालांकि, इस दौरान उसका एक साथी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

दोनों मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि नशे की सप्लाई चेन का खुलासा किया जा सके। एसपी संदीप धवल ने साफ कहा है कि जिले में नशे के खिलाफ यह अभियान और तेज किया जाएगा और किसी भी सूरत में नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

# अनुराग ठाकुर बोले-बंगाल में भाजपा की प्रचंड विजय, सोनार बांग्ला का सूर्योदय

## तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत मोदी पर बढ़ते भरोसे का प्रमाण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जनता के लगातार बढ़ते विश्वास का प्रमाण बताया है। अनुराग ने कहा कि पार्टी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल कर देश की राजनीति में नया अध्याय लिखा है। यह विजय भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, समर्पण, संगठनात्मक क्षमता और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को जन-जन तक पहुंचाया है, जिसके कारण जनता ने भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है।



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की यह जीत सोनार बांग्ला के सुनहरे भविष्य का सूर्योदय है, जहां भय और हिंसा की राजनीति पर लोकतंत्र और जनविश्वास की जीत हुई है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार व माफियाराज को नकारते हुए विकास और सुशासन का रास्ता चुना है। यह जनादेश स्पष्ट संदेश देता है कि जनता अब बदलाव चाहती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए बंगाल का निर्माण देखना चाहती है।

अनुराग ने कहा कि बंगाल अब ममता सरकार के माफियाराज और राजनीतिक हिंसा से मुक्त होकर विकास, निवेश, रोजगार और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास, आधारभूत ढांचे के विस्तार, युवाओं के अवसर, महिलाओं की सुरक्षा और गरीब कल्याण के लिए तेजी से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और स्वामी विवेकानंद के सपनों का समृद्ध, सांस्कृतिक और आत्मनिर्भर बंगाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा बंगाल की संस्कृति, बंगाली अस्मिता और राष्ट्रीय गौरव को सहेजने तथा राज्य को नई पहचान देने का कार्य करेगी। अनुराग ने कहा कि यह विजय उन हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, धमकियों और अत्याचारों के बावजूद लोकतंत्र की लड़ाई जारी रखी। अनेक कार्यकर्ताओं ने पार्टी और विचारधारा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश हमेशा याद रखेगा।

# कोविड काल में रिटायर्ड कर्मियों के साथ अन्याय पर उठा बड़ा सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने कोविड काल के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के साथ हुए आर्थिक नुकसान को लेकर एक बार फिर बड़ा मुद्दा उठाया है। महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर मांग की है कि 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए संशोधित महंगाई भत्ते के आधार पर ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण की पुनर्गणना की जाए।

◆ संशोधित महंगाई भत्ते के आधार पर ग्रेच्युटी व अवकाश नकदीकरण पुनर्गणना की मांग तेज

महासंघ का कहना है कि कोविड अवधि के दौरान महंगाई भत्ते (डीए) को फ्रीज किए जाने के कारण कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों में भारी कमी आई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। केंद्र सरकार ने इस समस्या को समझते हुए अपने कर्मचारियों को राहत देते हुए संशोधित डीए के आधार पर ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट की पुनर्गणना की अनुमति दी है, जिससे उनके वित्तीय नुकसान की भरपाई हो सकी, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों को अब तक यह लाभ नहीं मिल पाया है, जबकि वे भी उसी परिस्थिति से प्रभावित हुए थे। महासंघ ने इसे स्पष्ट रूप से असमानता का मामला बताते हुए कहा है कि राज्य के कर्मचारी भी समान अधिकार और न्याय के हकदार हैं। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान और महासचिव हीरा लाल वर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार के फैसले को आधार बनाते हुए राज्य सरकार भी इसी तर्ज पर निर्णय ले। उनका कहना है कि यह लंबे समय से लंबित मांग है और इससे हजारों पेंशनरों को राहत मिलेगी। महासंघ ने उम्मीद जताई है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर सकारात्मक रुख अपनाएगी और कर्मचारियों के हित में जल्द निर्णय लेकर न्याय सुनिश्चित करेगी।

## सरकाघाट में चिट्टे संग पकड़े आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में नशे के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। यह कार्रवाई 1 मई को नगला क्षेत्र में 6 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़े गए विशाल कुमार से पूछताछ के आधार पर हुई। पुलिस ने 3 मई की रात छापेमारी कर तीनों को हिरासत में लिया। जांच के दौरान आरोपियों को एक दुकान में नशा करते पाया गया। मौके से फ्यूल पेपर सहित अन्य सामग्री बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई है, जबकि यूरिन सैंपल भी लिए गए हैं। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच में जुटी है और जल्द बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है। डीसीपी संजीव गौतम ने बताया की पुलिस की टीम ने चिट्ठे का सेवन करते हुए सरकाघाट बस स्टैंड में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है इस दौरान पुलिस इन्हें चिट्टा सोर्स का भी पता लगाएगी।

# एचपीयू में सांस्कृतिक महोत्सव शुरू

## पहले दिन छात्र एकता और साझी विरासत को सशक्त करने का संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में एसएफआई एचपीयू इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। परिसर सचिव ने मुख्य अतिथि गौहर रज़ा, विशेष अतिथि निरंजना जरैत और गेस्ट ऑफ ऑनर राज्य सचिव सनी का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों के बीच धर्म, जाति, संस्कृति और क्षेत्र के आधार पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों का जवाब देना है। उन्होंने कहा कि एसएफआई द्वारा यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की सांझी संस्कृति, सांझी विरासत और साझा संघर्ष की परंपरा को मजबूत करने का प्रयास है। कार्यक्रम में लगभग 450 छात्र प्रतिभागी शामिल हुए, जिनके लिए 50 से अधिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौहर रज़ा ने अपने संबोधन में विज्ञान और तर्कशीलता पर बढ़ते हमलों को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने वाला आधार है और वैज्ञानिक सोच कमजोर होने पर समाज अंधविश्वास की ओर बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में संस्कृति और धर्म को राजनीति से जोड़कर समाज में विभाजन पैदा किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नफरत और विभाजन के खिलाफ खड़े होकर एकता, भाईचारे और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों और प्रतिभागियों ने समाज में जागरूकता और एकजुटता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

◆ युवाओं से विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान

**सियासत** | पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम में 15 प्रत्याशियों की जीत का किया दावा

# भाजपा का ही रहेगा नगर निगम मंडी : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि मंडी नगर निगम भाजपा की थी और भाजपा की ही रहेगी। मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जयराम ठाकुर ने नगर निगम मंडी में फिर से भाजपा की जीत का दावा किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार ने हमेशा से ही मंडी जिला के साथ भेदभाव किया और उसका करारा जवाब अब यहां की जनता देने वाली है।

यदि प्रदेश सरकार का वश चले तो वे मंडी जिला को ही हिमाचल के मानचित्र से मिटा दें। पूर्व में जब भाजपा की सरकार थी तो उस दौरान मंडी नगर के विकास के लिए 15 करोड़ की धनराशि जारी की गई थी जिसे सत्ता परिवर्तन होते ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने वापिस ले लिया था। मंडी की जनता ने प्रदेश सरकार के शासनकाल में बहुत से अपमान सहे हैं जिनका अब जबाव देने का समय आ गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल से पूरे प्रदेश की जनता बूरी तरह से त्रस्त है। अब तो कांग्रेस के नेता भी खुले मंच से अपनी सरकार की खामियां गिनाने लग गए हैं। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर का हालिया बयान इसका जीता जागता उदाहरण है। प्रदेश सरकार के सीएम और मंत्रियों को अभी भी समय रहते संभल जाना चाहिए। प्रदेश में नगर निकाय और पंचायतों के जो चुनाव हो रहे हैं उसके परिणाम आते ही प्रदेश भर में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फैंकने का अभियान शुरू होने जा रहा है।



### मंडी भाजपा का अभेद्य किला

**जयराम** ठाकुर ने दो टूक शब्दों में कहा कि मंडी नगर निगम भाजपा का अभेद्य किला रहा है। अब यहां की जनता वर्तमान सरकार के 'सौतेले व्यवहार' और 'अपमान' का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार बैठी है। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार का यदि बस चले, तो वे मंडी जिले का अस्तित्व ही हिमाचल प्रदेश के मानचित्र से मिटा दें, जो उनके द्वेषपूर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### कांग्रेस सरकार ने राज्य को निराशा के गहरे गर्त में धकेला

**प्रदेश** की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल ने राज्य को निराशा के गहरे गर्त में धकेल दिया है, जहां अब आम जनता तो दूर, खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री, जैसे कौल सिंह ठाकुर, सार्वजनिक मंचों से अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं और खामियां गिना रहे हैं। जयराम ठाकुर ने इस दौरान अधिकारियों को भी कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि वे केवल मुख्यमंत्री को खुश करने के लिए नियम विरुद्ध कार्य न करें, अन्यथा भविष्य में उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि वे जिस भी राज्य में कांग्रेस के स्टार प्रचारक बनकर गए, वहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया और भाजपा की सरकार बनी, जो उनकी विफल कार्यशैली का राष्ट्रीय प्रमाण है। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी, विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, निवर्तमान मेयर वीरेंद्र भट्ट, मंडी के सह प्रभारी भीमसेन शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने पड्डल मैदान में मनाया भाजपा की विजय का जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में जश्न मनाया और मिठाइयां बांटी। ढोल-नगाड़ों की धुन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जमकर थिरके। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला है। भाजपा लंबे समय से इस जीत के लिए काम कर रही थी। ममता सरकार की गुंडागर्दी, अराजकता, भ्रष्टाचार और हिंसा से लोग त्रस्त थे। बंगाल के लोगों ने नरेंद्र मोदी की करिश्माई व विकासवादी राजनीति को देखा और उस पर मुहर लगाई। नरेंद्र मोदी की बात पर बंगाल के लोगों ने भरोसा किया और भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया। असम और पुडुचेरी में भी जनता जनार्दन ने भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद और सम्मान दिया है। इस प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव प्रचार में लगे सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और देवतुल्य जनता को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ। बंगाल में मोदी की विकासवादी राजनीति से विकास के नए आयाम लिखे जाएंगे और बंगाल की जनता अराजकता, भय, भ्रष्टाचार और हिंसा की राजनीति से मुक्त होगी।

# लोगों ने बंगाल में बदलाव के पक्ष में दिया जनादेश : चेतन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक जनादेश पर भाजपा नेता चेतन बरागटा ने प्रदेश की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे जनशक्ति, विश्वास और सुशासन की राजनीति की विजय बताते हुए कहा कि बंगाल की जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान कर भाजपा पर अपना भरोसा जताया है। उनके अनुसार यह जनादेश प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण की दिशा में एक नई शुरुआत का संकेत है, जो आने वाले समय में राज्य की दिशा और दशा दोनों को बदलने का मार्ग प्रशस्त करेगा। बरागटा ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन और उनके विकासपरक विजन को दिया। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने देशभर में जनविश्वास को मजबूत किया है, जिसका प्रभाव पश्चिम बंगाल में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए कार्य करेगी और राज्य में अवसर, सम्मान एवं सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने असम और पुडुचेरी में भी भाजपा को मिले जनसमर्थन के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इन सभी राज्यों में विकास की नई ऊंचाइयां स्थापित होंगी और जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरा जाएगा।



# जमा दो रिजल्ट में तीन मेरिट, 121 विद्यार्थी काबिज

## तीनों मेरिट में लड़कियां, लड़कों से चार गुना अधिक, 99 स्थानों पर लड़कियों का कब्जा, लड़के 22 तक सिमटे

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार। धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को घोषित जमा दो तीनों संकायों, कला, विज्ञान व कॉमर्स के परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने दबदबा बनाया है। लड़कियों ने जमा दो के परिणाम में तीनों संकायों की मेरिट में लड़कों से चार गुणा अधिक स्थानों पर कब्जा जमाया है। लड़कियों ने जमा दो की टॉप टेन मेरिट में 121 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है, जिनमें 99 लड़कियां और 22 लड़के शामिल हैं। पिछले लंबे समय से दसवीं व जमा दो के परीक्षा परिणाम में लड़कियां दबदबा बनाती आई हैं, यह सिलसिला इस बार घोषित जमा दो के परिणाम में भी जारी रहा। इस बार भी राज्य भर में बेटियों ने एक बार फिर देवभूमि में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

**सरकार व निजी स्कूलों में कांटे की टक्कर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो तीनों संकायों के परिणाम में सरकारी व निजी स्कूलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। तीनों संकायों की मेरिट के 121 स्थानों में से 61 पर सरकारी व 60 पर निजी स्कूल रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में घोषित परिणामों में निजी स्कूलों का दबदबा रहा है। हालांकि इस बार एक ही स्थान पर सरकारी स्कूलों ने निजी से बढ़त बनाई है, लेकिन यह कहना गलत न होगा कि इस बार सरकारी स्कूलों के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसमें बोर्ड के प्रयासों को भी नकारा नहीं जा सकता।

### पिछले वर्षों से बेहतर परिणाम

**पहली** बार कोविड काल को छोड़कर अब तक के इतिहास में हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का बेहतरीन परिणाम रहा है। वर्ष 2023 में 79.06 प्रतिशत, 2024 में 74.05, 2025 में 83.16, व 2026 में 92.02 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। इस बार बोर्ड की ओर से बड़े सुधार परीक्षा प्रणाली में किए गए थे। जिसमें तीनों ही प्रश्न पत्र सीरीज में एक जैसे ही प्रश्न आगे-पीछे करके दिए गए थे, जबकि एमसीक्यू के 20 फीसदी प्रश्न भी शामिल किए गए थे।

## प्लस टू मेरिट में कांगड़ा 32 टॉपर्स के साथ टॉप पर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्लस टू मेरिट में कांगड़ा जिला 32 टॉपर्स के साथ आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स की मेरिट में प्रदेश भर में टॉप पर रहा है। 24 मेधावियों के साथ ऊना जिला दूसरे, जबकि मंडी जिला 15 मेधावी भी मेरिट में शुमार हैं। जिला कांगड़ा की बात करें तो यह प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। ऐसे में शिक्षा क्षेत्र में भी जिला के मेधावी अपना लोहा पिछले कुछ वर्षों से मनवाते आ रहे हैं, जिसका क्रम इस वर्ष घोषित प्लस टू रिजल्ट में भी बरकरार है। हालांकि अन्य जिलों का प्रदर्शन भी स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्लस टू मेरिट में अच्छा रहा है, लेकिन जिला कांगड़ा के मेधावियों ने अपना जलबा बरकरार रखा है। प्रदेश भर के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद कांगड़ा जिला 32 टॉपर्स के साथ सूची में पहले स्थान पर रहा है। विशेष बात यह है कि कांगड़ा ने अपना पुराना दबदबा कायम रखते हुए पिछले साल की तरह इस बार भी प्रदेश में सबसे ज्यादा टॉपर देने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। पिछले वर्ष के परीक्षा परिणामों में भी जिला कांगड़ा से सर्वाधिक विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई थी और इस वर्ष भी 32 मेधावियों के साथ कांगड़ा ने अपनी बढ़त बनाए रखी है।

### ऊना व मंडी का भी दिखा दम, हमीरपुर ने दिए 12 टॉपर्स

**मेरिट** सूची में कांगड़ा के बाद ऊना जिला 24 टॉपर्स के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि मंडी जिला 15 मेधावियों के साथ तीसरे पायदान पर काबिज हुआ। प्रदेश के निचले क्षेत्रों के साथ-साथ पहाड़ी जिलों के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं शिक्षा बोर्ड की इस मेरिट लिस्ट में हमीरपुर जिला 12 टॉपर्स के साथ चौथे स्थान पर रहा। वहीं, सोलन और बिलासपुर जिलों के 9-9 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाकर संयुक्त रूप से 5वां स्थान हासिल किया। इसके बाद छठे स्थान पर संयुक्त रूप से शिमला, कुल्लू व चंबा जिले रहे, जबकि सिरमौर जिला सातवें पायदान पर रहा।

### करीब 2 फीसदी अंकों के अंतर से 76 विद्यार्थी ओवरऑल मेरिट में

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं में ओवरऑल टॉप-10 मैरिट सूची में शामिल छात्रों में शामिल होने को छात्रों में खूब कांटे की टक्कर देखने को मिली है। मात्र 1.98 प्रतिशत यानी करीब दो फीसदी से कम अंकों में ही राज्य भर से 81 हजार से अधिक छात्रों में 76 छात्र टॉप-10 ओवरऑल मैरिट लिस्ट में शामिल होने में कड़ी टक्कर रही। इसमें भी हैरत करने वाली बात यह रही कि 99.02 से 97.04 प्रतिशत में ही 76 टॉपरों का फैसला हुआ। जिसमें 500 में से 496 से 487 के बीच ही 76 मेधावी टॉप-10 में शामिल हो पाए, जबकि इसके बाद वाले सभी छात्र बेहतरीन अंक होने के बावजूद मैरिट लिस्ट में शामिल होने से चूक गए। टॉप-10 ओवरऑल मैरिट सूची में मात्र पहले स्थान में कांगड़ा के अंशित कुमार 496 अंक 99.2 फीसदी के साथ अकेले टॉप पर रहे हैं। इसके अलावा दूसरे स्थान में दो, तीसरे स्थान में एक, चौथे स्थान में तीन, पांचवें में चार, छठे में 14, सातवें में आठ, आठवें में 14, नौवें में 16 व दसवें में 12 छात्र संयुक्त रूप से शामिल हुए।

## रितिका पठानिया ने हासिल किया 9वां स्थान



**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के फतेहपुर उपमंडल की वेह गुरिया गांव की बेटी रितिका पठानिया ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धमेटा की छात्रा रितिका ने आर्ट्स संकाय में 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। रितिका के पिता सुरेन्द्र सिंह सेवानिवृत्त सैनिक हैं और माता ऊषा रानी गृहिणी हैं। स्कूल के प्राचार्य राजीव कुमार और पूर्व प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। रितिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया और भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाकर देश सेवा करने का लक्ष्य बताया।

## रुशिल सूद ने मेरिट सूची में झटका 9वां स्थान



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारती विद्यापीठ विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। विशेष रूप से रुशिल सूद ने 486/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता से विद्यालय, शिक्षकों और परिवार में गर्व का माहौल है। रुशिल का सपना भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना है। विद्यालय के निदेशक नवनीत डोगरा और प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया।

## ठाकुर काशीराम स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, गगल।** ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलरिया और नीता राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान संकाय में 43 और कॉमर्स में 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विज्ञान संकाय में नमन ने 469 अंक लेकर प्रथम स्थान, अंशिका शर्मा ने 436 अंक लेकर दूसरा स्थान और हिमांशु ने 433 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में पुष्पिंदर और पतित 394 अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## डरोह की इष्टा मेरिट सूची में दसवें स्थान पर



**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट पाठशाला डरोह की छात्रा इष्टा ने जमा दो कक्षा की मेरिट सूची में प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल किया है। इष्टा ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इष्टा भविष्य में वकालत के क्षेत्र में जाकर देश और प्रदेश की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया। उनके पिता अनिल कुमार राणा खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं, जबकि माता सपना देवी गृहिणी हैं। स्कूल प्रबंधन ने भी इष्टा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## डाडासीबा स्कूल में आर्ट्स में समीक्षा अव्वल

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडा सीबा का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। स्कूल के तीनों संकाय–आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स–के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आर्ट्स संकाय में समीक्षा ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। साइंस में आकृति ने 472 अंक और कॉमर्स में कशिश ने 465 अंक लेकर टॉप किया। विशेष बात यह रही कि साइंस और कॉमर्स के सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## महाराणा प्रताप स्कूल का परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय सिहुंवा का 12वीं कक्षा कक्षा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य शालिनी राणा ने बताया कि सभी बच्चे अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। उन्होनें महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय की तरफ से बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## कोटला बेहड़ स्कूल के छात्रों का कमाल

## प्रदेश मेरिट सूची में सागर छठे और सिमरन दसवें स्थान पर



विद्यार्थियों को घर-घर जाकर शुभकामनाएं दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बेहड़ के लिए इस वर्ष 10+2 वार्षिक परीक्षा परिणाम गर्व का क्षण लेकर आया है। विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में शानदार स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वाणिज्य संकाय के छात्र सागर सिपेहिया ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठा स्थान, जबकि छात्रा सिमरन ने 481 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार धीमान ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपप्रधानाचार्य, वरिष्ठ प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी आशा रानी ने बताया कि शिक्षक राकेश शर्मा, बलकार कौशल और अखिल शर्मा ने विद्यार्थियों के घर जाकर उनके अभिभावकों का मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दीं।

## गढ़ जमुला स्कूल का बारहवीं का परिणाम रहा 98.4 प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10+2 कक्षा का परिणाम 4 मई को घोषित किया गया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमुला का परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम कुल 98.4 प्रतिशत रहा। कुल 61 विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 60 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और 43 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 6 बच्चों ने 90त्न से अधिक अंक हासिल किया जिसमें वंशिका कुमारी सुपुत्री राजेश कुमार ने 481 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, अरमान सुपुत्र राजकुमार ने 476 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया तथा प्रिंस सुपुत्र संजीव मिन्हास ने 471 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य मीनू सूद ने सभी बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्कूल के बेहतर परिणाम के लिए एसएमसी प्रधान विवेक गुलरिया और अन्य सदस्यों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त अध्यापक साथियों को बहुत–बहुत मुबारकबाद दी।

## न्यूगल स्कूल भवारना की छात्रा कृतिका ने कॉमर्स में प्रदेशभर में झटका 5वां स्थान

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा घोषित प्लस टू (12वीं) कक्षा के परीक्षा परिणाम में न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भवारना ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की होनहार छात्रा कृतिका शर्मा ने कॉमर्स स्ट्रीम में पूरे हिमाचल प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि कृतिका शर्मा ने इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कक्षा 10वीं में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन से कृतिका ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस उपलब्धि का श्रेय कृतिका शर्मा ने अपने गुरुओं, माता–पिता एवं अपनी निरंतर मेहनत को दिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में खुशी और उत्सव का माहौल है।

स्कूल के चेयरमैन अंकुर कटोच ने कृतिका शर्मा एवं उनके माता–पिता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल की प्रिंसिपल निशा गुलेरिया ने भी इस सफलता पर छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि कृतिका अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। वहीं डायरेक्टर अशोक कटोच ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे परिणाम स्कूल की गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाते हैं।

## सरकारी स्कूलों के प्रदर्शन पर एचजीटीयू ने जताई खुशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ (एचजीटीयू) ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में प्रदेश के सरकारी स्कूलों के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त की है। राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, महासचिव तिलक नायक, उपाध्यक्ष राजेश पराशर और प्रेस सचिव डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त बयान में कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यदि शिक्षकों को गैर–शैक्षणिक कार्यों और अतिरिक्त ड्यूटियों से मुक्त रखा जाए तो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सकती है। संघ ने मांग की कि शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य पर केंद्रित रहने दिया जाए ताकि भविष्य में भी सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन उत्कृष्ट बना रहे।

◆ **शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ कम करने की उठाई मांग**

## प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती आर्ट्स टॉपर शाम्या



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के सोमवार को घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में आर्टस में दाड़ी स्थित राजकीय माडल सीसे स्कूल की छात्रा शाम्या बडज़ात्या ने प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल किया है। शाम्या बडज़ात्या आगे चलकर आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं, जिसके लिए उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी है। 500 में से 494 अंक लेकर प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल करने वाली शाम्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के साथ प्रिंसिपल डा. भुवन शर्मा को दिया है। बकौल शाम्या जिस तरह से परिवार ने उसे हर कार्य में सहयोग किया, उसी तरह स्कूल प्रिंसिपल भी समय–समय पर उसका मार्गदर्शन करती हैं। स्कूल प्रिंसिपल के मार्गदर्शन में ही शाम्या वर्तमान में यूपीएससी की तैयारी में जुटी है। शाम्या का कहना है कि वह देश सेवा करना चाहती हैं, इसी के चलते प्रिंसिपल के मार्गदर्शन से वह यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने शाम्या सहित उसके परिवार को बेटी की सफलता पर बधाई दी है।

# ट्रक ड्राइवर की बेटी ने किया कमाल

## बाथू टिपरी स्कूल की रितिका ने 486 अंक लेकर झटाक 9वां स्थान

अनंत ज्ञान



बाथू टिपरी स्कूल की रितिका को मिठाई खिलाते हुए। अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाथू टिपरी की मेधावी छात्रा रितिका ने बारहवीं की परीक्षा में 500 में से 486 अंक प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश में 9वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रितिका की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। साधारण परिवार से संबंध रखने वाली रितिका ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह मुकाम हासिल किया। रितिका के पिता अनिल कुमार ट्रक ड्राइवर हैं, जबकि माता सरिता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। रितिका ने बताया कि वह रोजाना स्कूल से करीब 4 बजे घर पहुंचती थी। इसके बाद शाम 4 से 6 बजे तक आराम करने के बाद रात 8 बजे से 9:30 बजे तक पढ़ाई करती थी। इसके अलावा वह सुबह 3 बजे उठकर 6 बजे तक नियमित अध्ययन करती थी। उसने बताया कि उसका गांव भटेड़ (जिला ऊना) में स्थित है, जो जिला कांगड़ा की अंतिम सीमा से सटा हुआ है। स्कूल घर से लगभग 5 किलोमीटर दूर होने के बावजूद वह स्कूटी से नियमित स्कूल जाती थी। मेडिकल संकाय की छात्रा रितिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उसका सपना आगे चलकर प्रोफेसर बनना है और वह शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना चाहती है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने रितिका को विद्यालय में सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, 'रितिका ने यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य तय कर ईमानदारी से मेहनत की जाए तो कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

## साइंस संकाय में रिया ने झटका चौथा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में कांगड़ा वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धर्मशाला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा रिया दीवान ने विज्ञान संकाय में पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। रिया की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता–पिता के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधक आदर्श रानी बेदी, कपिल चहल और विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल वालिया ने रिया को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही उन्होंने ने सभी शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।



# न्यू इरा स्कूल की चार छात्राओं ने मेरिट में मारी बाजी

अनंत ज्ञान




न्यू इरा स्कूल की होनहार छात्राएं व अन्य। अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं की परीक्षा परिणाम में शाहपुर के न्यू ईरा स्कूल आफ साइंसेज छतडी का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा जिसमे चार छात्राओं ने प्रदेश भर में टॉप 10 में जगह बनाई द न्यू ईरा स्कूल का साइंसेज छतडी की छात्रा शायला कश्यप ने 495 अंक लेकर के विज्ञान संकाय में पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया शायला के पिता राहुल कुमार सेल्समेन का कार्य करते हैं और माता कुशल गृहणी हैं व घर पर ही कपड़े सिलने का कार्य करती हैं। शायला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों एवं अपने माता–पिता और दादी को दिया है। शायला नीट की परीक्षा पास करके डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है। वहीं स्कूल की छात्रा गुंजन ने प्रदेश भर में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में 487 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। गुंजन के पिता गणेश कुमार एक सिविल इंजीनियर तथा माता सीमा देवी एक कुशल गृहणी है गुंजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों एवं अपने माता–पिता को दिया गुंजन बैंकिंग क्षेत्र में जाकर अपनी सेवाएं देना चाहती है। वहीं कला संकाय में मनस्वी भारद्वाज ने प्रदेश भर में 12वीं कक्षा के कला संकाय में 491 अंक लेकर प्रदेश छठा स्थान हासिल किया। मनस्वी के पिता सुनील कुमार भारद्वाज सहकारी समिति में निरीक्षक पद पर कार्यरत है तथा माता सुमन वाला एक कुशल गृहणी है मनस्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों एवं अपने माता–पिता को दिया मनस्वी न्यायाधीश बनकर देश की सेवा करना चाहती है। वहीं एक ओर छात्रा आकर्षिता ने 489 अंक लेकर प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल किया आकर्षिता के पिता अमिताभ सान्गर अंग्रेजी प्रवक्ता जो की गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नडोली में कार्यरत है तथा माता अनीता सान्गर एक कुशल गृहणी है आकर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों एवं अपने माता–पिता को दिया आकर्षिता अध्यापिका बनकर बच्चों का मार्गदर्शन करना चाहती है।

## ढलियारा स्कूल में स्टाफ की कमी, फिर भी रिजल्ट में धमाका

**अनंत ज्ञान, सालविया शर्मा, गरली।** शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढलियारा ने प्लस–टू बोर्ड परीक्षा में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसने पूरे क्षेत्र को चौंका दिया है। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच स्कूल के सभी 64 के 64 छात्र–छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास होकर सफलता की नई मिसाल बन गए हैं। आर्ट्स संकाय में कोमल (418/500) ने पहला, शुभम (408/500) ने दूसरा और कृष्मा संडल (386/500) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कॉमर्स में हिमानी ठाकुर (437/500), पियूष भाटिया (435/500) और नैतिक (427/500) ने टॉप–3 में जगह बनाई।

वहीं साइंस स्ट्रीम में सोनल मनकोटिया (465/500), वंश ठाकुर (459/500) और अक्षित वर्मा (457/500) ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। यह परिणाम उस समय और भी खास बन जाता है, जब स्कूल लंबे समय से टीचर स्टाफ की भारी कमी का सामना कर रहा है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण ने यह साबित कर दिया कि हौसले मजबूत हों तो मुश्किलें रास्ता नहीं रोक सकतीं। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील डढवाल ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है।

## हिमालयन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने प्रदेश मेरिट में बनाई जगह

# वंशिका और तरुषी ने बढ़ाया स्कूल का मान

अनंत ज्ञान



**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए 12वीं कक्षा के हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के परिणाम में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय की दो होनहार छात्राओं ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाकर स्कूल, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक अनुराग गुप्ता के अनुसार, इस वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 119 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की।

वाणिज्य संकाय में प्रदेश भर में तरुषि ने 97.2 फीसदी अंक लेकर पांचवां स्थान व स्कूल में पहला स्थान और वंशिका ने 96.6 फीसदी अंक लेकर प्रदेश भर में आठवां स्थान व स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया व प्रियांशी ने 94.2 फीसदी अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया वही विज्ञान संकाय में नैंसी ने 96.8 फीसदी अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, दूसरा स्थान विहान अंगारिया ने 95.2 फीसदी अंक लेकर व आरुषि ने 94.6 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान, चौथा स्थान महक ने 94.2 फीसदी अंक लेकर व पांचवा स्थान आकाश गुप्ता ने 93.8 फीसदी अंक लेकर, छठा स्थान अंशिका गौरा ने 93.4 फीसदी अंक लेकर, सातवां स्थान अनुज ने 91.6 फीसदी अंक लेकर, आठवां स्थान कनिका ने 91.2 फीसदी अंक लेकर, नौवें स्थान पर शुभांगी नारायण ने 90.8 फीसदी अंक लेकर, दसवां स्थान शौर्य ने 90.4 फीसदी अंक लेकर व ग्यारहवां स्थान हंसिका ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त किए। परिणामों के अनुसार 11 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए, 34 विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए, 61 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 80 रही। वाणिज्य संकाय में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस संकाय में 8 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए, 18 विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 20 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विशेष रूप से वाणिज्य संकाय की छात्रा तरूशी ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर पूरे हिमाचल प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया, वहीं वंशिका ने 96.6 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक अनुराग गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।

# मीडिया कर्मियों को योग-ध्यान से मिला तनाव मुक्ति का संदेश



'हैप्पीनेस प्रोग्राम' में देशराज चंबियाल व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के मुख्यालय नगरोटा बगवां में मीडिया से जुड़े लोगों ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भागदौड़ भरी जीवनशैली में मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने योग, ध्यान, सुदर्शन क्रिया और श्वास तकनीकों का अभ्यास किया। देशराज चंबियाल ने प्रतिभागियों को आत्मज्ञान, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस कार्यक्रम को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया।

मीडिया कर्मियों ने इस तरह के आयोजनों को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी और प्रभावी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर पत्रकारों एवं अन्य मीडिया कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज करवाई और कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया।

# धरोहर परागपुर पर सरकारी वेबसाइट में गड़बड़ी, भ्रामक जानकारी उजागर

## पर्यटन विभाग को दरकिनार कर प्रशासन ने परोसी गलत भ्रामक जानकारी

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और वाली कहावत जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर बिल्कुल सटीक बैठ रही है, जहां ऊपर से धरोहर का सम्मान दिखाया जा रहा है पर भीतर ही भीतर निजी स्वार्थ साधे जा रहे हैं। परागपुर धरोहर गांव को लेकर सरकारी पोर्टल पर जो मायाजाल बुना गया है, उसकी असलियत सरकारी दस्तावेजों से मेल ही नहीं खाती।

प्रशासन ने कागजों पर परागपुर को देश का प्रथम धरोहर गांव होने का तमगा तो दे दिया, लेकिन वर्ष 1997 की मूल अधिसूचना में इस प्रथम शब्द का कहीं कोई नामोनिशान नहीं है।सरकारी मंच का उपयोग जनता को सही सूचना देने के बजाय एक निजी होटल की ब्रांडिंग के लिए किया जा रहा है, जिसकी तस्वीर वेबसाइट पर बिना किसी संकोच के लगाई गई है। प्रशासनिक मेहरबानी यहीं नहीं रुकी, बल्कि पटवार वृत्त गढ़ की बुटेल हवेली को जबरन परागपुर की भौगोलिक सीमा में शामिल कर दिया गया। यह महज एक साधारण चूक नहीं, बल्कि पर्यटन विभाग को ठेंगा दिखाकर रची गई एक सोची-समझी रणनीति प्रतीत होती है। इतिहास और भूगोल के साथ यह खिलवाड़ किसी व्यक्ति विशेष को अनुचित लाभ पहुंचाने की नीयत से किया गया लगता है, क्योंकि जो तथ्य गजेटियर में मौजूद ही नहीं हैं, उन्हें आधिकारिक मोहर लगाकर जनता के बीच परोसा जा रहा है। सबसे गंभीर सवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठता है, क्योंकि जब प्रशासन इन फर्जी आंकड़ों और निजी तस्वीरों को डिजिटल पटल पर अपलोड कर रहा था, तब उसने संबंधित पर्यटन विभाग से संपर्क करना भी मुनासिब नहीं समझा। विभाग को पूरी तरह अंधेरे में रखकर पोर्टल पर डाली गई यह सामग्री अब पूरी व्यवस्था की साख पर सवाल खड़े कर रही है।




> धरोहर परागपुर की अधिसूचना हुई है, पर उसमें यह कहीं नहीं लिखा कि यह देश का प्रथम धरोहर गांव है। निजी होटल और धरोहर गांव से बाहर की फोटो अपलोड की गई है, ऐसी जानकारी मुझे अपने मिली है मैं वेबसाइट पर विजिट करूंगा और जो भी गलत जानकारी दी गई है उसे हटवाया जाएगा।जिला प्रशासन ने यह सब अपलोड करते समय पर्यटन विभाग से कोई संपर्क नहीं किया है।
>
> -विनय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी, धर्मशाला।

# नगर निगम पालमपुर चुनाव: छंटनी के बाद कुल 64 उम्मीदवार मैदान में

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के सामान्य निर्वाचन-2026 के लिए आज नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य संपन्न हुआ। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी 15 वार्डों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल 64 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मान्य पाए गए हैं।

वार्ड वार उम्मीदवारों में वार्ड संख्या 1 (लोहना) हुकम सिंह, ललित कुमार, इन्द्र पाल, रमेश चन्द, राहुल पीटर,वार्ड संख्या 2 (पालमपुर उपरला) राधा सूद, सोना सूद, नेहा भाटिया, पूजा शर्मा, वार्ड संख्या 3 (पालमपुर खास) प्रीति राणा, गुरमीत कौर, रणजीत कौर, हरमीत कौर, वार्ड संख्या 4 (आईमा): अनिशा, प्रीती वालिया, शैलजा चौहान, शशी, वार्ड संख्या 5 (सुघर) अनीश नाग, संजीव कुमार, पूनम शर्मा, रविन्द्र कुमार, जैसी राम, वार्ड संख्या 6 (घुग्गर खिलड़ू): सोनिया शर्मा, मुनीषा शर्मा, स्वेता शर्मा, कविता मिन्हास, शिवानी' वार्ड संख्या 7 (बिन्द्रावन): मंजू बाला, कमला, सविता राठौर, संध्या देवी, वार्ड संख्या 8 (खलेट) रितेश ठाकुर, कल्याण सिंह, सुरिन्द्र ठाकुर, विशाल ठाकुर, वार्ड संख्या 9 (चौकी) मीनू देवी, रेणु बाला, कमलेश कुमारी, निशा राज, वार्ड संख्या 10 (मारंडा) सुमन कटोच, मीनाक्षी सूद, नीलम मलिक, विशाल शर्मा, वार्ड संख्या 11 (राजपुर) किरना देवी, मिलाप चन्द धीमान, प्रोमिला देवी, ब्रिज भूषण, नरेश कुमार, वार्ड संख्या 12 (घुग्गर टांडा) ललित कुमार शर्मा, रवि कुमार, निशा देवी, अमित शर्मा, वार्ड संख्या 13 (टांडा) वर्षा कुमारी, नीता देवी, अंचना, कल्पना देवी, वार्ड संख्या 14 (बनूरी) मोनिका शर्मा, लता कुमारी, अनीता देवी, रुचिका देवी, वार्ड संख्या 15 (होल्टा भरमात) लता देवी, संतोष कुमार, राज कुमार, भीखम राम शामिल हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की इस सूची को आगामी कार्यवाही के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा को भेज दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के थाना सदर क्षेत्र में बहलोलपुर-नरोट जैमल सिंह मार्ग पर नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय राकेश कुमार निवासी बहलोलपुर के रूप में हुई है, जो नरोट जैमल सिंह में हलवाई की दुकान चलाता था। हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे हुआ, जब राकेश अपने भाई राजन के साथ दुकान बंद कर अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर घर लौट रहा था। राजन के अनुसार, एक तेज रफ्तार कैंटर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए राकेश की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धर्मशाला व मैक्लोडगंज में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल, नं-1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने जानकारी दी है कि कालापुल सब स्टेशन पर 33/11 केवी यार्ड और धर्मशाला शहर के इससे जुड़े 11 केवी फीडरों के सामान्य रखरखाव कार्यों के लिए 5 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक कोतवाली बाज़ार, आईपीएच कॉम्प्लेक्स, एमसी ऑफिस, यात्री निवास, जोनल हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाज़ार, सिविल लाइन्स, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लिनिक शामनगर, पुलिस लाइन्स, एक जोत कॉलोनी, चिलगाढ़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, एआईआर, सरकारी कॉलेज, बीएड कॉलेज और सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाइंस सिविल बाज़ार, फोरेंसिक लैब, माइक्रोवेव, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट पेट्रोल पंप (मान फिलिंग) गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चिलगाड़ी, मैकलोडगंज मुख्य चौराहा, पावन दलाई लामा मंदिर, जोगीबाड़ा गांव, हिरू गांव, दुसला, टिप्पा रोड, संजय मार्ग और आसपास के क्षेत्र में में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। मौसम खराब होने पर अगले दिन शटडाउन किया जाएगा।

### नड्डी और सतोवरी में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता रमन भरमोरिया ने जानकारी दी कि 33/11 केवी तोतारानी सब-स्टेशन के आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण तोतारानी सब-स्टेशन के नड्डी, सतोवरी, धियाल, बरनेट, चांदमारी, भतल्ला, डल लेक, तोतारानी, टैंगलवुड, टीसीवी, भागसु नाग, धर्मकोट, हीरू, गलू और आसपास के अन्य क्षेत्रों में 6 मई को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे एवं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर ये कार्य अगले कार्य दिवस पर किया जाएगा।

### कोहाला, मटौर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियन्ता रमेश चंद ने जानकारी दी कि 11 केवी मंदल फीडर के पास्सु, ढगवार, मनेड़, ऊपरी मनेड़ (दाड़ी क्षेत्र), कोहाला, मटौर, मंदल, मसरेहड़ और आसपास के अन्य क्षेत्रों में 5 मई को सुबह 9 बज़े से सायं 5 बज़े एवं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर ये कार्य अगले कार्य दिवस पर किया जाएगा।

### नशा मुक्त चुनाव अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायत चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति, जिला कांगड़ा ने नशा मुक्त चुनाव अभियान की शुरुआत की। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने अभियान का पर्चा लॉन्च कर इसे औपचारिक रूप से शुरू किया। समिति ने बताया कि इस अभियान के तहत गांव-गांव और वार्ड स्तर पर पोस्टर व जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। लोगों से अपील की जाएगी कि वे चुनाव के दौरान शराब, नशीले पदार्थों और पैसों के प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए जिम्मेदार मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर समिति के विभिन्न पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए सहयोग का आह्वान किया।

### बैजनाथ में 7 दिवसीय ध्यान शिविर आरंभ

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशील, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बैजनाथ द्वारा महाविद्यालय के हेल्थ क्लब के कनवीनर डॉ विरेंद्र कुमार के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिकता विषय पर सात दिवसीय विशेष ध्यान शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें लगभग सौ अध्यापक एवं छात्र भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में करवाया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बीके सुलक्षणा थीं। उनके साथ राजेंद्र मेहता तथा कर्नल गिरधारी गोस्वामी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने अनुभवों एवं विचारों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

### अल्हीलाल में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** अल्हीलाल कैंप में 14 मैदानी रेजीमेंट के भूतपूर्व सैनिकों ने रेजीमेंट के 70 वें स्थापना मिलन दिवस आयोजन किया गया । जिसमें ब्रिगेडियर सुनील कुमार कमांडर 39 आर्टी ब्रिगेड विशिष्ठ अतिथि व कर्नल हंसराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । इस दौरान 14 मैदानी रेजीमेंट के जम्मू, पंजाब व हिमाचल से आए भूतपूर्व जेसीओ और जवानों ने भाग लिया। जिसमें एक्स सर्विस लीग के अध्यक्ष आर्डिनरी कैप्टन चैन सिंह और आर्डिनरी कैप्टन संदीप कुमार, सूबेदार प्रीति पाल और इस मौके पर आए हुए सभी अतिथियों को हिमाचली टोपी, ट्रॉफी व रेजीमेंट को एक सिल्वर ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

### प्रधानाचार्य पद छंटनी परीक्षा में हरभजन सिंह सोहल को प्रदेश में पांचवां स्थान

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में कार्यरत प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लिए आयोजित प्रधानाचार्य पद छंटनी परीक्षा की मेरिट सूची में प्रदेशभर में पांचवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हरभजन सिंह सोहल ने वर्ष 2012 में मुख्याध्यापक पद की परीक्षा उत्तीर्ण कर सेवा शुरू की थी और वर्ष 2016 में प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत हुए थे। प्रदेशभर के प्रधानाचार्यों द्वारा इस परीक्षा में भाग लिया गया था, जिसमें 330 चयनित प्रधानाचार्यों को शिमला में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है। सरकार द्वारा कक्षा नर्सरी से जमा दो तक के 151 सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई से जोड़ने के निर्णय के तहत यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

# केंद्र ने बिगड़ती आर्थिक स्थिति और आपदा में नहीं की मदद: सुभाष शर्मा



धर्मशाला में सुभाष शर्मा प्रेसवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और आपदा के दौरान पर्याप्त सहायता न मिलने को लेकर हिमाचल जन क्रांति पार्टी ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। रविवार को धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक हालत पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है और सरकारी सिस्टम लगभग ठप हो गया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते तीन वर्षों (2023, 2024 और 2025) में लगातार प्राकृतिक आपदाओं ने हिमाचल को प्रभावित किया, लेकिन केंद्र से अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि आखिर किन कारणों से केंद्र सरकार ने मदद देने में संकोच किया, इसका जवाब जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सांसदों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनता ने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था, लेकिन वे प्रदेश के हितों की प्रभावी पैरवी करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान पार्टी के जनरल सेक्रेटरी आशीष डोगरा भी मौजूद रहे। इसमें दीप शर्मा (निवासी टंग) ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# बटाला में पति ने पत्नी का किया कत्ल, फिर खुद को मारी गोली

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** बटाला के हलका फतेहगढ़ चूड़ियां के अधीन आते थाना अलीवाल के गांव कादियां राजपूतां में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना में पति-पत्नी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दंपति में पारिवारिक कलह चल रही थी। रविवार देर शाम दोनों घर पर अकेले थे। दंपति की 2 बेटियां हैं। जिनमें से एक 9 साल की और दूसरी 7 साल की है। फिल्हाल पुलिस ने दोनो शवों को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

पुलिस ने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि दंपति के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। गुस्से में आकर बरिंदर सिंह ने अपने लाइसेंसी पिस्तौल से पहले पत्नी की टांग और फिर सिर के दाईं और गोलियां दागीं और उसके बाद अपनी छाती में गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ चूड़ियां के डीएसपी ललित कुमार और थाना अलीवाल के एसएचओ लखविंदर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डीएसपी ललित कुमार और गांव के सरपंच गुरविंदर सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक झगड़े के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया गया है। फतेहगढ़ चूड़ियां के डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बटाला के सिविल अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से लाइसेंसी हथियार बरामद कर लिया है और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

# देवर्षि के आदर्शों पर आधारित लोक कल्याणकारी पत्रकारिता ही समय की मांग : प्रो. प्रकाश बंसल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल तथा विश्व संवाद केंद्र शिमला के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को धौलाधार परिसर-1 में देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न हुआ। 'देवर्षि नारद की दृष्टि : पत्रकारिता के मूल्य और आदर्श' विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कुलपति, मुख्य वक्ता प्रताप सिंह समयाल, कुलसचिव नरेंद्र सांख्यान एवं अधिष्ठाता प्रो. अर्चना कटोच द्वारा दीप प्रज्जवलन और मां सरस्वती व देवर्षि नारद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

स्वागत भाषण देते हुए अधिष्ठाता प्रो. अर्चना कटोच ने देवर्षि नारद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारद मुनि केवल एक पौराणिक पात्र नहीं बल्कि विश्व के प्रथम संचारक हैं, जिन्होंने तीनों लोकों के मध्य संवाद विकसित किया था जिसका उद्देश्य सदैव लोकहित और धर्म की स्थापना रहा।

मुख्य वक्ता प्रताप सिंह समयाल ने पत्रकारिता के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पक्ष को जोड़ते हुए कहा कि देवर्षि नारद एक 'ग्लोबल कम्युनिकेटर' थे, जिनका संवाद देवताओं, असुरों और ऋषियों के साथ समान रूप से था। उन्होंने वर्तमान पत्रकारिता जगत को स्मरण कराया कि 1826 में शुरू हुआ हिंदी का पहला समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' भी नारद जयंती के दिन ही प्रारंभ किया गया था, जो इस क्षेत्र में उनके महत्व को दर्शाता है। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवंत करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है और इसके लिए पाठ्यपुस्तकों की एक विशेष श्रृंखला भी तैयार की गई है। उन्होंने नारद मुनि की तुलना एक ऐसे पत्रकार से की जो सत्य और सटीक सूचना के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाता है। प्रो. बंसल ने शिकागो धर्म सम्मेलन के दौरान स्वामी विवेकानंद और एक पत्रकार के मध्य हुए संवाद का उदाहरण देते हुए 'संपर्क' और 'जुड़ाव' के गहरे अंतर को समझाया। आज के पत्रकारों को नारद मुनि से प्रेरणा लेकर ऐसी सकारात्मक संवाद शैली अपनानी चाहिए जो समाज को जोड़ने का कार्य करे।

# बंगाल से पुड्डुचेरी तक भाजपा की ऐतिहासिक विजय, भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार : विपिन परमार

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनता की निर्णायक और परिवर्तनकारी क्रांति करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और कुशासन के खिलाफ जनता का खुला विद्रोह है। परमार ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह विजय अपने आप में ऐतिहासिक है और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पूर्व सरकार के लिए जनता का जोरदार तमाचा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार राज्य में भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और आपराधिक घटनाओं में तेजी आई, उससे आम जनता त्रस्त हो चुकी थी। जनता के भीतर आक्रोश चरम पर था और इस चुनाव में उसी आक्रोश ने भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की नीति पर चलते हुए जनता का विश्वास जीता है।



परमार ने असम और पुडुचेरी में मिली सफलता को भी भाजपा की जनस्वीकृति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में भी जनता ने विकास की राजनीति को प्राथमिकता दी और विपक्ष की नकारात्मक सोच को पूरी तरह नकार दिया। उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जो दल केवल सत्ता के लिए राजनीति करते हैं और जनता के हितों को नजरअंदाज करते हैं, उन्हें जनता ने आईना दिखा दिया है।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर सुधीर शर्मा का कार्यकर्ताओं को सलाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, समर्पण और जनसेवा की भावना का परिणाम है। सुधीर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व एवं अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है।



उन्होंने कहा कि बंगाल में मिली यह जीत न केवल भाजपा के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। यह परिणाम जनता के विश्वास और सुशासन की जीत को दर्शाता है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों के दौरान जनता से किए गए 10 गारंटियों के वादे आज भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन आज तक न तो युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा हुआ, न ही महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े वादों को जमीन पर उतारा गया। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों, किसानों और आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण वादे भी अधूरे पड़े हैं। महंगाई, बेरोजगारी और विकास कार्यों की धीमी गति से जनता त्रस्त है। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है, जिससे आम आदमी पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। सुधीर ने कहा कि प्रदेश की जनविरोधी सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार से जनता जल्द ही छुटकारा पाएगी। साथ ही धर्मशाला नगर निगम में व्याप्त लूट-खसोट और माफिया राज का भी जनता लोकतांत्रिक तरीके से सफाया करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में प्रदेश और धर्मशाला में विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई शुरुआत होगी।

धर्मशाला मंडल भाजपा द्वारा दाड़ी स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा के नेतृत्व में जीत का जश्न धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमते हुए एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया और भारत माता की जय व जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए।

# भाजपा की जीत पर जश्न रविंद्र धीमान ने दी बधाई

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में शानदार जीत दर्ज करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने इस ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और मतदाताओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में मिली सफलता को लोकतंत्र की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि वहां की जनता ने बदलाव और विकास के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। धीमान ने कहा कि असम और पुडुचेरी में भी भाजपा की जीत यह दर्शाती है कि पार्टी की नीतियां देश के हर कोने में स्वीकार की जा रही हैं।



उन्होंने हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश में लोग कांग्रेस सरकार से निराश हैं और आने वाले चुनावों में यहां भी कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों को पहुंचाएं।

### बंगाल की प्रचंड जीत पर गगल में जश्न

**अनंत ज्ञान, गगल।** भाजपा जिला महामंत्री कांगड़ा, देविंदर कोहली के नेतृत्व में गगल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर जमकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी और बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर देविंदर कोहली ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकार कर विकास को चुना है।

### भाजपा की जीत पर कांगड़ा में मनाया जश्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर कांगड़ा में कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। इस मौके पर विधायक पवन काजल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों पर जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं और अब हिमाचल की बारी है। काजल ने नगर परिषद चुनाव के प्रचार का भी आगाज करते हुए बताया कि 7 मई को सात सूत्रीय घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने शहर के विकास के लिए सुझाव मांगे और माता बज्रेश्वरी मंदिर के लिए कॉरिडोर बनाने सहित अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

### कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ बांटी मिठाइयां

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर बस स्टैंड पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत और तीन राज्यों में सरकार बनने की खुशी में विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को याद किया। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर नाचते हुए एक-दूसरे को बधाई दी तथा लोगों में लड्डू और हलवे का प्रसाद बांटा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रवक्ता रुपिंदर डैनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमण शर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिया।

# बेमौसमी बारिश ने ठंडा किया पंखे और कूलर का कारोबार, दुकानदारों में मायूसी

अनंत ज्ञान




**पिंकी, डाडासीबा।** मई महीने की शुरुआत में जहां हर वर्ष पंखे और कूलर की बिक्री अपने चरम पर रहती थी, वहीं इस बार बेमौसम बारिश और अचानक आई ठंड ने कारोबारियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। डाडा सीबा सहित आसपास के क्षेत्रों में पंखे और कूलर बेचने वाले दुकानदारों के गोदाम इस समय सामान से भरे पड़े हैं, लेकिन ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम हो गई है।

पिछले वर्षों के अनुभव के अनुसार अप्रैल के अंत और मई के पहले सप्ताह में इन उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती थी, लेकिन इस बार मौसम के बदले मिजाज ने बाजार की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। लगातार हो रही बारिश और तापमान में गिरावट के चलते लोगों को न तो पंखों की जरूरत महसूस हो रही है और न ही कूलर की। स्थानीय दुकानदार रितेश शर्मा का कहना है कि उन्होंने मार्च के अंत में ही गर्मी के सीजन को देखते हुए पर्याप्त स्टॉक मंगवा लिया था। उन्होंने बताया कि हर साल इस समय तक अच्छी बिक्री शुरू हो जाती थी, लेकिन इस बार पूरा सामान गोदाम में ही पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में ऐसा मंदा कारोबार पहली बार देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि मौसम की अनिश्चितता ने व्यापारियों को असमंजस में डाल दिया है। दिन में धूप निकलने के बाद अचानक बारिश हो जाती है, जिससे ग्राहक यह तय नहीं कर पा रहे कि कूलर खरीदें या छाता। डाडा सीबा बाजार में इस समय विभिन्न ब्रांड और गुणवत्ता के पंखे व कूलर उपलब्ध हैं, लेकिन बिक्री न होने से व्यापारियों की चिंता बढ़ती जा रही है। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम सामान्य होता है और गर्मी बढ़ती है, तो बाजार में फिर से रौनक लौट सकती है।

# सरकार की तरफ से 37 लाख या आठ मरले का विकल्प

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल हवाई अड्डे के भूमि अधिग्रहण के बाद अब पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन राहत राशि वितरण के तहत गगल बाजार में क्रेडल की टीम घर घर जाकर लोगों से उनके विकल्प चुन रहे है कि उन्हें भूमि चाहिए या राशि। इस बारे जानकारी देते हुए क्रैडल से प्रोजेक्ट कोउडिनेटर रंजीत ठाकुर ने बताया कि महाल गगल में क्रैडल की टीम निजी जमीन पर बने हुए घर और दुकानों पर जाकर उनसे विकल्प मांग रहे हैं। सरकार की तरफ से घर के बदले 37 लाख रुपए या आठ मरले जमीन ओर साढ़े तेरह लाख रुपए का विकल्प रखा हुआ है। उसी तर्ज पर निजी जमीन पर बनी हुई दुकानों के लिए दुकान के लिए जमीन या साढ़े नौ लाख रुपए का विकल्प रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि महाल गगल में निजी भूमि पर 245 मकान हैं और अभी तक 80 मकानों का सर्वे किया गया जिसमें 77 मकान मालिकों द्वारा 37 लाख रुपए लेने का विकल्प दिया गया और मात्र 3 लोगों ने जमीन का विकल्प रखा है। गगल बाजार में 330 दुकानों का सर्वे किया जाना है। अभी तक 230 दुकानों का सर्वे किया जा चुका है जिसमें 228 दुकानदारों द्वारा साढ़े नौ लाख रुपए लेने का विकल्प रखा है और मात्र दो दुकानदारों ने दुकान का विकल्प दिया है।

# नादौन पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप, मामला दर्ज



नादौन पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब की खेप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत नादौन पुलिस ने एक दुकान से अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना नादौन की टीम ने एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर गांव तरेटी (स्थान घुमाप) में एक करियाना दुकान पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जिसमें 31 पेटी देशी शराब, 7 बोतल शराब, 5 पेटी बीयर शामिल हैं। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ नादौन गौरवजीत सिंह ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी चमन कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव तरेटी के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जा रही है तथा अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी।

# काशी शर्मा ने साइंस स्ट्रीम में प्रदेश में झटका दूसरा स्थान

## हिमाचल बोर्ड मेरिट में चमकी आर्यन पब्लिक स्कूल भोटा की छात्रा, 493 अंक हासिल कर चमकाया नाम

अनंत ज्ञान

**भोटा।** आर्यन पब्लिक स्कूल भोटा की 12वीं कक्षा की छात्रा काशी शर्मा ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए साइंस स्ट्रीम की मेरिट सूची में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। काशी ने 493 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के अनुशासित वातावरण को दिया। उसने बताया कि नियमित रिवीजन और स्कूल द्वारा आयोजित डाउट सेशन उसकी तैयारी में काफी सहायक रहे। काशी का सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताते हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की।



## मौली ठाकुर ने 97.8% अंक हासिल रचा इतिहास



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** रैली जजरी की छात्रा मौली ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10+2 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 489 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में आठवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। मौली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैली जजरी की छात्रा है, जो हमीरपुर-बिलासपुर सीमा क्षेत्र में स्थित है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौली के पिता भारतीय जलसेना से सेवानिवृत्त हैं और कांगड़ा ग्रामीण बैंक शाहतलाई में शाखा प्रबंधक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। मौली ने बताया कि वह रोज 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं और सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम को देती हैं।

## नादौन की बेटी रिद्धिमा शर्मा ने फिर लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की मेधावी छात्रा रिद्धिमा शर्मा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की जमा-दो (विज्ञान संकाय) परीक्षा में प्रदेश मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल किया है। रिद्धिमा इससे पहले दसवीं कक्षा में 700 में से 699 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में टॉप कर चुकी हैं। गांव कलूर की निवासी रिद्धिमा के पिता अश्वनी कुमार शर्मा और माता सीमा शर्मा अपनी बेटी की इस निरंतर उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने उसे बधाई देते हुए कहा कि रिद्धिमा की मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। रिद्धिमा आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती हैं।



## सुपर मैगनेट स्कूल की स्मृति ने मेरिट में बनाई जगह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सुपर मैगनेट स्कूल प्रताप नगर की जमा दो की छात्रा स्मृति ठाकुर ने हिमाचल बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में 485/500 अंक लेकर मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान हासिल किया है। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा स्मृति का स्वागत किया गया। कुठेड़ा गांव की रहने वाली स्मृति की दादी पुष्पा देवी, पिता वीरेंद्र कुमार जो भारतीय सेना में कार्यरत हैं और माता स्नेह लता, भाई निशांत कुमार ने इस अवसर पर बेहद खुशी प्रकट की। इस अवसर पर सुपर मैगनेट ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर शगुन दत्त ने बताया कि सुपर मैगनेट ग्रुप के सभी छात्र उत्तीर्ण रहे और स्मृति ने गणित में भी 100 अंक लेकर मेरिट के साथ एक और उपलब्धि अपने नाम की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वाटिका सूद, निदेशक अमित कपिल, मीना शर्मा भी उपस्थित रहे।



## प्रत्यक्ष ने 97.2% अंक लेकर झटका 9वां स्थान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र के शिक्षा ज्योति पब्लिक स्कूल रुढान का कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र प्रत्यक्ष शर्मा ने 486 अंक (97.2%) प्राप्त कर प्रदेश भर में 9वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों और माता-पिता को दिया। अन्य विद्यार्थियों में आदित्य शर्मा, शिवांश राणा, सृष्टि ठाकुर, आयुष पुजवालिया, भरत, आर्यन और गोविंद राणा ने भी शानदार अंक प्राप्त किए। स्कूल के प्रिंसिपल जगजीत सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।



## न्यूज ब्रीफ

### पौहंज स्कूल में बच्चे सीख रहे आत्मरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौहंज में छात्र-छात्राएं मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा और सहयोगी प्रशिक्षक अशोक कुमार के मार्गदर्शन में बच्चों को ताइक्वांडो और कराटे सिखाया जा रहा है। प्रधानाचार्य रविंद्र सुपहिया ने बताया कि नियमित अभ्यास से बच्चों की शारीरिक शक्ति, लचीलापन, संतुलन व मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है। यह प्रशिक्षण आत्मरक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास व अनुशासन भी बढ़ाता है। मुख्य प्रशिक्षक के अनुसार बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उन्हें जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के अन्य अध्यापक भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

### सनातन विरोधी सोच को जनता ने नकारा : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में पार्टी की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम देश की जनता की स्पष्ट सोच और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रति बढ़ते समर्थन को दर्शाते हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि जनता ने उन राजनीतिक दलों और नेताओं को करारा जवाब दिया है, जो हिंदू आस्था, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं पर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में मतदाताओं ने ऐसी सोच को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा आज राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव और विकास की भावना का प्रतीक बन चुकी है तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह सफलता संभव हुई है।

### महिलाओं के विश्वास और संकल्प की जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री उषा बिरला ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी नीतियों और प्रभावी रणनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली सफलता विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है, जो जनता के विश्वास और भाजपा की नीतियों की स्वीकार्यता को दर्शाती है। उषा बिरला ने कहा कि इस जीत में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम रही, जिन्होंने बढ़-चढ़कर समर्थन देकर निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब केवल दर्शक नहीं बल्कि राजनीतिक परिवर्तन की शक्ति बन चुकी हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा आगे भी विकास और जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।

### ताल स्कूल के छात्रों को मिलेगा व्यावहारिक अनुभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल के वोकेशनल आईटीईएस विषय की पांच छात्राएं और एक छात्र तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए चंडीगढ़ रवाना हुए। विद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) और टेलीकॉम जैसे वोकेशनल विषय संचालित किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों को कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटा एंट्री और आईटी सेवाओं में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। अतुल शर्मा ने इस पहल को छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास और कौशल दोनों बढ़ेंगे।

### भाजपा कार्यकताओं ने बिझड़ी में बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर से जश्न की तस्वीरें, तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय। देश की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया है। तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और पार्टी की विचारधारा के साथ एकजुट है। इस जीत की खुशी में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने मैहरे बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विजय जुलूस निकालकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा ने बाजी मारी है, अब हिमाचल की बारी है। बिझड़ी कुंआ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया।

# हमीरपुर में पश्चिम बंगाल व असम की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न



हमीरपुर में विधायक आशीष शर्मा के साथ जश्न मानते भाजपा के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर।** पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य पर आज गांधी चौक हमीरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया एवं लड्डू बांटकर सभी का मुंह मीठा करवाया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि स्व श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के घर पर आज भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। अब पश्चिम बंगाल से गुंडाराज खत्म होगा और प्रदेश के नए युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, माननीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सहित भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस ऐतिहासिक जीत की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## कांग्रेस का बंगाल जैसा हश्र हिमाचल-पंजाब में भी तय : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस जिस तरह अपना खाता तक नहीं खोल पाई, उसी तरह का परिणाम आने वाले विधानसभा चुनावों में पंजाब और हिमाचल में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब केवल झूठी गारंटियों और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है, जबकि जनता विकास और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में खड़ी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल के विरोध का असर भी जनता के रुख में साफ दिखाई दिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ा है। राणा ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ उभरेगी, जबकि कांग्रेस का जनाधार लगातार कमजोर होता जाएगा।

## प. बंगाल, असम व पुडुचेरी में राष्ट्रवाद और जनविश्वास की जीत : प्रो. धूमल



पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ते जनविश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। धूमल ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका लोकतंत्र पर विश्वास अडिग रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका हौसला कमजोर नहीं हुआ। धूमल ने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की राजनीति की स्वीकार्यता को दर्शाती है। उन्होंने अमित शाह की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती को भी महत्वपूर्ण बताया।

धूमल के अनुसार, इन राज्यों के परिणाम संकेत देते हैं कि जनता अब विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं।

## डॉक्टर अनुपम शर्मा दांदडू वार्ड से होंगी कांग्रेस समर्थित जिला परिषद उम्मीदवार



डॉक्टर अनुपम शर्मा व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** कांग्रेस पार्टी की अहम बैठक पार्टी कार्यालय मैहरे में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बड़सर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा ने की, इस बैठक में बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही दांदडू वार्ड से डॉ अनुपम शर्मा को जिला परिषद उम्मीदवार घोषित किया गया। इस अवसर पर उमा शर्मा पूर्व प्रधान धबडयाणा पंचायत, कांग्रेस नेता पवन शर्मा, कांग्रेस नेता रमाशंकर, सतीश बल्ली, मनजीत सिंह हैप्पी सहित के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉक्टर अनुपम शर्मा ग्राम पंचायत धबडयाणा के गनोह ब्राह्मणां से संबंध रखती है तथा इनका का क्षेत्र में अपना बहुत बड़ा जनाधार है। बता दे की अभी कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ दांदडू वार्ड से ही जिला परिषद कैंडिडेट घोषित किया है जबकि बिझड़ी, करेर, झंझयाणी वार्ड में अभी तक पेज फंसा हुआ है।

## सुजानपुर में भाजपा जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** तीन राज्यों में भाजपा की जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने सुजानपुर के मुख्य बाजार में जमकर जश्न मनाया। इस दौरान लड्डू बांटे गए और पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह और टौणीदेवी मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। विक्रम सिंह ने कहा कि असम और पुडुचेरी में भाजपा पहले से मजबूत स्थिति में थी, जबकि पश्चिम बंगाल में मिली जीत ऐतिहासिक है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि लोग वर्तमान सरकार की नीतियों से असंतुष्ट हैं। नेताओं ने कहा कि पार्टी लगातार मजबूत हो रही है और संगठन का विस्तार तेजी से हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। पूरे बाजार में उत्सव जैसा माहौल रहा ।

## बंगाल, असम व पुड्डुचेरी में मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपाइयों ने फोड़े पटाखे



नादौन में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपाइयों में खुशी का माहौल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** पश्चिम बंगाल, असम व पुंडूचेरी में विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपाईयों में खुशी का माहौल है। जीत की खुशी में भाजपाईयों ने मंडलाध्यक्ष वीरेन्द्र पठानिया के नेतृत्व में भाजपा ने इंद्रपाल चौंक नादौन में लड्डू बांटे तथा आतिशबाजियां चलाकर खुशी का इजहार किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में खूब नारेबाजी की। इस जश्न में भाजपा नेता डॉ. अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा छिंदा, विजय चौधरी, नीलम चौधरी, एडवोकेट वीरेन्द्र शर्मा, एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह, एडवोकेट केश्व गोस्वामी के अलावा जोगिन्द्र ठाकुर, सुरेश चौधरी, मोहित शर्मा, मुकेश जरियाल, मोहित शर्मा, विक्की संधू, हर्षित मिन्हास, अशीष राणा, सन्नी परमार आदि शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा मण्डलाध्यक्ष वीरेन्द्र पठानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में भाजपा को प्रचंड जीत हासिल होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय देश के सभी राज्यों में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की सरकारें बनेंगी क्योंकि जनता जान चुकी है कि केवल भाजपा के नेतृत्व में ही भारत का सामुचित विकास होगा।

# राजपूत एकता व महाराणा प्रताप जयंती 9 को, डीसी-एसपी को दिया निमंत्रण



डीसी गंधर्वा राठौर और पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह को निमंत्रण देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** 9 मई को आयोजित होने वाले 'राजपूत एकता एवं महाराणा प्रताप जयंती' के कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने स्थानीय डीसी गंधर्वा राठौर और पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह को मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के रूप में औपचारिक रूप से उनके कार्यालय में जाकर निमंत्रण स्वीकार करने का अनुरोध किया। दोनों अधिकारियों ने मौखिक रूप से अपनी सहमति प्रदान की और अधिकारिक रूप से अतिशीघ्र अपनी उपस्थिति बारे सभा को अवगत करने के लिए आश्वस्त किया। सभा ने जिला के वरिष्ठ वकील उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज और प्रदेश सरकार में रहे सचिव कानून विभाग अवतार डोगरा को भी उनके कार्यालय में जाकर निमंत्रण दिया।

राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष और राजपूत महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, प्रदेश आईटी संयोजक सुमित ठाकुर, महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, महेंद्र भारद्वाज, पैट्रन यशपाल मन्हास, उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने इन अधिकारियों का अनौपचारिक रूप से निमंत्रण स्वीकार करने पर धन्यवाद किया साथ ही सभा जिला भर के तमाम पूर्व राजपूत अधिकारियों, सेना के पूर्व अधिकारियों और अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने बालों को भी निमंत्रित करेगी।

## क्रशर मामले में जमानत पर सियासत तेज, आशीष शर्मा पर साधा निशाना

# सुमन भारती बोले- जमानत मिली, क्लीन चिट नहीं

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने क्रशर और अवैध खनन मामले में आरोपियों को जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए विधायक के परिजनों के घर पहुंचने पर विधायक आशीष शर्मा के रवैया पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को जमानत ही मिली है आरोप मुक्त वे नहीं हुए हैं। सरकार पर लगाए गए आरोपों की कड़ी निंदा की व कहा कि यह मामला पूरी तरह न्यायालय के अधीन है और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 12 अगस्त, 2025 को अवैध रूप से हो रहे खनन को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उस समय संबंधित क्रशर बंद था, बावजूद इसके वहां खनन जारी था। मामला कोर्ट में पहुंचा व जांच के बाद केस दर्ज हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे, लेकिन वहां उनकी याचिका खारिज हो गई। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया, जहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। अंततः आरोपियों को पुलिस के समक्ष सरेंडर करना पड़ा और वे पुलिस रिमांड तथा न्यायिक हिरासत में रहे।

### कोई भी कार्यकर्ता लड़ सकता पंचायत चुनाव



**पंचायत** चुनावों को लेकर प्रत्याशियों के चयन और घोषणा पर उन्होंने कहा कि यह भाईचारे का चुनाव है और इसमें जो भी कांग्रेस का कार्यकर्ता चुनाव लड़ने का इच्छुक होगा, वह लड़ सकता है। जिला परिषद के लिए जो भी नाम सामने आएंगे, मिल बैठकर किसी एक को चुनाव लड़ने की सलाह दी जाएगी। यदि फिर भी कोई नहीं मानेगा तो वह उनकी मर्जी है।

सुमन ने कहा कि जब आरोपियों को जमानत मिली तो उन्होंने इस तरह का माहौल बनाया जैसे वे मामले से पूरी तरह बरी हो गए हों, जबकि सच्चाई यह है कि अभी तक किसी को भी इस केस में क्लीन चिट नहीं मिली है और मामला अभी भी कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से मांग करेंगे कि इस मामले में यह स्पष्ट किया जाए कि जब अवैध खनन का मामला सामने आया, उस समय क्रशर पर मालिकाना हक किसका था और बाद में यह किसके नाम ट्रांसफर हुआ। सुमन ने कहा कि जो लोग अपने ही परिवार को नहीं बख्श सके और उन्हें जेल जाने के लिए मजबूर किया, वे जनता के हितैषी नहीं हो सकते।

एच डी एफ सी बैंक
हम समझें आपकी दुनिया

पंजीकृत कार्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापत मार्ग, लोअर परेल, पश्चिम मुंबई।
**शा.का.: जिला: ऊना, हिमाचल**

**कब्जा सूचना - (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अध्यादेश 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता(ओं) को दिनांक 14.01.2026 का मांग नोटिस जारी किया था: **1. विपन कुमार, पुत्र कृष्ण मुरारी (आवेदक) पता:- निवासी वी.पी.ओ. बडोली, तहसील एवं जिला ऊना हि.प्र. 174302, 2. अनुराधा, पत्नी विपन कुमार (सह-आवेदक) पता:- निवासी वी.पी.ओ. बडोली, तहसील एवं जिला ऊना हि.प्र. 174302, 3. राम किशन, पुत्र अमर नाथ (गारंटर) पता:- म.नं. 144 किलन एरिया, वार्ड नं. 5 नंगल टाउन शिव, तहसील नंगल, जिला रूपनगर (रोपड़) पंजाब 140124. मो.नं. 9915823100** उक्त नोटिस में उल्लिखित कुल राशि **रु. 62,18,000.00/- (रुपये बासठ लाख अठारह हजार मात्र)** जो दिनांक 14.01.2026 को देय थी, नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने हेतु कहा गया था।

उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अध्यादेश की धारा 13(4) के साथ पठित उक्त नियम के नियम 8 व 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **28 अप्रैल 2026** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा सचेत किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के दिनांक 28.04.2026 को देय रु. 69,16,459/- (उनहत्तर लाख सोलह हजार चार सौ उनसठ मात्र) की राशि तथा उस पर ब्याज एवं खर्चे व शुल्क आदि के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति: आवासीय मकान, स्थित मौजा बडोली, खेवट नं./खतौनी नं. 73/208, खसरा नं. 2023 रकबा 0-05-92 हेक्टेयर, स्थित मौजा बडोली, तहसील एवं जिला ऊना हि.प्र.। आवासीय मकान, स्थित मौजा बडोली 0-05-92 हेक्टेयर = 592 वर्ग मीटर 6370 वर्ग फुट। सीमाएं विलेख के अनुसार। मौजा बडोली, निकटवर्ती आवासीय, पूर्व: मंदीप कुमार की भूमि, उत्तर: सड़क, पश्चिम: ग्राम पंचायत कार्यालय, दक्षिण: खाली भूमि। भवनों और सभी ऊपरी संरचनाओं, फिटिंग्स और सड़कों, रास्तों तथा पगडंडियों के सभी अधिकारों सहित।**

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
दिनांक: 28.04.2026 स्थान: ऊना, हिमाचल
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# इशिता ठाकुर ने रचा इतिहास, प्रदेश में 7वां स्थान

## इशिता ने 500 में 488 अंक हासिल कर विद्यालय के पिछले 13 वर्षों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया कीर्तिमान किया स्थापित

अनंत ज्ञान







**चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पधर ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा इशिता ठाकुर ने प्रदेश भर में 7वां स्थान प्राप्त कर न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इशिता ने 500 में से 488 अंक हासिल कर विद्यालय के पिछले 13 वर्षों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनका परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में इशिता ठाकुर ने 488 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि क्षितिज ठाकुर 473 अंकों के साथ दूसरे और जतिन ठाकुर 471 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फिजिक्स, फिजिकल एजुकेशन व गणित में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं, कैमिस्ट्री में 99 अंक, अंग्रेजी में सिमरन ठाकुर ने 96 अंक और कंप्यूटर विज्ञान में पूजा ठाकुर ने 96 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कला संकाय में आदित्य रावत ने प्रथम, हिमांशु ने द्वितीय और नंद किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में इजाफा किया। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने डीजे की धुनों पर नृत्य किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने कहा कि विद्यालय ने 13 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़कर नई मिसाल कायम की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों की मेहनत, विद्यार्थियों के अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मेरिट में सरकारी स्कूलों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों व अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस वर्ष के परिणाम में एक खास तथ्य सामने आया है कि मेरिट सूची में स्थान पाने वाले 5 विद्यार्थियों में से 4 छात्र सरकारी स्कूलों से हैं, जबकि केवल 1 छात्र निजी स्कूल से मेरिट में जगह बना पाया है। यह उपलब्धि इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सीमित संसाधनों के बावजूद सरकारी स्कूलों के छात्र मेहनत, लगन व अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह परिणाम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव और गुणवत्ता को भी दर्शाता है। शिक्षा विभाग के लिए भी यह परिणाम बेहद उत्साहजनक माना जा रहा है। इससे न केवल सरकारी विद्यालयों की साख मजबूत हुई है, बल्कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत व समर्पण भी सामने आया है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन चंबा विकास महाजन ने कहा कि यह परिणाम सरकारी स्कूलों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## बढ़िया कोठी स्कूल का शानदार कमाल




अनंत ज्ञान

**चंबा।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़िया कोठी ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो कक्षा के परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर क्षेत्र में गौरव का माहौल बना दिया है। इस वर्ष कला व विज्ञान संकाय से परीक्षा में शामिल हुए सभी 24 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम में 9 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 13 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

कला संकाय में स्नेहा व आरती ने 86.6% अंक के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिल्पा ने 85.6% के साथ दूसरा तथा मधु ने 85.2% अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में स्नेहा ने 81.4% अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंजलि ने 80.2% के साथ दूसरा व आशीष ने 80% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति राणा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया व इस सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षकों को देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

# एपीएमसी अध्यक्ष ललित को जान का खतरा पीछा करने की घटनाओं से मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा की सियासत और प्रशासनिक हलकों में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंप दी। लगातार संदिग्ध परिस्थितियों में पीछा किए जाने की घटनाओं ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बना दिया है।

ललित ठाकुर ने अपनी शिकायत में खुलासा किया है कि बीती 2 मई को बालू स्थित कार्यालय से लौटते समय कुछ अज्ञात वाहनों ने उनके सरकारी वाहन का पीछा किया। यह घटनाक्रम यहीं तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी चंबा से शिमला और भरमौर से लौटते समय लूना के पास देर रात इसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां सामने आ चुकी हैं। उन्होंने इन घटनाओं को महज संयोग मानने से इनकार करते हुए इसे एक सुनियोजित व संगठित साजिश करार दिया है। ठाकुर का कहना है कि अज्ञात लोग लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं, जो किसी संभावित बड़े हमले की आशंका को जन्म देता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह मामला बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। ललित को मुख्यमंत्री सुक्खू का करीबी माना जाता है व वर्तमान राजनीतिक माहौल के अनुसार वे 2027 के विधानसभा चुनावों में टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल हैं, ऐसे में अचानक सामने आई यह खबर पूरे घटनाक्रम को और भी ज्यादा गंभीर और संदिग्ध बना रही है। एपीएमसी अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मामले की तत्काल व गहन जांच की मांग करते हुए कहा है कि संबंधित अज्ञात वाहनों और व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभाव से उचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने की भी अपील की है।

ललित ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उन अज्ञात लोगों और संभावित गिरोह की होगी जो लगातार उनका पीछा कर रहे हैं। एसपी चंबा विजय सकलानी ने बताया कि एक संदिग्ध गाड़ी द्वारा पीछा किए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत जांच की जा रही है।

# बैरा स्यूल परियोजना में धरना जारी मजदूरों ने दी काम बंद की चेतावनी

अनंत ज्ञान



**सुरंगानी।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले चल रहा धरना-प्रदर्शन सोमवार को 14वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन ने अब उग्र रूप लेने के संकेत दे दिए हैं। धरने में सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध, यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर, कोषाध्यक्ष धर्म चंद व उपाध्यक्ष लोक राम समेत कई पदाधिकारी और मजदूर मौजूद रहे।

मजदूरों ने एक स्वर में प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द समाधान की मांग की। सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मामला काफी समय से लंबित है, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन का यही रवैया जारी रहा, तो मजदूर लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर श्रम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा व बातचीत विफल होने पर काम बंद (हड़ताल) जैसे कठोर कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उधर, तीसा स्थित बैरा स्यूल परियोजना की डैम साइट पर भी यूनियन अध्यक्ष चमन सिंह के नेतृत्व में मजदूरों ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक दुनी चंद को पुन: नौकरी पर बहाल नहीं किया जाता। मजदूरों का यह लगातार प्रदर्शन अब प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो परियोजना के कार्य प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# बकलोह की बेटी बनी रेडियोलॉजी विशेषज्ञ

**अनंत ज्ञान, भटियात।** चंबा जिले के भटियात क्षेत्र की होनहार बेटी डॉ. नैना थापर ने एमडी रेडियोडायग्नोसिस की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें 30 अप्रैल को पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के 39वें दीक्षांत समारोह में यह उपाधि प्रदान की गई। बकलोह कैंट निवासी डॉ. नैना ने प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूलों से प्राप्त करने के बाद 2014 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉ. राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश लिया और 2019 में डिग्री पूरी की। इसके बाद उन्होंने सिविल अस्पताल रेहान और नूरपुर में मेडिकल ऑफिसर के रूप में सेवाएं दीं। वर्ष 2022 में आईएनआई-सीईटी परीक्षा पास कर उन्होंने पीजीआईएमईआर में प्रवेश लिया और 2025 में एमडी पूरी की। डॉ. नैना अपनी सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देती हैं तथा भविष्य में रेडियोलॉजी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने का लक्ष्य रखती हैं।

# भरमौर में शोक : चौरासी व्यापार मंडल ने तीन घंटे बाजार बंद रखकर सूरज को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** चौरासी व्यापार मंडल भरमौर ने स्थानीय व्यापारी सूरज ठाकुर के निधन पर सोमवार सुबह 3 घंटे तक बाजार बंद रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सूरज लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे व उनका इलाज चंडीगढ़ में चल रहा था।

रविवार सुबह उनका निधन हो गया। रविवार देर रात उनके पार्थिव शरीर को भरमौर लाया गया, जिसके बाद सोमवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसी उपलक्ष्य में चौरासी व्यापार मंडल के आह्वान पर सोमवार सुबह 9 से 11 बजे तक संपूर्ण बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा गया। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व समस्त व्यापारी वर्ग ने एकत्र होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की व शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चौरासी व्यापार मंडल के मुख्य संयोजक हरिशरण शर्मा, प्रधान महिंद्र पटियाल, वरिष्ठ सदस्य देशराज शर्मा, जैसी राम ठाकुर, टेकचंद ठाकुर, रंजीत शर्मा, आजाद जरियाल, कालू शर्मा, संजय कपूर, सुमित ठाकुर, शाता ठाकुर, नवीन ठाकुर, पाली ठाकुर, तिलक शर्मा, अभिलाष पटियाल, पप्पू ठाकुर, विनय सनियाल, मिलाप पटियाल, गोलू शर्मा, संजय ठाकुर सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल ने दिवंगत सूरज ठाकुर को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा व उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## जनगणना के लिए फील्ड प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

# अधिकारियों को निष्ठा से कार्य करने के निर्देश

अनंत ज्ञान



**चंबा।** डीसी व जिला जनगणना अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में बचत भवन चंबा में जनगणना-2027 के लिए चंबा जिला में नियुक्त 32 फील्ड प्रशिक्षकों (फील्ड ट्रेनर) को तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4 मई से आरंभ यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मई तक जारी रहेगा। डीसी ने बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है। जनगणना-2027 में पहली बार स्व-गणना पद्धति प्रारंभ की जा रही है, जिसमें व्यक्ति एचएलओ मोबाइल ऐप तथा वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी 1 से 15 जून तक स्वयं प्रस्तुत कर सकेंगे तथा 16 जून से 15 जुलाई के मध्य मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। जिला जनगणना अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकारियों से कहा कि वे मात्र जानकारी एकत्र करने वाले ही नहीं, बल्कि देश के विकास कि बुनयादि नींव को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले कारक हैं। इस जनगणना के आधार पर ही देश के विकास के लिए निति निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सुचारू व प्रभावी ढंग से संपन्न करने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना से संबंधित जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वह जनगणना अधिकारियों को अपनी सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि जनगणना कार्य को सटीकता से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से भी आह्वान किया कि वह इस कार्य को पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस प्रशिक्षण शिविर में बतौर मास्टर ट्रेनर सहायक निदेशक जनगणना उत्कर्ष यादव ,सहायक प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार व कपिल डीसीओ नोडल अधिकारी चंबा द्वारा जनगणना संबंधी आवश्यक पहलुओं पर फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री और न्यायाधीश को सौंपे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव में 13 अप्रैल को सिया गुलेरिया की हत्या के मामले में जांच में तेजी लाने की मांग तेज हो गई है। सिया न्याय व यादगार मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य न्यायाधीश को मांगपत्र भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी संजीव गौतम से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई व चालान पेश करने की मांग उठाई। मंच के संयोजक एडवोकेट सुरेश शर्मा, सह संयोजक नंद लाल राव और ऋत्विक कुमार के नेतृत्व में कई सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद जांच लंबित है, जिससे लोगों में असंतोष है। उन्होंने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में सरकाघाट में ही कराने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। डीएसपी ने बताया कि जांच लगभग 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी है और जल्द ही चालान पेश किया जाएगा।

### संतुलित व गुणवत्तापूर्ण प्रश्न पत्र तैयार किए

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू में समग्र शिक्षा के तहत एसए-1 परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला जिला उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। इसमें चंबा जिले के विभिन्न शिक्षा खंडों से चयनित अनुभवी विषय विशेषज्ञ अध्यापक भाग लेकर विषयवार संतुलित और गुणवत्तापूर्ण प्रश्न पत्र तैयार कर रहे हैं। इन प्रश्न पत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र और निष्पक्ष मूल्यांकन को सुनिश्चित करना है। जिला आर एंड ई समन्वयक अभिमन्यु ठाकुर ने बताया कि ये प्रश्न पत्र विशेष रूप से शीतकालीन विद्यालयों की एसए-1 परीक्षाओं के लिए उपयोगी होंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया में पाठ्यक्रम अनुरूपता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कार्यशाला के बाद सभी प्रश्न पत्र राज्य परियोजना निदेशक को अनुमोदन के लिए भेजे जाएंगे, जिससे परीक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके।

### विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताए नशे से दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कपाही में विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मानसिक संतुलन के महत्व व नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। सत्र का संचालन त्रिनेत्रा माइंडफुलनेस काउंसलिंग की विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिक जीवन ज्योति और उनकी टीम ने किया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच, आत्म-नियंत्रण और भावनात्मक संतुलन से जुड़ा है। उन्होंने बढ़ते तनाव, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल निर्भरता को मानसिक समस्याओं का प्रमुख कारण बताया। इस दौरान शराब, तंबाकू, सिगरेट, ई-सिगरेट और ड्रग्स जैसे नशों के गंभीर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों को नशे से दूर रहने, आत्मविश्वास बढ़ाने और योग-ध्यान जैसे स्वस्थ विकल्प अपनाने की सलाह दी। प्रधानाचार्य विनस मल्होत्रा ने ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रखने की बात कही।

मामलों को आपसी सहमति से निपटाने का मौका

### समाधान समारोह के तहत होगी लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंबा, एकांश कपिल ने बताया कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की कड़ी में 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में समाधान समारोह का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मुकदमों का निपटारा आपसी सहमति संवाद व मध्यस्थता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21, 22 तथा 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ ही इस विशेष अभियान का समापन होगा। उन्होंने बताया कि समाधान समारोह के तहत 21 अप्रैल से ही सुलह व मध्यस्थता बैठकों का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। ये बैठकें राज्य, जिला, तालुका व उच्च न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों व समितियों के अंतर्गत स्थापित मध्यस्थता केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ व विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों के बीच सहमति बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पक्षकार इन बैठकों में व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल माध्यम से भी भाग ले सकते हैं।

# 24 रेड जोन पंचायतों में नशे की रोकथाम के लिए एक सप्ताह में बनेगी विशेष रणनीति : डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियां जैसे पुलिस, एनसीबी व एसटीएफ जब भी संपर्क करें, राजस्व विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचें तथा यदि गवाह के रूप में बुलाया जाए, तो संबंधित विभागों के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रग्स की सप्लाई रोकने के साथ-साथ इसकी मांग को खत्म करने पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है और एक सप्ताह के भीतर 24 रेड जोन पंचायतों में नशे की रोकथाम के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी, जिसमें प्रत्येक विभाग की भूमिका स्पष्ट होगी। डीसी ने कहा कि भांग के पौधों के उगने के इस समय में वन विभाग को विशेष रूप से सक्रिय रहना होगा।

निजी भूमि पर भांग उगाए जाने वाले की जानकारी मिल जाती है, लेकिन वन भूमि पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि वन भूमि पर भांग या पोस्त की अवैध खेती पाए जाने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और स्वत: उगे पौधों को भी नष्ट किया जाए। उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम के तहत आरोपियों की संपत्ति जब्त करने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि नशे के नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। डीसी ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार के नशीले खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। उन्होंने अपना विद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का कम से कम महीने में एक बार या त्रैमासिक दौरा करें, ताकि युवाओं में नशे के प्रति सही संदेश पहुंचे।

# डलहौजी सदर बाजार पार्किंग में फिर शरारती तत्वों का आतंक, खड़ी कार का शीशा तोड़ा

अनंत ज्ञान



**अजीत सिंह/ डलहौजी।** शहर के सदर बाजार स्थित पार्किंग क्षेत्र में एक बार फिर शरारती तत्वों ने उत्पात मचाते हुए, वहां खड़ी एक कार के पिछले शीशे को तोड़ दिया।

यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के साइड मिरर व पिछले शीशे तोड़े जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे वाहन मालिकों में भारी रोष है। इस बार शरारती तत्वों ने पार्किंग में खड़ी एक आई-20 कार को निशाना बनाया व उसका पिछला शीशा तोड़ दिया। कार मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा है व इस तरह की घटनाएं लगातार होने से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पार्किंग पूरी तरह रिहायशी इलाके में स्थित है। इसके बावजूद शरारती तत्व बेखौफ होकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। लोगों ने प्रशासन और पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में डीएसपी मयंक शर्मा ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिल गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं कुलदीप राणा** पुत्र श्री रूप लाल, निवासी गांव परैण डाकघर लांगणा, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड में शनाया राणा गलत दर्ज हुआ है। जबकि उसका सही और वास्तविक नाम माहिका राणा है। अत: आधार कार्ड में भी सही नाम माहिका राणा दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

# भाजपा मंडल सरकाघाट व बलद्वाड़ा ने विधानसभा चुनाव जीत पर मनाया उत्सव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा के मंडल सरकाघाट व मंडल बलद्वाड़ा के कार्यकर्ताओं ने विधायक दलीप ठाकुर की अगुवाई में पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत पर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि यह जीत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इसी समर्पण व ऊर्जा के साथ पार्टी को और मजबूत बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

**व अदालत अभिषेक भास्कर तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

मुकदमा न. 19/तह./26
किस्म मुकदमा - दरूस्ती
तारीख पेशी 23/5/26

**जिवो राम बनाम आम जनता**

**नोटिस बनामः** - जिवो राम पुत्र धनी राम निवासी गांव लहामन डा. टिक्कर तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

**बनाम आम जनता**

**मुस्त्री- मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई - राजपत्र हि0 प्र0**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल लाहमन के राजस्व अभिलेख में गलती से जीवा राम हो गया है व उसके पिता का नाम धनिया हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम जिवो राम पुत्र धनी राम व उसके पिता का नाम धनी राम है। अतः मुस्त्री-मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई-राजपत्र हि0 प्र0 द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम जिवो राम पुत्र धनी राम व उसके पिता का नाम धनी राम को है। अतः इस वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 23/5/26 अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 30 2/4/20 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)।**

किसम मुकदमा नाम दरूस्ती
आगामी तारीख पेशी 4/06/2026
श्रीमति वीना देवी पुत्री श्री चमेल सिंह वासी गांव बलोह मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)।

*....प्रार्थीगण*

**बनाम आम जनता**

**नोटिस बनाम आम जनता-** उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति वीना देवी पुत्री श्री चमेल सिंह वासी गांव बलोह मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि0 प्र0) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र भूमि खाता न0 187 खतौनी न0 187 खसरा किता 9 रक्बा 7 कनाल 07 मरले महाल बलोह में अपना नाम सही करनवाने वारे दिया है जिसमें प्रार्थी का सही नाम वीना देवी है जबकि राजस्व रिकार्ड में कशमीरी देवी गलत दर्ज है। अतः सही नाम वीना देवी उर्फ कशमीरी देवी सही करवाने की प्रार्थना की है। इसलिए आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी/अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त नाम दरूस्ती वारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन / वकालतन दिनांक 04/06/2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि0 प्र0)।**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उपतहसील वीहड़ू कलां, जिला ऊना (हि.प्र.)**

तारीख पेशीः- 19-05-2026
मुकदमा न.- 809594/NTBC/2026
किसम दावा :- नाम दरूस्ती

**निरपाल सिंह वनाम आम जनता**

**विषयः** प्रार्थना पत्र नाम दरुस्ती करवाने बारे।

उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला में प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र वराए नाम दरूस्ती इस न्यायालय में दायर किया है जिसमें उसने अपना नाम निरपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह वासी महाल नरघोटा, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) वताया है। जबकि उसका नाम राजस्व अभिलेख महाल नरघोटा जमाबन्दी वर्ष 2023-2024 के अनुसार नरपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह दर्ज है। प्रार्थी नरपाल सिंह की वजाए नरपाल सिंह उपनाम निरपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह वासी महाल नरघोटा, मौजा टीहरा, जिला ऊना (हि.प्र.) करवाना चाहता है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्व अभिलेख नरघोटा, मौजा टीहरा, उप-तहसील वीहड़ूकलां, जिला ऊना (हि.प्र.) में इस नाम दरूस्ती वारे कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह निर्धारित तिथि पेशी दिनांक 19-05-2026 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन अदालत हजा में हाजिर आकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। एतराज न प्राप्त होने की सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुकदमा का निर्णय कर दिया जाएगा।

आज दिनांकः-29/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता (द्वितीय वर्ग), उपतहसील वीहड़ू कलां, जिला ऊना (हि0प्र0)**

**व अदालत अभिषेक भास्कर तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

मुकदमा न. 20/तह0/26
किस्म मुकदमा - दरूस्ती
तारीख पेशी 23/05/26

**प्रशोतम चन्द बनाम आम जनता**

**नोटिस बनामः-** प्रशोतम चन्द पुत्र रंगीला राम निवासी गांव सिम्वल खोला डा. टिक्कर तहसील पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

**बनाम आम जनता**

**मुस्त्री- मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई - राजपत्र हि0 प्र0**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल सिम्वल खोला के राजस्व अभिलेख में गलती से प्रशोतम लाल हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम प्रशोतम चन्द पुत्र रंगीला राम है। अतः मुस्त्री-मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई-राजपत्र हि0 प्र0 द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम प्रशोतम चन्द पुत्र रंगीला राम है। अतः इस वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 23/5/26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 30/4/26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

**व अदालत अभिषेक भास्कर तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

मुकदमा न0 30/ तह0/26
किस्म मुकदमा- दरूस्ती
तारीख पेशी 23/5/26

**कर्म सिंह बनाम आम जनता**

**नोटिस बनामः** कर्म सिंह पुत्र प्रभू राम निवासी गा0 लाहमन डा0 टिक्कर तहसील पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

**बनाम आम जनता**

**मुस्त्री- मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई- राजपत्र हि0 प्र0**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल रामनगर के राजस्व अभिलेख में गलती से कर्मू हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम कर्म सिंह पुत्र प्रभू राम है। अतः मुस्त्री-मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई-राजपत्र हि0 प्र0 द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम कर्म सिंह पुत्र प्रभू राम है। अतः इस वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 23/5/26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 30/4/26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**

मुकदमा नः- 07/तह./2026
तारीख पेशीः 23.05.2026
श्री विपन चन्द्र पुत्र किरपा राम निवासी गांव व डाकघर सल्याणा तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0प्र0।

**बनाम**

**आम जनता/ग्राम पंचायत सल्याणा**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (3) जन्म एंव मत्यू पंजीकरण अधिनियम, 1969

श्री विपन चन्द्र पुत्र किरपा राम निवासी गांव व डाकघर सल्याणा तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि इनका जन्म गांव सल्याणा में दिनांक 15.03.1966 को हुआ है, लेकिन ग्राम पंचायत सल्याणा के अभिलेख में दर्ज न है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उजर एंव एतराज हो तो वह दिनांक 23.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा विपन चन्द्र के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्राम पंचायत सल्याणा को पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 30.04.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**

**व अदालत अभिषेक भास्कर तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

मुकदमा न. 07/तह0/26
किस्म मुकदमा दरूस्ती
तारीख पेशी 23/5/26

**ओम प्रकाश बनाम आम जनता**

नोटिस बनामः - ओम प्रकाश पुत्र वजीर निवासी गांव लमलेहड डा. घाड तहसील पंचरुखी जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

**बनाम आम जनता**

**मुस्त्री- मुनादी/अखबारी ईश्तहार / ई - राजपत्र हि0 प्र0**

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल लमलेहड के राजस्व अभिलेख में गलती से ओमी पुत्र बजीर हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम ओम प्रकाश पुत्र वजीर है। अतः मुस्त्री-मुनादी/अखबारी ईश्तहार/ई-राजपत्र हि0 प्र0 द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम ओम प्रकाश पुत्र वजीर है। अतः इस को अधोहस्ताक्षरी वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 23/5/20 की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 30/4/26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पंचरूखी जिला कांगड़ा हि0प्र0**

**संवेदनशीलता** न्याय की पहली अनिवार्यता है।

-कुमार आशीष

## संपादकीय

# हिमाचल में नशे का जाल

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ जितनी तेजी से अभियान चलाया जा रहा है, उतनी ही तेजी से नशा तस्कर अपने नेटवर्क को विस्तार देते जा रहे हैं। पुलिस और सरकार एक ओर इस काले कारोबार पर शिकंजा कसने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तस्कर नए-नए हथकंडे अपनाकर कानून को चुनौती दे रहे हैं। कभी रिश्तेदारी की आड़ में, कभी नाबालिगों के जरिए, कभी महिलाओं और युवतियों को शामिल कर, तो कभी पुलिस की वर्दी या किताबों में छिपाकर नशे की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा रहा है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत भी है।

हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार ने खासकर चिट्टे (हेरोइन) के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान के तहत कई बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की गई है और कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बावजूद इसके, यह भी एक सच्चाई है कि नशा तस्करी का जाल पूरी तरह टूट नहीं पाया है। इसका मुख्य कारण इस धंधे से होने वाला भारी मुनाफा है, जिसने तस्करों को इतना निर्भीक बना दिया है कि उन्हें अब कानून का भी भय नहीं रह गया है। आज स्थिति यह है कि हिमाचल के कई क्षेत्रों में चिट्टा आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या केवल तस्कर और अपराधी ही दोषी हैं, या समाज का एक हिस्सा भी अनजाने में इस समस्या को बढ़ावा दे रहा है? आधुनिक जीवनशैली, मोबाइल और सोशल मीडिया की लत, पारिवारिक संवाद की कमी और बच्चों पर घटती निगरानी भी इस समस्या के प्रमुख कारण बनते जा रहे हैं। जिन परिवारों में अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, वहां स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर देखी जा सकती है।

हाल ही में ऊना जिले के संतोषगढ़ में लगभग तीन करोड़ रुपए की चिट्टे की खेप पकड़ी गई, जो अब तक की बड़ी सफलताओं में से एक है। इस कार्रवाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेनू कुमारी (एसटीएफ, नॉर्दर्न रेंज कांगड़ा) की टीम ने अंजाम दिया। 1.005 किलोग्राम चिट्टे के साथ तीन आरोपियों की गिरफ्तारी ने यह साबित किया कि यदि ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए, तो नशा तस्करी पर प्रभावी प्रहार संभव है। इससे पहले भी शिमला, कांगड़ा और बिलासपुर में कई मामलों में नशे की बड़ी खेप पकड़ी जा चुकी है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि तस्कर केवल एक ही प्रकार के नशे तक सीमित नहीं हैं। वे एलएसडी जैसे खतरनाक पदार्थों की तस्करी भी कर रहे हैं। शिमला में किताबों के भीतर छिपाकर लाई गई एलएसडी की खेप इसका उदाहरण है। इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई, जिन्होंने आधी खेप छिपाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस विभाग के ही ईमानदार अधिकारियों ने इस साजिश का पर्दाफाश कर दिया, जो यह दर्शाता है कि व्यवस्था में आज भी ईमानदारी जिंदा है।

ऐसे उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। सरकार को चाहिए कि वह ईमानदार अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करे, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। साथ ही, गुप्त सूचना देने वालों के लिए घोषित इनाम योजना को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखनी होगी, शिक्षण संस्थानों को जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे और युवाओं को सही दिशा देने की जरूरत है। गांव और शहर स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। इसके अलावा, प्रशासन को भी अपनी रणनीति और अधिक सुदृढ़ करनी होगी। सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी, तकनीकी साधनों का उपयोग, तस्करों के वित्तीय नेटवर्क पर प्रहार और तेज न्यायिक प्रक्रिया जैसे कदम उठाने होंगे। यह भी समझना जरूरी है कि जब करोड़ों रुपए की खेप पकड़ी जाती है, तो तस्करों को आर्थिक नुकसान होता है, लेकिन वे इसकी भरपाई के लिए और अधिक सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए हर सफलता के बाद और अधिक सतर्कता की जरूरत होती है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज

**समरेश जंग** भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज हैं, जिनका जन्म 5 मई 1970 को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के हरिपुर में हुआ था। उन्होंने पिस्टल शूटिंग में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया और अपनी प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई।



समरेश जंग
**जन्म :** 5 मई, 1970

समरेश जंग को सबसे अधिक प्रसिद्धि 2006 राष्ट्रमंडल खेल में मिली, जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीते। इस अद्भुत उपलब्धि के कारण उन्हें इन खेलों का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया, जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी के लिए पहली बार था।

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1997 में द्वितीय साउथ एशियन फेडरेशन शूटिंग चैंपियनशिप से की, जहां उन्होंने दो स्वर्ण सहित कई पदक जीते। इसके बाद 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों में भी उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समरेश जंग सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (CISF) में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए वर्ष 2002 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सफलता का सबसे यादगार पल 2006 के मेलबर्न खेलों में आया, जहां उन्होंने विभिन्न पिस्टल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समरेश जंग की उपलब्धियां उन्हें भारत के महान निशानेबाजों में शामिल करती हैं।



कविता

### चाची तूं प्रधान बनाणी

बच्चन सिंह, मस्सल, नगरोटा बगवां

**चाचा**, कजो तूं देर लगादा। परले घरां दा नां है छादा।।
गीता परचा अज भरी आई। असां ते पहिले करी दिति चढ़ाई।।
छंगण भतिजया, कजो घबराया। चाचिया तेरिया टिपड़ा दिखाया।।
पंडितें बोलया निश्चे ने जाणा। कन्ने मेरा दितिया डोरु पाणा ।।
उन्हां दी गल्ल असां गट्ठी बनियो। पंडिते दी असां पूरी मनियो।।
पिछले साले कुनी गां थी गवाईयो। भला पंडिते दा, तिनी थी बचाईयो ।।
पीला दसेया सूट है पाणा। चार बजे जाई परचा भराणा।।
सतागला पारलिया ताइया तांई। तिसा जो मत तूं दिंदी ग्लाई।।
चिट्टे रंगे दी मिठाई लेई जाणी। परचा भरी ने सबना जो खिलाणी ।।
तांई तां फिट हुणी सारी घाणी। मंदिरे जाई ने फेरी पाणी।।
चाचियें कितियो फुल तैयारी। सांहजो हुण काहदी दुश्वारी।।
जितणें पर साहड़े कम्म कमाणे।। बाकि चाचा सब किच्छ जाणे।।
छंगण बोलदा ढोल लेई जाणा। गाणेया कन्नै भंगड़ा पाणा।।
चाची सबना जो हथ जोड़ने। मुस्कराई ने लोकां दे वोट तोड़ने।।
चलदे पुरजे घुम्मर,धामी। परले ग्रांए दी लौकी मामी।।
तिनां तां सारा खेल रचाणा। पकड़ा तिनां मत देया जाणा।।
अपणे पाले च सारे पाणे। मुंडु खुंडु कन्ने सब सियाणे।।
पैसा तां लगणा, धाम करांदे। मीटे शराबे दा स्टाल सजांदे।।
इबकी बाजी जाणा नी देणी। वोट तां इक्की इक्की दी लैणी।।
नोटां दी बरसात कराणी। चाची तूं प्रधान बनाणी।।

# लोकतंत्र या लालच तंत्र : पांच राज्यों के चुनाव परिणामों का संदेश



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर

पांच राज्यों का चुनाव आज मतगणना के बाद समाप्त हो रहा है। इस चुनाव में सबसे बड़ी जीत किसी दल की हुई है तो वह है भारतीय जनता पार्टी, जो 15 साल से लगातार बंगाल विजय का सपना आंखों में संजोकर वहां की सड़कों पर चल रही थी। सपना आज बंगाल की जनता ने अपने वोट और अपने आशीर्वाद से पूरा कर दिया। भाजपा के माथे पर बंगाल का ताज रख दिया और बंगाल के लोगों ने अपने लिए नए शासन को चुन लिया। अब यह देखना है कि बंगाल का नया शासक वहां की अस्मिता, वहां के लोगों के प्यार और विश्वास को कितनी गंभीरता से संभालता है और क्या वह बंगाल को पुन: विकास के पथ पर अग्रसर कर पाएगा।

क्या नई सरकार बंद पड़ी सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों को पुन: चालू कर पाएगी? क्या स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों से आने वाले कामगारों को रोजगार मिलेगा? या फिर पांच साल केवल यह कहकर निकल जाएंगे कि अभी तो हमने बंगाल को समझा है और अगले पांच साल में विकास करेंगे? यह सवाल जनता के मन में उठ रहे हैं और इनके उत्तर समय के साथ सामने आएंगे। इन पांच राज्यों के चुनाव में लोकतंत्र की प्रक्रिया पूरी हुई, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हर चुनाव के बाद एक सवाल फिर उठ खड़ा होता है कि क्या वास्तव में लोकतंत्र जीता या फिर षड्यंत्र, मशीन तंत्र और सत्ता तंत्र का प्रभाव अधिक रहा? आज का मतदाता क्या वास्तव में विकास, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर मतदान कर रहा है या फिर वह चुनावी प्रलोभनों से प्रभावित हो रहा है?

भारत में धीरे-धीरे 'लालच तंत्र' की अवधारणा मजबूत होती दिखाई दे रही है। बिहार में महिलाओं को 10000 रुपए देने की घोषणा ने चुनावी परिणामों को प्रभावित किया। इसी प्रकार असम में 9000 रुपए की सहायता योजनाओं ने भी मतदाताओं को प्रभावित किया। यह प्रश्न नहीं है कि ये योजनाएं क्यों दी गईं, बल्कि यह है कि क्या लोकतंत्र अब विकास की बजाय लाभ वितरण की प्रतिस्पर्धा बनता जा रहा है?

असम में यह चर्चा है कि क्या हिमंता बिस्वा सरमा एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे, वहीं बंगाल में शुभेंदु अधिकारी का नाम संभावित नेतृत्व के रूप में सामने आ रहा है। बंगाल की राजनीति का इतिहास भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। पहले कांग्रेस की सरकार, फिर लंबे समय तक वामपंथी शासन और उसके बाद ममता बनर्जी का उदय। ममता बनर्जी ने 25 वर्षों की वाम सरकार को समाप्त कर सत्ता हासिल की और लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहीं, लेकिन अब जनता ने एक बार फिर बदलाव का निर्णय लिया है और भाजपा को अवसर दिया है।



इन चुनावों में यदि किसी दल की सबसे बड़ी हार हुई है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस के पास कई राज्यों में मजबूत संगठन और जमीनी कार्यकर्ताओं की कमी साफ दिखाई देती है। बिहार, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पार्टी की स्थिति कमजोर होती जा रही है। कई नेता अवसरवादिता के कारण चुनाव के समय दल बदल लेते हैं, जिससे पार्टी और अधिक कमजोर हो जाती है। सत्ता में लंबे समय तक रहने के बाद कई नेताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता कम हो जाती है और वे केवल सत्ता के साथ बने रहने का प्रयास करते हैं। तमिलनाडु में भी एक नया राजनीतिक परिदृश्य देखने को मिला है, जहां एक नई पार्टी ने पारंपरिक दलों को चुनौती दी। यहां भी मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए गए। 8 ग्राम सोना और अन्य लाभों की घोषणाओं ने चुनावी माहौल को प्रभावित किया। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ के आधार पर निर्णय लेने लगेंगे तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होगा।

केरलम में कांग्रेस गठबंधन को जनता का समर्थन मिला है, लेकिन वहां भी मुख्यमंत्री पद को लेकर आंतरिक संघर्ष शुरू हो गया है। यह दर्शाता है कि सत्ता प्राप्ति के बाद भी चुनौतियां समाप्त नहीं होतीं। हर दल को अपने अंदर अनुशासन और एकता बनाए रखने की आवश्यकता होती है। इन चुनावों के परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि जनता बदलाव चाहती है, लेकिन साथ ही वह तात्कालिक लाभों से भी प्रभावित होती है। यह लोकतंत्र की ताकत भी है और उसकी कमजोरी भी। एक ओर जनता के पास सत्ता बदलने की शक्ति है, वहीं दूसरी ओर वह प्रलोभनों के कारण अपने निर्णय को प्रभावित भी होने देती है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत का लोकतंत्र अपने मूल स्वरूप में बना रहेगा या 'लालच तंत्र' का प्रभाव लगातार बढ़ता जाएगा? क्या राजनीतिक दल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महंगाई जैसे मूल मुद्दों पर वापस लौटेंगे या फिर चुनावी लाभ के लिए अल्पकालिक योजनाओं का सहारा लेते रहेंगे?

पांच राज्यों के शपथ ग्रहण समारोह अब नई उम्मीदों और नई चुनौतियों के साथ होंगे। हर दल के सामने यह जिम्मेदारी है कि वह जनता के विश्वास को कायम रखे। लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है जिसमें जनता और सरकार दोनों की समान भागीदारी होती है। यदि जनता जागरूक रहे और सरकारें जिम्मेदारी से कार्य करें, तो लोकतंत्र मजबूत होगा।

अन्यथा, यदि 'लालच तंत्र' हावी रहा, तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर पड़ सकती हैं। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ता है- विकास और जनहित की ओर या फिर प्रलोभनों की राजनीति की ओर।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अग्निकांडों की बढ़ती घटनाएं : चेतावनी, जिम्मेदारी और समाधान



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

बेशक 14 से 20 अप्रैल तक पूरे देश में अग्निशमन दिवस मनाया गया। लोगों को आगजनी की घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया। दिवस पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। सेमिनार लगाए गए लेकिन नतीजा शून्य ही है। केंद्र सरकार को आगजनी के मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए ताकि रोक लग सके। प्रतिदिन पर हजारों अग्निकांडों की घटनाएं होती जा रही हैं। ताजा हादसा दिल्ली के विवेक विहार की बिल्डिंग में पेश आया जहां, भीषण आग से 9 लोगों की मौत हो गई। आग टॉप फ्लोर पर लगी। 12 से 14 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। दमकल की 14 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। शव इतने जल चुके थे की पहचान मुश्किल हो गई थी। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रतिदिन लाशों के अंबार लगते जा रहे हैं। असमय ही लोगों को मौत नसीब हो रही है और कई लोग झुलस रहे हैं तथा करोड़ों की संपति राख हो रही है । गत वर्ष 2025 में नवीं मुबंई और आसपास के इलाकों में आग की कई दुखद घटनाएं हुई। वाशी में एक इमारत में आग लगने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी जिसमें एक बच्ची भी शामिल थी । दिल्ली में दिवाली की रात 280 आगजनी की घटनाएं होने से काफी नुक्सान हुआ है। गोदाम में आग लगने से सब कुछ राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हिमाचल की राजधानी शिमला में दीपावली की रात कई अग्निकांड हुए। शिमला में चार दुकानें जलकर राख हो गईं। आग से लाखों का नुकसान हो गया था। कसोल में भी होटल में आग लगने से नुकसान हुआ था। कुल्लू, शिमला, हमीरपुर में आग की घटनाएं सामने आई थीं। रामपुर में भी आग की घटना हुई है। इंदौर में भी 18 जगह आग लगी। आगजनी से दो फैक्टरियां राख हो गई थी। प्रयागराज में भी दिवाली की रात शहर व गांव में 28 जगह पर आग की घटनाएं घटित होने से करोड़ों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। अमृतसर में भी नौ जगहों पर आग की घटनाएं हुई थी।



हर साल दीपावली पर अग्निकांड होते हैं। सैकड़ों लोग झुलस जाते हैं, मगर प्रशासन कोई कदम नहीं उठाता। यदि प्रशासन एहतियात बरते तो इन दर्दनाक हादसों से बचा जा सकता है, मगर जब तक लाशों के ढेर न लग जाएं तब तक न तो प्रशासन जागता है और न ही सरकारें सुधारात्मक कदम उठाती हैं। प्रशासन को पता होता है कि ऐसे पर्वों पर आग की घटनाओं का अंदेशा रहता है। यदि पहले ही पुख्ता इंतजाम किए होते तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता था।

लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। हर साल इन हादसों में लोग मारे जा रहे हैं। दीपावली की खुशियां मातम में बदल जाती हैं जब ऐसे खौफनाक हादसे होते हैं। सरकारों को इन हादसों से सबक लेते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकारें अक्सर मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेती हैं, जबकि यदि यही धनराशि सुरक्षा सुधार, संसाधनों और प्रशिक्षण पर खर्च की जाए तो इन घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन यह केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। करोड़ों खर्च करने के बावजूद न तो प्रशासन में जागरूकता बढ़ती है और न ही आम जनता में अपेक्षित बदलाव आता है। सेमिनार और प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं, परंतु उनका प्रभाव जमीन पर नजर नहीं आता। देशभर में लगातार बढ़ रहे अग्निकांड कई गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। राज्य सरकारों को अपनी निष्क्रियता छोड़कर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जरूरी है कि हर गांव या दूरदराज क्षेत्र तक अग्निशमन सेवाएं पहुंचें। हर जगह केंद्र स्थापित करना संभव न हो, तो स्थानीय युवाओं को ट्रेंड कर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया जाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गांव के विकास का ब्लूप्रिंट या चुनावी वादे बनाम पंचायत चुनाव



लकेश चंदेल
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

ग्राम पंचायत में मेनिफेस्टो या घोषणापत्र का अर्थ एक लिखित दस्तावेज से है जिसमें कोई उम्मीदवार या ग्राम पंचायत का प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद गांव के विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों और अपनी नीतियों को सार्वजनिक रूप से बताता है। सरल शब्दों में यह एक गांव के विकास का ब्लूप्रिंट या वादानामा होता है।

यह मतदाताओं को यह स्पष्ट करता है कि यदि वह व्यक्ति सरपंच या पंच चुना जाता है तो वह किन प्राथमिकताओं पर काम करेगा जैसे- सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली ,पानी इत्यादि। इसमें अनेक वादे और योजनाएं जैसे कि गांव में नए हैंडपंप लगवाना, स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, जिम,साफ-सफाई, नाली निर्माण या सरकारी योजनाओं को समय पर पात्र लोगों तक पहुंचाने जैसे विशिष्ट वादे शामिल होते हैं। यह सरपंच/पंच के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने का एक जरिया है ताकि ग्रामीण यह जान सकें कि उन्हें किन वादों पर वोट देना है। प्राचीन संस्कृत शास्त्रों में पंचायत के लिए 'पंचायतन' शब्द का उल्लेख मिलता है जिसका अर्थ है एक आध्यात्मिक व्यक्ति सहित पांच व्यक्तियों का समूह। एक आदर्श ग्राम प्रधान को ईमानदार, नि:स्वार्थी, निष्पक्ष, दूरदर्शी और ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उसे गांव के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं जैसे सड़क , पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य को ईमानदारी से लागू करना, पारदर्शी कार्यशैली अपनाते हुए सभी वर्गों महिला, दलित, पिछड़े को साथ लेकर चलना चाहिए। पंचायती राज व्यवस्था भारत में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन की एक त्रि-स्तरीय प्रणाली है जिसे 73वें संविधान संशोधन 1992 के माध्यम से संवैधानिक दर्जा मिला। यह ग्राम स्तर (ग्राम पंचायत), ब्लॉक स्तर (पंचायत समिति) और जिला स्तर (जिला परिषद) पर काम करती है जिसका उद्देश्य विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना है। 73वें संवैधानिक संशोधन 1992 द्वारा संविधान में भाग IX और 11वीं अनुसूची जोड़ी गई। 2 अक्तूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पहली बार त्रि-स्तरीय पंचायत का शुभारंभ किया गया था । स्थानीय स्वशासन का अर्थ है स्थानीय लोगों द्वारा निर्वाचित निकायों द्वारा स्थानीय मामलों का प्रबंधन करना। जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की स्थापना करने के लिए 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के माध्यम से पंचायती राज संस्थान को संवैधानिक स्थिति प्रदान की गई और उन्हें देश में ग्रामीण विकास का कार्य सौंपा गया। वर्ष 1957 में राष्ट्रीय विकास परिषद ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम पर विचार करने हेतु बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।




समिति ने पाया कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम की विफलता का प्रमुख कारण लोगों की भागीदारी में कमी थी। इसलिए त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का सुझाव दिया गया, जिसमें ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद स्थापित की गई। वर्ष 1977 में अशोक मेहता समिति ने पंचायत राज प्रणाली में सुधार हेतु द्विस्तरीय ढांचे (जिला परिषद और मंडल पंचायत) की अनुशंसा की, जिससे प्रशासन अधिक प्रभावी हो सके। वर्ष 1992 में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक दर्जा मिला। इन संशोधनों द्वारा संविधान में 'पंचायत' और 'नगरपालिकाएं' से संबंधित प्रावधान जोड़े गए, जिससे लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुईं। ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए केंद्र और राज्य सरकारें अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

एक अच्छे नेता में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, स्पष्ट संवाद और दूरदर्शिता जैसे गुण होने चाहिए। लोकतंत्र जनता का शासन है, जिसमें नागरिक प्रत्यक्ष या प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन में भाग लेते हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार है और इसका सही उपयोग कर सशक्त नेतृत्व का चयन करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राजनीति में सिद्धांतों की कसौटी पर परखा जा रहा समर्पण



रामकृष्ण मदराडी
ठियोग (शिमला)

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों पंचायती राज संस्थाओं, नगर परिषदों और नगर निगमों के चुनावी माहौल के बीच राजनीति का स्वरूप एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। चुनावी सरगर्मियों के बीच यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या राजनीति अब भी अपने मूल उद्देश्य-समाज सेवा, जन कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति उतनी ही प्रतिबद्ध है, जितनी कभी मानी जाती थी।

राजनीति में किसी दल से जुड़ना केवल एक संगठन का हिस्सा बनना नहीं, बल्कि एक विचारधारा को आत्मसात करना होता है। इस विचारधारा की नींव त्याग, समर्पण, अनुशासन और संघर्ष जैसे मूल्यों पर टिकी होती है लेकिन वर्तमान परिदृश्य में इन मूल्यों की परीक्षा लगातार हो रही है, खासकर चुनावी समय में जब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं उभरकर सामने आती हैं। हिमाचल में जारी स्थानीय निकाय और पंचायती चुनावों के दौरान यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि कुछ कार्यकर्ता टिकट को ही अपनी राजनीतिक यात्रा का अंतिम लक्ष्य मान बैठे हैं। टिकट मिलना निश्चित रूप से एक अवसर है, लेकिन इसे किसी कार्यकर्ता की निष्ठा या योगदान का अंतिम पैमाना मान लेना राजनीति के मूल उद्देश्य को सीमित कर देता है।

विशेष रूप से जिला परिषद जैसे बड़े पदों के लिए जब पार्टियां अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित करती हैं, तब संगठनात्मक अनुशासन की असली परीक्षा होती है। कई बार देखा गया है कि अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ ही पार्टी के भीतर से असंतोष उभर आता है, जो संगठन की एकता को प्रभावित करता है। ऐसे में यह अपेक्षा की जाती है कि अन्य इच्छुक प्रत्याशी भी संगठन के निर्णय का सम्मान करें और मिलकर आगे बढ़ें।

राजनीति में सच्चा कार्यकर्ता वही माना जाता है जो हर परिस्थिति में अपने दल और उसकी विचारधारा के साथ खड़ा रहता है- चाहे उसे चुनाव लड़ने का अवसर मिले या नहीं। उसका उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ नहीं, बल्कि समाज और संगठन के व्यापक हितों की पूर्ति होना चाहिए। यही भावना संगठन को मजबूत बनाती है।




हाल के चुनावी परिदृश्य में यह भी देखा गया है कि टिकट न मिलने पर कुछ कार्यकर्ता निराश होकर पार्टी बदल लेते हैं या विरोध का रास्ता अपना लेते हैं। यह प्रवृत्ति इस ओर संकेत करती है कि कहीं न कहीं सिद्धांतों की तुलना में स्वार्थ को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। इसके विपरीत, समर्पित कार्यकर्ता पार्टी को केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक परिवार मानता है। समर्पण का वास्तविक अर्थ केवल अनुकूल परिस्थितियों में साथ देना नहीं है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहना है। जब अवसर न मिले, तब भी संगठन के लिए कार्य करते रहना और समाज सेवा में लगे रहना ही सच्चे राजनीतिक कर्म का परिचायक है।

यही वह कसौटी है जिस पर एक कार्यकर्ता की असली पहचान बनती है। हिमाचल के मौजूदा चुनावी माहौल में यह जरूरी हो जाता है कि कार्यकर्ता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर संगठनात्मक एकता और विचारधारा को प्राथमिकता दें। इससे न केवल राजनीतिक दल मजबूत होंगे, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

अंतत:, राजनीति में वास्तविक सफलता किसी पद या टिकट की प्राप्ति में नहीं, बल्कि अपने सिद्धांतों और आदर्शों को बनाए रखने में निहित है। टिकट मिलना या न मिलना एक क्षणिक घटना हो सकती है, लेकिन सिद्धांतों के प्रति निष्ठा ही एक कार्यकर्ता की स्थायी पहचान बनाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वाहनों की पासिंग 12 और ड्राइविंग टेस्ट 13 को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम अमर नेगी ने बताया कि नीजि वाहनों की पासिंग 11 मई को व व्यवसायिक वाहनों की पासिंग 12 मई को बीबीएमबी कॉलोनी करनेडी में मॉडल स्कूल के निकट मैदान में की जाएगी। वहीं 13 मई को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट लिए जाएंगे।

### राह चलते बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के डकबंगला के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पर जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में गिरधारी लाल निवासी भगेहड़, डा. चौंतड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में बाइक चालक राहुल निवासी डकाघर चौंतड़ा व उसके साथ बैठी युवती को भी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल जोगिंदर नगर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गिरधारी लाल की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल में भी पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। इस संबंध में पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### किसान ने चोर समझकर पीट दिया प्रवासी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव चौक से महादेव को जाते मार्ग पर रविवार रात एक बाइक जो यूपी न की बताई जाती है के सवार को चोर समझ एक व्यक्ति ने पीट डाला। महादेव को जाते इस मार्ग का एक बड़ा भाग अंधेरे में रहता है के एक चौराहे के निकट एक बाइक सवार बीड़ी पीती हालत में खड़ा था, उसे देख पास के खेत से गुजर रहे एक किसान व्यक्ति ने मार्ग के किनारे खड़े उस व्यक्ति को चोर समझ पीट डाला, जबकि मार खाने वाले उस व्यक्ति ने हाथ जोड़कर कहा कि वह काम से आया है और अपने मकान में वापस लौट रहा है। अंततः सब ठीक हो गया।

### टारना मंडी में कबीर वाणी की अमृत वर्षा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कबीर पंथ महासभा चंडीगढ़ द्वारा सद्गुरु कबीर मंदिर टारना मंडी परिसर में दो दिवसीय कैडर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में जालंधर से महंत जगदीश साहेब, सकड़ी बैजनाथ से महंत करुणाकर साहेब, महंत बाबू लाल, महंत सज्जन दास चांग, स्वामी कृष्ण दास हरियाणा से विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत-महंतों द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी की अमृत वर्षा के साथ किया गया। महासभा के अध्यक्ष राजीव परमार ने विभिन्न राज्यों से आए प्रबुद्धजनों का स्वागत करते हुए कैडर कैंप के उद्देश्यों और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कैडर कैंप का मुख्य उद्देश्य युवाओं को कबीर साहेब के जीवन और शिक्षाओं से जोड़ना, समाज में फैली नशे जैसी कुरीतियों को दूर करना तथा कबीर वाणी का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर विचार व्यक्त किए। आरडी कैले ने प्रचार-प्रसार पर, संतोष कुमारी ने नारी सम्मान पर तथा महंत बाबू लाल ने नैतिकता और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कबीर मंदिर टारना मंडी एवं कबीर पंथ महासभा भारत के उपाध्यक्ष रूप सिंह कौंडल ने कबीर मठ और पंथ की विचारधारा पर अपने विचार साझा किए।

### आलोक भारती स्कूल के गौरव का 9वां रैंक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में आलोक भारती विद्यालय कोटली के होनहार छात्र गौरव ने प्रदेश भर में 9वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गौरव ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरी सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य विक्रम ठाकुर सहित समस्त शिक्षक वर्ग ने गौरव को हार्दिक बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### कन्या स्कूल मंडी का 12वीं का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय मंडी का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 98.13 प्रतिशत रहा। विद्यालय की तीनों संकायों विज्ञान, कला एवं वाणिज्य में छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कला संकाय में दोनिका, सुरभी व अनु, कामर्स संकाय में शगुन, कुसुम व नवप्रीत और विज्ञान संकाय में कनिष्का, खूशबू व शिवानी ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने इस उपलब्धि पर छात्राओं, अभिभावकों तथा समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के संयुक्त प्रयास, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है।

### डीबीपीएस स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर का जमा दो का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि विज्ञान संकाय में स्कूल के सूर्यांश ठाकुर ने 481 अंक लेकर पहला स्थान पाया। वहीं, ध्रुव ठाकुर 475 अंक लेकर दूसरे, श्रेया 471 तीसरे, अक्षिता 470 अंक लेकर चौथे व उज्जवल 466 अंक लेकर पांचवें स्थान में रहा। कामर्स में आशीष 461 अंक लेकर पहले, अंकुश 434 दूसरे, पवन व तनिष्क अंक 407 तीसरे स्थान में रहे। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सैक्रेटरी विजय जमवाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, पीटीए प्रधान अजय ठाकुर व प्रबंधन समिति ने सभी बच्चों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जिले में 7,91,629 मतदाता चुनेंगे पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि

## 3,97,054 पुरुष और 3,94,490 महिला मतदाता करेंगी जीत-हार का फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला की 577 ग्राम पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान तथा 3305 वार्ड सदस्यों, 14 पंचायत समितियों में 267 सदस्यों तथा 36 जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया की अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कर दी गई है।

अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में लगभग 7,91,629 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे जिनमें से लगभग 3,97,054 पुरुष तथा 3,94,490 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 3135 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 2,565 सामान्य, 451 संवेदनशील तथा 119 मतदान केंद्र अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं।



◆ उपायुक्त बोले- निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने को तैयारियां पूरी

अपूर्व देवगन ने बताया कि इन पदों के लिए नामांकन 7 मई, 8 मई तथा 11 मई को सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 12 मई को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थी 14 मई व 15 मई को प्रातः 10 बजे से सायं तीन बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन वापसी के लिए निर्धारित अवधि के तुरंत पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को प्रतीक चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे और उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता वोटर सारथी ऐप पर अपना नाम देख सकते हैं उन्होंने बताया कि विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र को पंचायत चुनावों के पहचान पत्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इस के अतिरिक्त आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड तथा राशन कार्ड को भी पहचान पत्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

### 577 पंचायतों में तीन चरणों में होगा मतदान

**उपायुक्त** ने बताया कि जिला की कुल 577 ग्राम पंचायतों में तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 26 मई को 198, दूसरे चरण में 28 मई को 196 तथा तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को 183 ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न करवाया जाएगा। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान संपूर्ण होने के उपरांत उसी दिन मतगणना के पश्चात ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतगणना 31 मई को संपन्न की जाएगी।

# जोगिंद्रनगर में 10 में से 17 नामांकन पत्र सही, एक रद्द

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में शहरी निकाय के साथ वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान भरे गए 18 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र में से 17 नामांकन सही पाए गए, जबकि एक नामांकन दोहरे नामांकन के कारण रद्द हुआ। अब इच्छुक आवेदक 6 मई सायं 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके उपरांत चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।

इस बात की पुष्टि करते हुए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि शहरी निकाय चुनाव के लिए जारी शेड्यूल के अंतर्गत आज नगर परिषद जोगिंदर नगर के साथ वार्ड सदस्यों के चुनाव को लेकर दाखिल 18 नामांकन पत्रों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान दाखिल 18 नामांकन में से 17 नामांकन सही पाए गए हैं जबकि एक नामांकन दोहरे नामांकन के कारण रद्द किया गया।

### नेरचौक में 41 में से 40 नामांकन पाए गए सही

**मंडी/सरकाघाट।** नगर परिषद नेरचौक तथा नगर पंचायत रिवालसर के वार्ड सदस्यों के चुनावों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया सोमवार को संपन्न हो गई। नेरचौक में कुल 41 नामांकन पत्रों में से 40 नामांकन पत्र सही पाए गए, जबकि एक नामांकन पत्र डुप्लीकेट फॉर्म एवं अपूर्ण होने के कारण निरस्त कर दिया गया। वहीं नगर पंचायत रिवालसर में प्राप्त सभी 19 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए। वहीं, नगर परिषद सरकाघाट के सात वार्डों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि सभी 27 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक 6 मई को सायं 3 बजे से पहले तक अपना नाम वापिस ले सकेंगे। इसी दिन नाम वापसी के उपरांत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

### गोपालपुर में संपन्न हुई प्रथम चुनावी रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विकास खंड गोपालपुर में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को एसडीएम कार्यालय सरकाघाट के सभागार में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम ने की। रिहर्सल के दौरान अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया, जांच, मतदान, मतगणना और परिणाम घोषणा से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को स्पष्ट किया गया और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथियां 7, 8 और 11 मई निर्धारित हैं, जो सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को होगी, जबकि नाम वापसी की तिथियां 14 और 15 मई तय की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। साथ ही समयबद्ध

# नगर निगम चुनाव : भाजपा ने कार्यालय का किया शुभारंभ



चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा मंडी जिला में नगर निगम चुनाव के मद्देनजर चुनाव कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कार्यालय का उद्घाटन किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनाव मजबूती से लड़ेगी और पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के मुद्दों पर लड़ा जाएगा। इस अवसर पर मंडी के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, द्रंग विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, प्रदेश सचिव प्रियंता शर्मा, जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला महामंत्री मांचली मीडिया प्रभारी राकेश वालिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगर निगम के सभी भाजपा प्रत्याशी उपस्थित रहे।

# नदी-नालों से दूर रहें लोग: डीसी

## खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी से सतर्क रहने की अपील की है। भारी बारिश, गर्जना एवं तेज हवाओं इत्यादि विपरीत मौसम परिस्थितियों में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का परामर्श जारी किया गया है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से 5 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है तथा इसके बाद भी येलो अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिला में इस वर्ष अप्रैल माह में सामान्य से लगभग 70 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है, और मई माह में भी सामान्य से अधिक वर्षा की संभावनाएं जताई गई हैं। ऐसे में सभी नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो लोग अस्थायी रूप से नदी-नालों के समीप आवास कर रहे हैं, वे विपरीत मौसम संबंधी अलर्ट के दौरान नदी-नालों से दूर सुरक्षित स्थानों पर अपनी रिहायश करें। यदि ठहरने की व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो संबंधित पटवारी या पंचायत सचिव से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह कि किया अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और बहुत जरूरी होने पर यात्रा से पहले मौसम विभाग की ताजा जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। यदि किसी मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है या मार्ग बाधित है, तो वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें, भले ही उसमें अधिक समय लगे, ताकि आप स्वयं भी और आपका परिवार भी सुरक्षित रह सके।

उपायुक्त ने बताया कि मंडी जिला प्रशासन समय-समय पर मौसम संबंधी परामर्श एवं चेतावनियां (अलर्ट) जारी करता रहता है, जिन्हें डीसी मंडी के आधिकारिक फेसबुक पेज, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के फेसबुक पृष्ठ तथा प्रेस के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि इन माध्यमों से भी नियमित रूप से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# बैहली स्कूल के दो विद्यार्थियों ने मेरिट में पाया 7वां स्थान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बैहली के दो विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाणिज्य और कला संकाय की मेरिट सूची में 7वां स्थान हासिल कर क्षेत्र, विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। वाणिज्य संकाय की छात्रा कुसुमलता ने 484 अंक (96.8 प्रतिशत) प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। उनके पिता गीता नंद किसान हैं, जबकि माता किरण गृहिणी हैं। बेटी की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। कुसुमलता ने भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए कड़ी मेहनत जारी रखने की बात कही है। वहीं, कला संकाय के छात्र जतिन कुमार ने 490 अंक (98 प्रतिशत) हासिल कर मेरिट में 7वां स्थान प्राप्त किया। वह आगे चलकर शिक्षक बनना चाहता है। जतिन के पिता धर्मपाल मजदूरी करते हैं और माता सरला देवी गृहिणी हैं। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।



जतिन कुमार



जतिन कुमार

# घासणू की शिवानी का मेरिट में 9वां स्थान

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (जीएसएसएस) घासणू के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा शिवानी ठाकुर ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

गांव टिक्कर भड्याल निवासी दीना नाथ की सुपुत्री शिवानी ठाकुर ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में 9वां स्थान हासिल किया। इसके अलावा सुहानी (पुत्री श्री धर्मचंद) ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जबकि कशिश (पुत्री रोशन लाल) ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया।



12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा का मुंह मीठा करवाते स्कूल शिक्षक।

प्रधानाचार्य डॉ. धर्म पाल नायक व एसएमसी प्रधान पुष्प राज शर्मा ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य डॉ. धर्म पाल नायक ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासन को देते हुए कहा कि इस वर्ष 12वीं के परिणामों में विद्यालय ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं की सफलता यह साबित करती है कि संकल्प, मेहनत और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### डीएवी जोगिंद्रनगर का 12वीं का रिजल्ट शानदार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एचपी बोर्ड बारहवीं कक्षा के परिणामों में डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। डीएवी स्कूल की ओर से यह पहली बोर्ड परीक्षा थी, जिसमें सत्यम बरवाल ने 500 में से 470 अंक लेकर प्रथम, रिद्धिमा ने 448 अंकों के साथ द्वितीय, आदित्य ने 430 अंक प्राप्त कर तृतीय, अनुष्का शर्मा ने 428 अंक प्राप्त कर चतुर्थ और ईशा चौधरी ने 414 अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

### मन्नत ने प्रदेशभर में झटका 10वां स्थान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में न्यू क्रिसेंट स्कूल जोगिंद्रनगर की छात्रा मन्नत ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल किया है। मन्नत ने विज्ञान संकाय में 500 में से 485 अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी का माहौल बन गया और शिक्षकों व विद्यार्थियों ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर मन्नत को बधाई दी। मन्नत ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया। वहीं, स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने मन्नत की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मन्नत को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# 12वीं कक्षा में असेंट स्कूल पधर की इशिता ने पाया सातवां स्थान

अनंत ज्ञान



**कविता, पधर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पधर के विद्यार्थियों ने सफलता का नया इतिहास रचा है। विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा इशिता ठाकुर ने प्रदेश भर में 7वां स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इशिता ने 500 में से 488 अंक लेकर विद्यालय के पिछले 13 वर्षों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया।। परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनका परिणाम शानदार रहा। विज्ञान संकाय में इशिता ठाकुर ने 488 अंक लेकर प्रथम स्थान, क्षितिज ठाकुर ने 473 अंक लेकर दूसरा स्थान तथा जतिन ठाकुर ने 471 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत विषयों में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। फिजिक्स , फिजिकल एजुकेशन और गणित में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

वहीं, कैमिस्ट्री में 99 अंक, अंग्रेजी में सिमरन ठाकुर ने 96 अंक और कंप्यूटर विज्ञान में पूजा ठाकुर ने 96 अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की। कला संकाय में भी विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें आदित्य रावत ने प्रथम, हिमांशु ने द्वितीय और नंद किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और कर्मठ अध्यापकों को बधाई दी।

**सपना** 12वीं में प्रदेश भर में हासिल किया 9वां स्थान, 10वीं कक्षा में भी मेरिट में थी

# एचएएस अधिकारी बनना अपूर्वा का सपना

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा अपूर्वा ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रदेशभर में नौवां स्थान हासिल कर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। अपूर्वा ने 500 में से 488 अंक (97.6 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं। अपूर्वा का लक्ष्य भविष्य में एचएएस अधिकारी बनना है।



अपूर्वा सुधार वैली के गांव धार, डाकघर थलटूखोड की रहने वाली हैं। उनके पिता राजेंद्र पाल खेती के साथ-साथ दुकानदारी करते हैं, जबकि माता प्रेम लता गृहिणी हैं। अपूर्वा की सफलता के पीछे संघर्ष और आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक कहानी भी जुड़ी है। उन्होंने नौवीं से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई जोगिंद्रनगर में किराए के कमरे में रहकर पूरी की। अपूर्वा का शैक्षणिक प्रदर्शन शुरू से ही उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने दसवीं कक्षा में भी प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल किया था, जिसमें उन्होंने 700 में से 690 अंक प्राप्त किए थे। इसी उपलब्धि के आधार पर उन्हें प्रदेश के 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों के साथ केरल में एक्सपोजर विजिट में शामिल होने का अवसर भी मिला था।

अपूर्वा की बड़ी बहन और एक छोटा भाई है। बहन कॉलेज में अध्ययनरत हैं, जबकि भाई छठी कक्षा में पढ़ता है। अपूर्वा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन और शिक्षकों को दिया है। वहीं, स्कूल प्रिंसिपल मनोज चौहान सहित समस्त स्टाफ ने अपूर्वा की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### सर्वोदय स्कूल की कोमल के 98% अंक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल की तीन छात्राओं कोमल, प्रिया ठाकुर और पायल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन छात्राओं ने सीमित संसाधनों और पारिवारिक चुनौतियों के बावजूद सफलता हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। जारी मेरिट सूची के अनुसार, कोमल ने 98% अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रिया ठाकुर ने 97.2% अंकों के साथ नौवां स्थान और पायल ने 97.4% अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया। प्रिया ठाकुर के पिता पहले एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन गंभीर बीमारी के कारण अब घर पर हैं। इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, प्रिया ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। उनकी माता ने उन्हें निरंतर प्रोत्साहित किया। प्रिया भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। कोमल ने भी सीमित संसाधनों के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता एक पेंटर हैं और परिवार का पालन-पोषण करते हैं। माता के सहयोग और अपनी लगन से कोमल ने यह मुकाम प्राप्त किया। पायल के पिता एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और उनकी माता गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और अपनी निरंतर मेहनत से पायल ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। पायल भी डॉक्टर बनने की इच्छा रखती हैं।



# लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट के 12वीं कक्षा के सभी बच्चे पास




अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की +2 कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल, सरकाघाट ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 56 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी 56 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूल मेरिट सूची में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अमन और अरुण कुमार ने 95 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। मुस्कान ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिनॉय ठाकुर ने 94.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। रितिश राव ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान और शगुन ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने भी छात्रों और स्टाफ को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# सेंट डीआर पब्लिक स्कूल के चार होनहार टॉप-10 में

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** गगरेट क्षेत्र के सेंट डीआर पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त किया है। इनमें वाणिज्य संकाय की दो छात्राओं ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है, जबकि विज्ञान संकाय में छात्रों ने क्रमशः चौथा और छठा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सरोज शर्मा व वाइस प्रिंसिपल अनूप कालिया ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि स्कूल ने यह गौरव हासिल किया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।



### सीए बनने का सपना: यशस्वी

**सेंट** डीआर पब्लिक स्कूल की छात्रा यशस्वी चौहान ने वाणिज्य संकाय में 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। यशस्वी का लक्ष्य आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता को दिया।

### एनडीए क्रैक कर देश सेवा का लक्ष्य : आशुतोष



**आशुतोष** कुमार ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में छठा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनका लक्ष्य एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और परिवार को दिया।

### सीएस बनना है लक्ष्य : कृषिका



**कृषिका** ने भी वाणिज्य संकाय में 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनका लक्ष्य भविष्य में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और अध्यापकों को दिया।

### सिविल सर्विस में जाना चाहती हैं शगुन

**शगुन** धीमान ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। उनका सपना सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

## जीएसएसएस घनारी की यति ने 500 में से झटके 491 अंक

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी की 10+2 आर्ट्स की यति ने 500 में से 491 अंक झटक कर पूरे हिमाचल में छठा स्थान हासिल किया है। यति जो आगे चलकर आईएएस बनना चाहती है, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी स्वर्ग में बैठी मां रीता कुमारी, पिता विपन कुमार, प्रधानाचार्य ललित मोहन एवं समस्त गुरुजनों को दिया है। उधर, प्रधानाचार्य ललित मोहन ने मेरिट सूची में स्थान पर यति को शुभकामनाएं दी हैं व तीनों स्ट्रीम के बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर सभी को बधाई दी है। फोटो कैप्शनः यति को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## भंजाल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहासराहनीय

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल का वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल सुधीर कुमार ने दी। वहीं, कला संकाय का परीक्षा परिणाम 93% रहा तथा साइंस संकाय का परीक्षा परिणाम 83% रहा। कला संकाय में श्रेया 473 अंक लेकर प्रथम रही, कुसुम 428 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर तथा अक्षित ने 413 नंबर लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस संकाय में शाइना ने 434 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निहारिका ने 414 अंक लेकर द्वितीय स्थान व अनमोल ने 399 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा वाणिज्य संकाय में कुनाल ने 349 अंक लेकर प्रथम स्थान, सृष्टि ने 337 अंक लेकर द्वितीय स्थान व हर्षित ने 327 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बारहवीं के बोर्ड के रिजल्ट में गुरुकुल ने एक बार फिर से लहराया अपना परचम



**अंब।** अपने इतिहास को दोहराते हुए एक बार फिर गुरुकुल ने बारहवीं के बोर्ड रिजल्ट में मेरिट हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बारहवीं में एक बार फिर गुरुकुल ने अपना परचम लहरा दिया है। हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परिणाम में स्कूल की संचिता धीमान ने (493/500) अंकों के साथ पूरे हिमाचल में दूसरा स्थान हासिल किया। सफलता की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अनिशा अत्री और शौर्य भारद्वाज ने (490/500) अंकों के साथ प्रदेश भर में पांचवां स्थान हासिल किया व अंशिका ठाकुर ने (489/500) अंकों के साथ प्रदेश भर में छठा स्थान हासिल कर स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया। इस वर्ष भी स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 34 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और 55 विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थी बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

## श्रेय ठाकुर ने 98.2 अंक प्राप्त करके हिमाचल प्रदेश में प्राप्त किया छठा स्थान

**गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामनगर के 12वीं कक्षा के कला संकाय के छात्र श्रेय ठाकुर ने 98.2 अंक लेकर हिमाचल की स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट में छठा स्थान हासिल किया है। श्रेय की इस उपलब्धि के लिए आज स्कूल प्रशासन ने उनका पाठशाला में भव्य स्वागत किया। श्रेय ठाकुर के पिता सुरेश ठाकुर, माता अनीता ठाकुर दोनों लेक्चरर के पद पर तैनात हैं।

## श्वेता ने मेरिट लिस्ट में हासिल किया छठा स्थान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भरवाई की छात्रा श्वेता ने आर्ट्स विषय में 500 में से 491 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल किया है। अपनी इस शानदार उपलब्धि का श्रेय श्वेता ने अपने माता-पिता, शिक्षकों व प्रधानाचार्य को दिया है। पिता राजीव कुमार व माता पुरुषोत्तमी देवी की पुत्री श्वेता ने बताया कि वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाकर देश की सेवा करना चाहती हैं। इस ऐतिहासिक सफलता पर स्कूल के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने श्वेता व उसके परिवार का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। प्रधानाचार्य ने छात्रा की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए इसे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया। वहीं, श्वेता के दादा सुभाष चंद निवासी गांव अलोह ने भी अपनी पोती की सफलता पर खुशी जाहिर की और स्कूल के स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार का इस स्कूल से पुराना नाता रहा है व आज श्वेता ने मेरिट में आकर पूरे गांव का नाम रोशन कर दिया है।

## बिना पूर्व सूचना के प्रधान दावेदार महिला का नाम मतदाता सूची से गायब

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत हलेडा बिलना में प्रधान पद की दावेदार महिला का नाम मतदाता सूची से बिना पूर्व सूचना के हटाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि महिला का नाम पिछली मतदाता सूची में दर्ज था और उन्होंने पहले मतदान भी किया था, लेकिन नई सूची में उनका नाम गायब पाया गया। परिवार ने इसे साजिशन कार्रवाई बताते हुए गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने जिलाधीश ऊना को शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की मांग की, जिस पर मामला जिला पंचायत अधिकारी को जांच हेतु भेज दिया गया है। डीसी ऊना ने भी मामले में कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मतदान का अधिकार संवैधानिक है और बिना प्रक्रिया किसी का नाम हटाना गंभीर विषय है। उन्होंने मांग की कि महिला का नाम तुरंत सूची में शामिल किया जाए ताकि वह पंचायत चुनाव में नामांकन कर सके।

## न्यूज ब्रीफ

### छंटनी में एक उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के तहत ऊना जिले के विभिन्न निकायों में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया के दौरान एक उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया, जबकि 136 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में कुल 137 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जांच के दौरान नगर परिषद अम्ब के वार्ड नंबर-6 से प्रत्याशी संदीप कुमार का नामांकन पत्र निर्धारित पात्रता संबंधी दस्तावेज़ों में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण न पाए जाने के चलते खारिज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवार 6 मई को सायं 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। इसके उपरांत शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 17 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा, 31 मई को मतगणना की जाएगी।

### मोदी सरकार के सुशासन को मिला जनसमर्थन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पश्चिमी बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। इस ऐतिहासिक परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए नेताओं ने इसे 12 वर्षों के सुशासन व जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम बताया है। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन व भाजयुमो के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं, जिससे हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

### रणधीर शर्मा ने भाजपा नेतृत्व को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** विधायक रणधीर शर्मा ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर जनता, कार्यकर्ताओं और केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता के विश्वास का परिणाम है। रणधीर शर्मा ने कहा कि देशभर में भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता विकास और पारदर्शिता की राजनीति को दर्शाती है। उन्होंने असम और पांडिचेरी की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यहां विकास कार्यों को जनता ने सराहा है। वहीं पश्चिम बंगाल में बढ़ते जनाधार को लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती को इस सफलता का श्रेय दिया।

### मोदी की नीतियों पर जनता ने जताया भरोसा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** कृष्ण लाल, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर, ने पश्चिम बंगाल, असम एवं अन्य राज्यों में पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विजय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। कृष्ण लाल ने जिला बिलासपुर के उन कार्यकर्ताओं का आभार जताया, जिन्होंने विभिन्न राज्यों में जाकर पार्टी के लिए काम किया। साथ ही मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के साथ आगे भी कार्य करती रहेगी।

### ढोलग गांव में 92 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा झंडूता क्षेत्र के ग्राम पंचायत डूडीयां के गांव ढोलग में 92 लोगो के स्वास्थ्य की जांच की गई । स्वास्थ्य शिविर के संयोजक राम कृष्ण ने इस स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए कहा की कृतिका, मीनाक्षी पायलट राजेश कुमार ने डॉ अंजू जी के नेतृत्व मे 92 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की इस स्वास्थ्य शिविर मे बजुर्गों, महिलाओ व बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच करते हुए रोगियों को उचित उपचार सलाह देते हुए दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया ।

### दिव्यांगों को खेलों से जोड़ने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल की पहली प्रदेश स्तरीय बैठक अध्यक्षा रचना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के दिव्यांग बच्चों और युवाओं को पहचान कर उन्हें खेलों से जोड़ना तथा आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध करवाना रहा। साथ ही स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित कर आत्मविश्वास बढ़ाने, स्क्रीन टाइम कम करने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यता अभियान और जिला इकाइयों के विस्तार पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान सचिव माला भगती, कोषाध्यक्ष हेमलता सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 70 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की सदर खंड इकाई कंदरौर द्वारा वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन प्रधान बाबूराम धीमान की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में 70 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों को टोपी, मफलर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रधान जगदीश दिनेश मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रदेश महासचिव ठाकुर हुकम सिंह सहित कई पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम से हुई तथा दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार से ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, लंबित एरियर, चिकित्सा बिलों और डीए की किश्तों के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। अंत में जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने और पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुटता का आह्वान किया।

### स्मार्ट मीटर पर बवाल, ग्रामीणों ने टीम को लौटाया

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** ग्राम पंचायत घवांडल के गांव बड़ोह में सोमवार को स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली बोर्ड की टीम को ग्रामीणों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। गुस्साए लोगों ने न केवल मीटर लगाने से इनकार किया, बल्कि नोटिस लेने से भी मना कर दिया, जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। पूर्व प्रधान बीरी सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना जनभावनाओं को समझे विभाग यह प्रक्रिया लागू कर रहा है। वहीं सहायक अभियंता ओंकार सिंह ठाकुर ने बताया कि टीम सरकारी निर्देशों के तहत पहुंची थी, लेकिन विरोध के कारण कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी।

## पंचायत चुनाव संगठन की असली ताकत का आधार: विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों ने अब गति पकड़ ली है।

इसी कड़ी में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जोगी पंगा स्थित अपने कार्यालय में कुटलैहड़ कांग्रेस की जनरल हाउस बैठक का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए करीब 500 कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत चुनावों को लेकर रणनीति तैयार करना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव संगठन की असली ताकत का आधार होते हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अपने वार्ड और पंचायतों में नियमित बैठकें आयोजित करें व जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ ही चुनावों में जीत सुनिश्चित करती है। विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता स्वयं आगे बढ़कर पंचायत चुनावों में भाग लें। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित और समाजसेवा की भावना रखने वाले कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतारा जाना चाहिए।

## पीएम की गारंटियों पर हुई बंगाल में जीत : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक



दविंदर कुमार भुट्टो ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और 'गारंटी' का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ देश के हर वर्ग तक पहुंचा है, जिसका असर अब चुनावी परिणामों में साफ दिखाई दे रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय से बदलाव चाहती थी और वहां की मौजूदा सरकार से नाराजगी लगातार बढ़ रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल राज्य में गुंडाराज और भ्रष्टाचार का माहौल बना हुआ था, जिससे आम जनता परेशान थी। ऐसे में लोगों ने भाजपा को एक मजबूत विकल्प के रूप में चुना और बदलाव के पक्ष में मतदान किया।

## कांग्रेस ने लाठियानी जिप से सत्या देवी टक्का से सुमित शर्मा को बनाया प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायतीराज चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति को तेज करते हुए जिला पार्षद वार्डों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक मिंका ने बताया कि लठियानी जिला पार्षद वार्ड से सत्या देवी व बसाल टक्का वार्ड से सुमित शर्मा को कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इन दोनों उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जनरल हाउस बैठक में लगी। इस बैठक में करीब 500 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया व सभी की सहमति से इन नामों को प्रस्तावित कर अनुमोदित किया गया। विवेक मिंका ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस बार उम्मीदवार चयन में पूरी पारदर्शिता व लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई है। उन्होंने कहा कि लाठियानी व बसाल टक्का वार्ड में पार्टी कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं की राय लेकर सर्वसम्मति से उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

इससे संगठन में एकता मजबूती देखने को मिल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिंका ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के मोमनियार व चताड़ा जिला पार्षद वार्डों के लिए भी जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन वार्डों में भी पार्टी पूरी सावधानी व विचार-विमर्श के बाद मजबूत व योग्य प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी। विवेक मिंका ने सभी कार्य कर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए चुनाव लड़ें।

## भाजपा की प्रचंड जीत पर वीरेंद्र कंवर ने प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी व असम में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को केंद्र सरकार की नीतियों, विकास कार्यों व प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के सफल कार्यकाल का परिणाम बताया। वीरेंद्र कंवर ने अपने बयान में कहा कि भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत दर्शाती है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को मजबूत दिशा देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा सांसद अनुराग को भी विशेष रूप से बधाई दी।



## हिमाचल हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, 17 साल बाद मिला हक

# हेड कांस्टेबल से सीधे डीएसपी तक का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल हाईकोर्ट ने पूर्व सैनिकों की भर्ती से जुड़े एक अहम मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए धार टटोह निवासी हेड कांस्टेबल नंद लाल ठाकुर के पक्ष में निर्णय दिया है। इस फैसले ने न सिर्फ एक लंबे संघर्ष का अंत किया, बल्कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और समानता पर भी बड़ा संदेश दिया है।

वर्तमान में बरमाणा थाना के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस में तैनात नंद लाल ठाकुर को अब वर्ष 2009 से सब-इंस्पेक्टर पद पर नियुक्ति का लाभ मिलेगा। इस आदेश के लागू होते ही उनका पूरा करियर ट्रैक बदल जाएगा और संभावित रूप से वे डीएसपी पद से सेवानिवृत्त हो सकेंगे। उनकी सेवानिवृत्ति आगामी जून माह में प्रस्तावित है, जिससे यह फैसला उनके लिए बेहद निर्णायक साबित हुआ है।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज की एकल पीठ ने राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता को 2009 से सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया जाए और सभी सेवा लाभ व वरिष्ठता प्रदान की जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि पद उपलब्ध नहीं है तो अतिरिक्त पद सृजित किया जाए और तीन माह के भीतर आदेश लागू किया जाए।

### क्या था पूरा मामला

**नंद** लाल ठाकुर ने सब-इंस्पेक्टर पद के लिए आवेदन किया था और इंटरव्यू में कई चयनित उम्मीदवारों से अधिक अंक हासिल किए थे। इसके बावजूद उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई, जबकि कम अंक पाने वाले उम्मीदवारों को चयनित कर लिया गया। राज्य सरकार ने अपनी दलील में पंजीकरण सीनियरिटी को आधार बताया, लेकिन अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया।

### कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**अदालत** ने स्पष्ट कहा कि जब चयन प्रक्रिया अंक आधारित थी तो उसी के आधार पर चयन होना चाहिए था। अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार की अनदेखी करना मनमाना और असंवैधानिक है, जो अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 16 का सीधा उल्लंघन है। हालांकि कोर्ट ने पहले से नियुक्त उम्मीदवारों की सेवाएं रद्द करने से इनकार किया और कहा कि उनकी नियुक्ति में उनकी कोई गलती नहीं थी।

### नंद लाल ठाकुर की प्रतिक्रिया



**नंद** लाल ठाकुर ने कहा कि न्याय में देर हो सकती है, लेकिन अंधेर नहीं।' उन्होंने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य सरकार से आदेशों को जल्द लागू करने की अपेक्षा जताई। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार और डीजीपी का भी धन्यवाद किया। हाईकोर्ट का यह फैसला न केवल एक व्यक्ति को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि यह स्पष्ट संकेत भी देता है कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और मेरिट से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

## नगर निकाय चुनाव: 96 में से 93 नामांकन सही और 3 रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत जिला बिलासपुर के चारों शहरी निकायों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। कुल 96 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे, जिनमें से 93 सही पाए गए जबकि 3 नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर के वार्ड नंबर 4 और 5 से एक-एक नामांकन तथा नगर परिषद घुमारवीं में एक उम्मीदवार के दो नामांकन होने के कारण एक पत्र रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद श्री नैना देवी जी और नगर पंचायत तलाई में सभी नामांकन सही पाए गए। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

## पटियाला के वंश पहलवान बने रूस्तम-ए-कहलूर


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर में पीर लखदाता अखाड़ा कमेटी के बैनर तले आयोजित रूस्तम-ए-कहलूर दंगल का खिताब पटियाला के वंश पहलवान ने अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में समोह बिलासपुर के पहलवान प्रिंस को हराकर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर और पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने विजेता को 31 हजार रुपये नकद, गोल्ड मेडल और गुर्ज प्रदान किया, जबकि उपविजेता को 21 हजार रुपये दिए गए। युवा वर्ग के मुकाबले में सूर्यवीर यादव ने मोहित ठाकुर को हराया। भारी बारिश के बावजूद दोपहर बाद मौसम साफ होते ही कुश्ती प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। आयोजकों ने अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मुस्कान शर्मा ने हासिल किया 8वां स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा परीक्षा 2026 के परिणाम में राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घंडालवीं की छात्रा मुस्कान शर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। मुस्कान की इस उपलब्धि से उनके परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने इस सफलता को संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह मुस्कान की कड़ी मेहनत, अनुशासन और विषयों के प्रति गहरी समझ का परिणाम है। मुस्कान शुरू से ही एक मेधावी और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा रही हैं, जिन्होंने हर विषय को गंभीरता से अध्ययन किया। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी है।



## बरठीं स्कूल के शिवम ने झटका 10वां स्थान



**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं के छात्र शिवम शर्मा ने 12वीं कक्षा (विज्ञान संकाय नॉन मेडिकल) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। शिवम के पिता नरेंद्र कुमार पंचायत सचिव हैं, जबकि माता कुसुमलता गृहिणी हैं। उनकी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया जा रहा है। प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक अरुण गौतम स्वयं स्कूल पहुंचे और शिवम को मिठाई खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और एसएमसी सदस्य भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सरकारी स्कूलों के छात्रों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी मेधावियों को शुभकामनाएं दीं।

## परिणाम | प्रदेश की मेरिट सूची में चमके चार छात्र, देवांगी ने हासिल किया 5वां स्थान

# साइंस स्ट्रीम में मिनर्वा स्कूल का दबदबा

अनंत ज्ञान

**भूपेश नड्डा, घुमारवीं।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो कक्षा के परीक्षा परिणाम में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साइंस स्ट्रीम की प्रदेश स्तरीय टॉप-10 मेरिट सूची में स्कूल के चार मेधावी छात्रों ने स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। स्कूल की छात्रा देवांगी ने 500 में से 490 अंक हासिल कर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं वस्तिका शर्मा ने 500 में से 486 अंक लेकर नौवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा सुहानी शर्मा व वैदेही ने 485-485 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही ऐसे परिणाम संभव हो पाते हैं।




जमा दो के परीक्षा परिणाम में मिनर्वा स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

### देवांगी का लक्ष्य सिविल सर्विस

**पांचवा** स्थान हासिल करने वाली देवांगी ने बताया कि नीट की परीक्षा दी है। उनका लक्ष्य सिविल सर्वसिज में जाना है। देवांगी के पिता नंद लाल जुखाला कॉलेज में सीनियर असिस्टेंट व माता इंदु बाला सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर में पोलिटिकल साइंस विषय में लेक्चर पद के तैनात हैं।

### वस्तिका का लक्ष्य डॉक्टर बनना

**नौवां** स्थान हासिल करने वाली वस्तिका शर्मा डॉक्टर बनना चाहती है। वस्तिका शर्मा के पिता विनोद कुमार राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता सीमा शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंघी में लेक्चर के पद कर तैनात हैं। वस्तिका शर्मा ने 486 अंक किए हैं।


### सर्जन बनकर सेवा करेगी वैदेही

**वैदेही** ने शानदार प्रदर्शन कर विज्ञान संकाय में पूरे प्रदेश में 10वां स्थान हासिल किया है। वैदेही ने कुल 485 अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैदेही के पिता इंदु शेखर शर्मा व माता उमा शर्मा लेक्चरर हैं। वैदेही का सपना है कि वह भविष्य में एक कुशल सर्जन बने।

### डॉक्टर बनेगी सुहानी शर्मा

**सुहानी** ने कुल 485 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान हासिल किया है। जिला बिलासपुर के मरोतन गांव की रहने वाली सुहानी शर्मा के पिता राजकुमार लेक्चरर हैं व माता ममता कुमारी कानूनगो के पद पर कार्यरत हैं। सुहानी का सपना है कि एमडी मेडिसिन बनकर समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करे।

## तेजस्विनी शर्मा ने हासिल किया 10वां स्थान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित जमा दो कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बरढ़ीं की मेधावी छात्रा तेजस्विनी शर्मा ने आर्ट्स स्ट्रीम में 487 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 सूची में दसवां स्थान हासिल किया है। तेजस्विनी का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अर्की तहसील के कुराहू गांव की निवासी तेजस्विनी ने बताया कि वह रोजाना 6 से 7 घंटे अतिरिक्त अध्ययन करती थीं। उनके पिता केशव राम शास्त्री के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता वंदना कुमारी गृहिणी हैं। स्कूल प्रबंधन ने तेजस्विनी की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है ।

## गौरी शर्मा ने प्रदेशभर में झटका चौथा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जकातखाना की होनहार छात्रा गौरी शर्मा पुत्री कुलदीप ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस होनहार छात्रा में कला संकाय में प्रदेश भर में चौथा स्थान हासिल किया है। इस होनहार छात्रा ने 98.8 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। गौरी शर्मा ने 493 अंक अर्जित कर अपने परिजनों, अपने स्कूल अपने क्षेत्र का नाम चमकाया है। गौरी शर्मा सुनहाण पीओ जकातखाना से संबधित है। गौरी शर्मा की इस उपलब्धि पर प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक बिलासपुर ने भी बधाई दी है। साथ ही गौरी शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उधर, होनहार छात्रा गौरी शर्मा का कहना है कि परिजनों के आर्शीवाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन के चलते ही उन्हें यह सफलता मिल पाई है।

# अंशुल ने कॉमर्स में प्रदेशभर में पाया 7वां स्थान

अनंत ज्ञान



मोहन कपूर, पतलीकूहल। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नथान की छात्रा अंशुल ने शानदार सफलता हासिल की है। बड़ीदाग्रां गांव की रहने वाली अंशुल ने कॉमर्स स्ट्रीम में 96.8 फीसदी अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में सातवां स्थान हासिल कर जिला कुल्लू का नाम रोशन किया है। इस मेधावी छात्रा की सफलता पर नथान स्कूल के स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों व स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें व उनके परिवार को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

### माता-पिता व गुरुजनों को दिया श्रेय

**अंशुल** के पिता खिमी राम एक किसान हैं और माता हेमलता एक गृहिणी हैं। अंशुल ने अपनी इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन व माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रयासों व माता-पिता के सपोर्ट की वजह से ही वह आज इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं।

### बिना ट्यूशन व सेल्फ स्टडी से पाई सफलता

**अपनी** सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अंशुल ने बताया कि उन्होंने इसके लिए कोई भी एक्स्ट्रा ट्यूशन नहीं ली थी। उन्होंने पूरी तरह स्कूल में हुई पढ़ाई व घर पर सेल्फ स्टडी पर भरोसा किया। अंशुल के अनुसार, 'जैसे-जैसे परीक्षाएं नजदीक आईं, मैंने अपनी पढ़ाई का समय बढ़ाकर 4 से 5 घंटे कर दिया था।

### अंशुल का सपना शिक्षक बनना

**अपनी** भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए अंशुल ने कहा कि वह बड़ी होकर एक शिक्षक बनना चाहती हैं, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। वर्तमान में अपनी इस उपलब्धि से वह बेहद गौरवान्वित और खुश महसूस कर रही हैं।

## सराहनीय रहा कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम ऊंचा किया व अपनी मेहनत व लगन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के मेधावी छात्रों में सक्षम ठाकुर ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपक ने 94.2 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अनमोल ने 94 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के एमडी सुरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष परिणाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहां 23 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 17 विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रतीक है, बल्कि विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का भी प्रमाण है।

## दीपिका ठाकुर ने 486 अंक लेकर मेरिट में नौंवा स्थान झटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** स्नोर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा ने हर वर्ष की भांति 12वीं साइंस की मैरिट लीस्ट में अपना वर्चस्व बरकरार रखा है। इस बार स्कूल में प्रदेश भर में नौंवा स्थान पाकर कुल्लू जिले का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है। दीपिका ठाकुर ने 486 अंक (97.20 फीसदी) लेकर नौंवा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही साथ श्राविका ने 481 अंक, मृदुल ने 477 अंक, तान्या ने 472 अंक, रुचिका व कृतिका ने 477, निहारिका व सुहानी ने 467 अंक और सभी बच्चो ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। प्रधानाचार्य पूरन चंद ठाकुर ने बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को इस मौको पर बधाई दी है।



## खराहल स्कूल की छात्रा तृषा ठाकुर ने प्रदेश में चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल की छात्रा तृषा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आर्ट्स संकाय में प्रदेशभर में सातवां स्थान प्राप्त किया है। तृषा ठाकुर की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय, परिवार व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। तृषा की इस सफलता पर विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों व अभिभावकों ने उसे हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। छात्रा की मेहनत, लगन व अनुशासन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश स्तर पर पहचान बना सकते हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य व स्टाफ ने तृषा ठाकुर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेंगी।



## बठाहड़ की ज्योति प्रदेश भर में चमकी
### 489 अंक के साथ मेरिट में आठवां स्थान

अनंत ज्ञान



**तीर्थन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो (12वीं) कक्षा परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कला संकाय में बाजी मारी है।

इसी कड़ी में जिला कुल्लू से उपमंडल बंजार के दूर-दराज क्षेत्र बठाहड़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा ज्योति ने 489 अंक (97.8 फीसदी) प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। बठाहड़ का यह विद्यालय वर्ष 2012 में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर स्तरोन्नत हुआ था। विद्यालय के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी छात्रा ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। ज्योति की इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। ज्योति की इस सफलता पर क्षेत्र वासियों, परिजनों, रिश्तेदारों व अध्यापकों ने इसे बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। तीर्थन व फलाचन घाटी के केंद्र बठाहड़ के समीप धराल गांव निवासी सेस राम और सुभद्रा देवी की पुत्री ज्योति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने निरंतर मेहनत व लगन से पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। यह रोजाना आठ से दस घंटे तक पढ़ाई करती थी और अब आगे की पढ़ाई पुरा करके एक अध्यापक बनना चाहती है। बठाहड़ स्कूल में पिछले कुछ वर्षों से अध्यापकों के कई पद रिक्त चल रहे हैं, फिर भी ज्योति ने हार नहीं मानी व दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है व अन्य विद्यार्थियों के लिए वह एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। ज्योति की उपलब्धि यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो व मेहनत सच्ची हो, तो किसी भी कठिन परिस्थिति को पार कर सफलता हासिल की जा सकती है।

## कलैहली में 8 मई को सजेगा दंगल

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** लखदाता छिंज कमेटी कलैहली द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन 8 मई को किया जाएगा। कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दंगल में क्षेत्र, प्रदेश व देश भर के नामी पहलवान अपनी ताकत व कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कुश्ती दंगल में झाबे राम पहलवान मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कमेटी के प्रधान सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने पहलवानों व कुश्ती प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे समय पर कलैहली बिहाल स्थित अखाड़े में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। दंगल के साथ ही उसी दिन पारंपरिक मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय देवता बालक महेश्वर की पावन उपस्थिति से आयोजन की रौनक बढ़ेगी। कमेटी ने बताया कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 5 मई को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें केवल पंजीकृत युवक मंडल ही भाग ले सकेंगे। क्रिकेट आयोजन के मुख्यातिथि भी पहलवान झाबे राम ही रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# अब पर्यटन स्थल मढ़ी का दीदार कर सकेंगे देश-दुनिया के पर्यटक
## उपायुक्त कुल्लू ने जारी की अधिसूचना, कल से परमिट प्राप्त वाहन ही जा सकेंगे मढ़ी

अनंत ज्ञान



**एम बोकटापा, मनाली।** देश व दुनिया के पर्यटकों के लिए खुशखबरी है, अब पर्यटक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ी का भी दीदार कर सकेंगे।

कुल्लू प्रशासन ने रोहतांग दर्रे का निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। समुद्रतल से 13050 फुट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रा जाने के लिए उत्सुक पर्यटक अब बुधवार से मढ़ी तक जा सकेंगे। रोहतांग मार्ग पर मढ़ी में पर्यटक बर्फ के बीच अठखेलियां कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। हालांकि मढ़ी जाने के लिए पर्यटकों को एनजीटी के नियमानुसार ऑनलाइन परमिट हासिल करना होगा। परमिट लेकर ही पर्यटक मढ़ी तक जा सकेंगे। वहीं, रोहतांग दर्रा का दीदार करने के लिए अभी पर्यटकों को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। शनिवार को एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा, बीआरओ के प्रोजेक्ट दीपक के मेजर एमएस परमार ने मनाली के डीएसपी केडी शर्मा के साथ मढ़ी तक सड़क का निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान सड़क मार्ग को पूरी तरह सुचारू और सुरक्षित पाया गया। इसके आधार पर एसडीएम कार्यालय की ओर से उपायुक्त कुल्लू को प्रस्ताव भेजकर यह मढ़ी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल करने की सिफारिश की गई थी। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र ने सोमवार को बतौर जिला दंडाधिकारी पर्यटन स्थल मढ़ी तक पर्यटकों की आवाजाही बहाल करने की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में आदेश दिया गया है कि गुलाबा में लगी पुलिस की अस्थाई पुलिस पोस्ट को मढ़ी स्थानांतरित किया जाए।

जिला प्रशासन के आदेशानुसार बुधवार से पर्यटक रोहतांग मार्ग पर मढ़ी तक जा सकेंगे। इसके लिए एनजीटी के आदेशों के अनुसार परमिट हासिल करना होगा। जिसके लिए पर्यटन विभाग का ऑनलाइन पोर्टल भी खोल दिया गया है। गौरतलब है कि एनजीटी के आदेश के अनुसार एक दिन में 800 पेट्रोल और 400 डीजल वाहन ही परमिट लेकर गुलाबा से आगे मढ़ी तक जा सकते हैं। एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि मनाली से मढ़ी तक सड़क का निरीक्षण बीआरओ और पुलिस अधिकारियों के साथ किया गया था। जिसकी रिपोर्ट उपायुक्त कुल्लू को भेज दी गई थी। जिला प्रशासन से अधिसूचना जारी कर मढ़ी तक पर्यटकों को जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि अगले दो सप्ताह तक सड़क रखरखाव के कार्य के चलते हर मंगलवार को गुलाबा से आगे वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया रोहतांग दर्रा अभी पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। मढ़ी से आगे किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लिहाजा, प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ी अब पर्यटकों के लिए बहाल हो गया है और अब मढ़ी में भी पर्यटकों का खूब जमावडा उमड़ेगा। वहीं, रोहतांग दर्रा बहाली कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है।

## पतलीकूहल चौक पर भाजपा का जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाई बंगाल जीत की खुशी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने पतलीकूहल चौक पर पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत की खुशी में जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर मेहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े व एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा के झंडे लहराते हुए जोरदार नारेबाजी की और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। माहौल पूरी तरह उत्साह और उमंग से भरा रहा, जहां कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ अपनी खुशी का इजहार किया।इस मौके पर राजीव ठाकुर, लोतराम, सुरेंद्र भोला, बागेश शर्मा, रिमन ठाकुर, सोनू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने इस जीत को पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के भरोसे का प्रतीक बताया।

# हिमाचल में '40-75 मीटर' नियम पर बढ़ा आक्रोश
## खुशाल ठाकुर ने बताया 'भौगोलिक असंभवता', सरकार से दखल की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के किनारे निर्माण के लिए तय किए गए नए 'राइट ऑफ वे' नियमों ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है। कारगिल युद्ध के नायक व सामाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर (सेवानिवृत्त) ने इस नियम को हिमाचल की भौगोलिक स्थिति के साथ एक 'क्रूर मजाक' करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह नियम लागू हुआ, तो हिमाचल के लाखों लोग अपनी ही जमीन पर बेघर और बेरोजगार हो जाएंगे।

व्यावसायिक निर्माण के लिए 75 मीटर की पाबंदी से सड़क किनारे स्थित ढाबे, होमस्टे व सेब लोडिंग प्वॉइंट पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। ब्रिगेडियर ठाकुर के अनुसार, यह नियम नागरिकों से उनका 'आजीविका का अधिकार' छीनता है। उन्होंने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब जनता विस्थापन की कगार पर है, तब सरकार मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती। ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने हिमाचल सरकार से तुरंत उचित कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पुनर्विचार याचिका राज्य सरकार को तुरंत सुप्रीम कोर्ट में अपील करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत को यह समझाया जाए कि पहाड़ों में 3 से 5 मीटर की दूरी ही व्यावहारिक है। सैटेलाइट इमेज व भौगोलिक डेटा के जरिए कोर्ट को राज्य की खड़ी ढलानों की वास्तविकता से अवगत कराया जाए। उधर, इस आदेश के बाद से पूरे प्रदेश में विशेषकर नेशनल हाईवे के किनारे बसे गांवों में डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए पहले ही अपनी उपजाऊ जमीनें हाईवे और फोरलेन के लिए दे दी हैं और अब बचे हुए छोटे से हिस्से पर इस तरह के नियम उन्हें पूरी तरह भूमिहीन कर देंगे।

### मैदानी गणित बनाम पहाड़ी भूगोल

**ब्रिगेडियर** ठाकुर ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश, जिसमें घर के लिए 40 मीटर व व्यावसायिक निर्माण के लिए 75 मीटर की दूरी तय की गई है, पंजाब व हरियाणा जैसे मैदानी राज्यों के लिए तो उचित हो सकता है, लेकिन हिमाचल में यह 'भौगोलिक रूप से असंभव' है।



**हिमाचल** में सड़क से 40 मीटर दूर जाने का मतलब है या तो गहरी खाई में समा जाना या सीधी खड़ी चट्टान पर लटकना। पहाड़ों में हमारे पास मैदानों जैसी चौड़ी जमीन नहीं है।
**खुशाल ठाकुर, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर।**

## न्यूज ब्रीफ

### राम देव सहित युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुआड़ा पंचायत में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। क्षेत्र के सक्रिय नेता राम देव ने आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। राम देव के भाजपा में शामिल होने से स्थानीय राजनीति में पार्टी का आधार और मजबूत हुआ है। उनके साथ दुआड़ा पंचायत के कई युवाओं ने भी भाजपा की कार्यप्रणाली व नीतियों पर भरोसा जताते हुए पार्टी का दामन थाम लिया है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवा मनाली के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से भाजपा की सदस्यता ली। गोविंद ने देव भट्ट (दुआड़ा), राज कपूर (लिंगचा), अनिल शर्मा (लिंगचा), सुशील कुमार (रोपा), शमशेर ठाकुर (ग्राहण), रामनाथ (दुआड़ा), कुलदीप कपूर व प्रेम चंद (दुआड़ा) का भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं का भाजपा के प्रति बढ़ता आकर्षण क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखेगा।

### कांग्रेस मुक्त होने जा रहा भारत: गोविंद ठाकुर



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि भारत कांग्रेस मुक्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के समस्त आला अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जाता है। पश्चिम बंगाल और असम में 2026 के विधानसभा चुनाव रुझानों में भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इसे ऐतिहासिक जनदेश, 'डबल इंजन सरकार' की जीत और 'मोदी के राष्ट्रवाद' की विजय बताया। पश्चिम बंगाल से चुनाव प्रचार का हिस्सा बने गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी की राजनीति की हार और भाजपा के विकास मॉडल की जीत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता भी अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी अब भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पहले मनाली शहरी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने असम में लगातार तीसरी जीत और बंगाल में बड़ी बढ़त पर मनाली में जश्न मनाया। शहरी अध्यक्ष अजय अबरोल ने बताया कि मनाली के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर व मिठाई बांटकर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर के नेतृत्व में खुशियां मनाई।

### रूप चंद नेगी भाजपा में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कांग्रेस विचारधारा के कद्दावर नेता रूप चंद नेगी भाजपा में शामिल हो गए हैं। रूप चंद नेगी के भाजपा में शामिल हो जाने से कांग्रेस नेता असमंजस में है। नेगी के भाजपा में चले जाने से नगर परिषद के चुनावों में काग्रेस को नुकसान हो सकता है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इससे नप चुनावों में उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन भाजपा नेताओं का कहना है कि नेगी का साथ मिलने से उन्हें मजबूती मिली है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने पार्टी में आने पर रूप चंद नेगी को सम्मानित किया और मान सम्मान देने की बात कही। गोविंद ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद मनाली में भाजपा समर्थित नगर परिषद बनेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आज से ही मैदान में जुट जाएं और सभी सातों सीटों पर भाजपा का परचम लहराएं। पूछे जाने पर रूप चंद नेगी ने कहा कि वह कांग्रेस विचाराधार के थे लेकिन उन्होंने कभी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता नहीं ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सिर्फ अपने मतलब के लिए नजदीकियां बनाते है जबकि गोविंद सिंह ठाकुर राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास की बात करते है। उन्होंने कहा कि जब वह नप मनाली के अध्यक्ष थे तो विधायक गोविंद ठाकुर के सहयोग से ही मनाली का विकास करने में सफल हो सके थे। उन्होंने कहा कि सभी सात वार्डों में भाजपा समर्थित पार्षदों की जीत सुनिश्चित की जाएगी।

# मनाली अस्पताल में अब रूटीन में होंगे मरीजों के ऑपरेशन

अनंत ज्ञान



**मनाली।** मनाली अस्पताल में डॉ. आशीष धीमान ने सर्जन के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है।

इससे पहले वह कुल्लू अस्पताल में 5 साल तक कार्यरत थे, अब मनाली अस्पताल में उनके कार्यभार संभालने के बाद मनाली और आसपास के क्षेत्र में मरीजों को सरकारी अस्पताल में लेप्रोस्कोपी यानी दूरबीन विधि से होने वाले ऑपरेशन और सर्जरी का लाभ मिल पाएगा। इसके लिए उन्हें कुल्लू आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। डॉक्टर आशीष धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अब ऑपरेशन करने का कार्य शुरू कर दिया है और मरीजों के सहूलियत के लिए अब मनाली अस्पताल में निरंतर ऑपरेशन होते रहेंगे। वहीं, अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीजों का कहना है कि अब उन्हें इलाज करवाने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डॉक्टर के अस्पताल में कार्यभार संभालने से उन्हें अब इसका लाभ मिलेगा।

- **डॉ. आशीष धीमान ने कार्यभार संभालने के बाद शुरू किया कार्य**
- **पहले पांच साल कुल्लू अस्पताल में सर्जन के तौर पर दी हैं सेवाएं**

# नप कुल्लू के सियासी रण में कांग्रेस ने 5 वार्ड में खोले पत्ते
## कांग्रेस ने कुल्लू में 5 वार्डों से उम्मीदवारों पर लगाई मुहर, शेष पर खींचतान जारी

अनंत ज्ञान

- **नप कुल्लू चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची जारी**
- **बागियों को मनाने और जिताऊ चेहरों पर दांव**

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर निकाय चुनावों के लिए कुल्लू के सियासी रण में कांग्रेस ने अपने पत्ते खोलते हुए अपनी पहली चाल चल दी है।

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में घंटों चली मैराथन बैठक के बाद पार्टी ने 5 वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। हालांकि, शेष 6 वार्डों में मचे घमासान ने संगठन की चिंता बढ़ा दी है, जिस पर मंगलवार को अंतिम फैसला होने की उम्मीद है। लिहाजा, नगर परिषद चुनावों में कांग्रेस के टिकट वितरण को लेकर चल रही इस रस्साकशी का अंत मंगलवार को होने की उम्मीद है। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के लिए भी यह चुनौती है कि वह किस तरह गुटबाजी को दरकिनार कर ऐसे चेहरे सामने लाते हैं, जो पार्टी को जीत दिला सकें। अब देखना यह होगा कि मंगलवार की बैठक में किसे 'खुशखबरी' मिलती है और किसे 'निराशा' हाथ लगती है।

### एक अनार सौ बीमार', इन वार्डों में फंसा पेंच

**असली** चुनौती वार्ड नंबर 2, 3, 6 और 9 में है। यहां कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं के बीच ही सीधी टक्कर देखने को मिल रही है। एक-एक सीट पर 2 से 3 दावेदारों के अड़ने के कारण सोमवार की बैठक बेनतीजा रही। यहां 'एक अनार सौ बीमार' वाली स्थिति के चलते बाकी वार्डों में अभी भी पेंच फंसा हुआ है, जिससे कांग्रेस कमेटी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पार्टी के भीतर चल रही इस खींचतान को खत्म करने के लिए मंगलवार को एक बार फिर बड़ी बैठक बुलाई गई है।

### बगावत रोकने के लिए 'त्याग' का सहारा

**वार्ड** नंबर 4 में आपसी सामंजस्य का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। दिग्विजय मोदगिल के नाम पर सहमति बनते ही पूर्व परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत (काका) ने अपना नामांकन वापस लेने का फैसला किया। इसी तरह, वार्ड नंबर 10 से प्रताप कटोच ने भी हरी सिंह के समर्थन में कदम पीछे खींच लिए हैं।

### इन प्रत्याशियों के नाम हुए फाइनल

**जिला** अध्यक्ष सेस राम आजाद के अनुसार, फिलहाल वार्ड नंबर 1 विशाल सूद (शैली), वार्ड नंबर 4 दिग्विजय मोदगिलवार्ड नंबर-5 पूजा शर्मा, वार्ड नंबर-8 आशा डोगरा (निर्विरोध दावेदारी) व वार्ड नंबर 10 हरी सिंह के नामों पर अंतिम मुहर लगी है।

> **पार्टी** का लक्ष्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जीत दर्ज करना है। जहां सहमति नहीं बनी है, वहां सभी पक्षों को सुना जा रहा है। मंगलवार को शेष नामों पर मुहर लगा दी जाएगी।' हमारा प्रयास है कि सभी को विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ें।
> **सेस राम आजाद, जिला अध्यक्ष, कुल्लू कांग्रेस**

## ग्राम पंचायत खाड़ागाड़ में मीना देवी निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** जिला कुल्लू के विकास खंड बंजार की ग्राम पंचायत खाड़ागाड़ से एक सकारात्मक व सराहनीय खबर सामने आई है। यहां के सौर वार्ड से मीना देवी को पंच पद के लिए निर्विरोध चुना गया है।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह फैसला आपसी समझ, सौहार्द व एकजुटता का प्रतीक है। बिना किसी मुकाबले के मीना देवी का चयन होना गांव में आपसी विश्वास व सहयोग की भावना को दर्शाता है। ग्रामीणों का मानना है कि मीना देवी अपने दायित्वों का ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी तथा पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगी। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों व आम लोगों ने मीना देवी को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। यह निर्विरोध चुनाव पंचायत में आपसी भाईचारे व समझदारी का एक अच्छा उदाहरण बनकर सामने आया है।

**जनसैलाब** पूर्व मंत्री की 'जन विश्वास यात्रा' ने बदली लाहौल-स्पीति की हवा, विरोधियों के खेमे में हलचल

# स्पीति में मार्कंडेय का 'शक्ति प्रदर्शन, सियासी पारा गर्म

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** लाहौल-स्पीति की राजनीति में इन दिनों एक नई हलचल महसूस की जा रही है। हिमाचल प्रदेश की सबसे दुर्गम व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण विधानसभा सीट को लेकर पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने लाहुल-स्पीति में अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

पूर्व मंत्री डॉ. मार्कंडेय की ओर से शुरू की गई 'जन विश्वास यात्रा' ने लाहौल-स्पीति की हवा बदल दी है। लाहौल के बाद अब स्पीति घाटी में भी पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय की 'जन विश्वास यात्रा' पहुंच गई है और जिसमें खूब जनसैलाब उमड़ा है। पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय की 'जन विश्वास यात्रा' जब स्पीति घाटी के दुर्गम गांवों में पहुंची, तो वहां उमड़ी भीड़ ने कहीं न कहीं आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत 'बदलाव की पटकथा' भी लिख दी है। डॉ. मार्कंडेय की इस यात्रा का मुख्य केंद्र 'हर गांव-हर द्वार' का संकल्प है। स्पीति में उनके आगमन पर जिस तरह से पारंपरिक वाद्ययंत्रों और 'खतक' पहनाकर उनका स्वागत किया गया, जो कि केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जनता के असंतोष का प्रतिबिंब माना जा रहा है। यात्रा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी व युवाओं का जोश यह संकेत दे रहा है कि मार्कंडेय अपनी पकड़ दोबारा मजबूत कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि डॉ. मार्कंडेय के कार्यकाल के दौरान शुरू हुई योजनाएं अब ठप पड़ी हैं। जनता का आरोप है कि वर्तमान सरकार के वादे धरातल पर नहीं उतर पाए। वहीं, सियासी जानकारों की मानें, तो डॉ. मार्कंडेय ने इस यात्रा के जरिए सीधे 'एंटी-इंकम्बेंसी' (सत्ता विरोधी लहर) को हवा दी है। 2024 के उपचुनावों और उसके बाद के घटनाक्रमों के बाद, मार्कंडेय खुद को फिर से एक निर्विवाद जननेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

हिमाचल की राजनीति में जिस तरह से वे सक्रिय हुए हैं, वह राज्य में एक 'तीसरे मोर्चे' या एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति की संभावनाओं को बल दे रहा है। स्पीति में मिल रहे इस समर्थन ने सत्ताधारी दल व अन्य विरोधियों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लाहौल स्पीति दोनों क्षेत्रों में मार्कंडेय का एक जैसा प्रभाव दिखना यह दर्शाता है कि इस बार चुनाव 'व्यक्तिगत प्रभाव बनाम दलीय राजनीति' के बीच सिमट सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जनता का यह उत्साह केवल स्वागत नहीं, बल्कि बदलाव की पुकार है। वर्तमान सरकार ने विकास की गति रोक दी है और स्पीति की जनता अब पुराने भरोसे को वापस लाने का मन बना चुकी है। लिहाजा, डॉ. रामलाल मार्कंडेय की 'जन विश्वास यात्रा' ने स्पीति की ठंडी वादियों में राजनीतिक गर्मी पैदा कर दी है यदि यह जनसमर्थन इसी तरह बना रहा, तो आने वाले समय में लाहौल-स्पीति की विधानसभा सीट पर एक बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। फिलहाल, स्पीति की जनता ने अपने तेवर साफ कर दिए हैं वे अब विकास और विश्वास की ठोस गारंटी चाहते हैं।



स्पीति पहुंचने पर पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय का भव्य स्वागत करते हुए लोग। अनंत ज्ञान

# मेले हमारी पुरातन समृद्ध संस्कृति की विरासत : पंकज

अनंत ज्ञान



**सैंज।** जिला स्तरीय लक्ष्मी नारायण सैंज मेले का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) बंजार, पंकज शर्मा ने किया। क्षेत्रवासियों को पारंपरिक मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व उसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि सैंज घाटी को वर्ष 2023 और 2025 में आई प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हुआ था, लेकिन घाटी के लोगों ने साहस व एकजुटता का परिचय देते हुए पुनर्निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज घाटी पुनः विकास के पथ पर अग्रसर है और यह मेला क्षेत्रवासियों के आत्मविश्वास, एकता और पुनर्जीवन का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।

सैंज घाटी अपने प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखती है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन मिलता है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त होता है।

# विकास की बजाय विनाश कर रहा लोक निर्माण विभाग



## विभाग ने सड़क पर टारिंग करते समय फुटपाथ को हटाकर बना दी बरसाती नाली

*अनंत ज्ञान, नाहन। शहर के रानी झांसी पार्क के नजदीक विकास का एक नमूना भी देखिए। लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर टारिंग करते समय फुटपाथ को हटा के बरसाती नाली बना दी थी, यह नाली दो साल से खुली पड़ी है। पैदल चलने वाले लोगों व दो पहिया वाहन चालकों के लिए जोखिम बढ़ा दिया, सड़क सुरक्षा दांव पर लगा दी। लेकिन अब इस बरसाती नाली को कवर कौन करेगा। लोक निर्माण विभाग की तो सड़क थी टारिंग के साथ नाली बनाकर अपना काम खत्म कर दिया। अब कहते हैं नाली नगर परिषद की है, सो कवर करने की जिम्मेदारी नगर परिषद की थी। विकास का राग अलापने वाले पार्षदों ने लोगों के लिए खतरा बनी नाली को कवर नहीं कराया, मगर इस फुटपाथ को तोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को किस ने कहा था।*

# 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों का दबदबा






## सिरमौर जिले के चार विद्यार्थी हैं बोर्ड की मेरिट में

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इस बार जिला सिरमौर से सरकारी स्कूलों का दबदबा रहा है। जिला सिरमौर के चार छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। जिसमें तीन छात्राएं तथा एक छात्र शामिल है। चारों ही छात्र-छात्राएं दुर्गम क्षेत्र के हैं। कला संकाय में आरुषि पुत्री नीरज कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर धरयार ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए हैं, जोकि 99 प्रतिशत बनते हैं। वहीं आठवें स्थान पर समृद्धि पुत्री रामलाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौहराधार रही है। इसने 500 अंकों में से 489 प्राप्त किए हैं, जोकि 97.8 प्रतिशत बनते हैं।

आठवें स्थान पर एक और छात्र रुचिका पुत्री भीम सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाना पालर ने स्थान प्राप्त किया है। जिसने 500 में से 489 अंक प्राप्त किए हैं, जो 97.8 प्रतिशत बनते हैं। वही विज्ञान संकाय में आरव शर्मा पुत्र मनीष कुमार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिवपुर का छात्र है। उसने 500 में से 490 अंक प्राप्त किए हैं, जो की 98 प्रतिशत बनते हैं। विदित रहेगी यह चारों स्कूल दुर्गम क्षेत्रों में आते हैं, जबकि इस बार शहरों तथा निजी स्कूल मेरिट की सूची से पूरी तरह गायब है।

## सिरमौर की आरुषि ने प्रदेश में हासिल किया द्वितीय स्थान

अनंत ज्ञान



**सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर धरयार जिला सिरमौर की मेधावी छात्रा आरुषि ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की जमा दो की परीक्षा में 500 में से 495 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र एवं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली आरुषि गांव धरयार की निवासी है। उसके पिता नीरज कुमार, जो एक किसान हैं तथा माता सुमन बाला एक गृहिणी हैं, ने अपनी पुत्री की इस सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। आरुषि ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने आरुषि को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

## मेहंदो बाग स्कूल में 91.66 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

*अनंत ज्ञान, सराहां। जमा दो बोर्ड परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मेहंदो बाग का परीक्षा परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा, जिसमें उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी में उत्तम अंक प्राप्त किए। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा विद्यालय में स्टाफ की कमी के बावजूद भी विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन रहा। इस वर्ष कुल 12 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसमें तनुजा शर्मा 392 अंक लेकर प्रथम स्थान, काजल 391 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा कामाक्षी 389 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। गौरतलब है कि पिछले तीन-चार वर्षों में विद्यालय को बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं, जिसका पूरा श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति व विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को जाता है।*

# न्यूज ब्रीफ

## नालागढ़ में सड़क हादसा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** न्यू बस स्टैंड नालागढ़ के निकट एक कार (॥क37॥-4768) के चालक द्वारा तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए ट्रक (॥क93-4502) को टक्कर मार दी। घटना में कार चालक सूरज राणा पुत्र पवन सिंह राणा निवासी गावँ डाढ, तहसील व थाना पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.घायल हो गया, जिसे तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु ष्टाऌ नालागढ़ पहुंचाया गया। ट्रक चालक की पहचान संजीव कुमार पुत्र सरवन राम निवासी गांव खाल, डाकघर सलोह, तहसील श्री नैना देवी जी, जिला बिलासपुर हि.प्र. के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना नालागढ़ में अभियोग पंजीकृत कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## बद्दी पुलिस ने दड़ा-सट्टा करवाते एक व्यक्ति को पकड़ा, नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी में जुआ अधिनियम के तहत एक अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान नई सब्जी मंडी सन्डोली के पास एक व्यक्ति को लोगों को लालच देकर दड़ा सट्टा लगवाते हुए पकड़ा। आरोपी की पहचान शिवम कुमार निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1000 नकद राशि बरामद की गई, जो दड़ा सट्टा से संबंधित पाई गई। जिस पर पुलिस थाना बद्दी में जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर, आगामी कार्यवाही की जा रही है।

## धुंदन स्कूल में प्लस-टू कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन का हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च माह में संचालित प्लस-टू कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय के कुल 79 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 77 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में पायल ने 500 में से 424 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मुस्कान ने 409 अंक लेकर द्वितीय तथा रिया ने 402 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में राहुल ने 420 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरन ने 417 अंक लेकर द्वितीय तथा हिमाक्षी रघुवंशी ने 402 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में गौरव कुमार ने 415 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौर्य प्रताप चंदेल ने 412 अंक लेकर द्वितीय तथा आदित्य ने 398 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा कुमारी चड्ढा एवं स्कूल प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## पबियाना स्कूल की छात्रा सिमरन ने 96 फीसदी अंक लेकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबियाना ने इस वर्ष कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत (100%) परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि ने पबियाना और आसपास के क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया है।इस रिजल्ट में विद्यालय की होनहार छात्रा सिमरन ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। सिमरन के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें विद्यालय की टॉपर बना दिया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य कांता ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ यह सफलता प्राप्त की है। सिमरन ठाकुर की उपलब्धि सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जो विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है। यही कारण है कि विद्यालय हर वर्ष बेहतर परिणाम दे रहा है।

## तेज रफ्तारी व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** साई रोड, गुल्लरवाला सिटी लुक होटल के समीप एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के कारण पैदल व्यक्ति व चालक दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना में मोटरसाइकिल चालक दीपक द्विवेदी निवासी उत्तर प्रदेश तथा पैदल व्यक्ति दिनेश सिंह निवासी बिहार घायल हुए, जिन्हें तुरंत सिविल अस्पताल बद्दी पहुंचाया गया। प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण मोटरसाइकिल चालक की तेज रफ्तारी व लापरवाही पाया गया है। जिस पर पुलिस थाना बद्दी में अभियोग दर्ज कर आगामी जांच अमल में लाई जा रही है।

## राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव : 21 उम्मीदवारों के नामांकन, आठ पर आपत्ति

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। सोमवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी (छंटनी) प्रक्रिया सुबह से शुरू हुई, जो दोपहर 3:00 बजे तक जारी रही। एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं, जिनमें से 8 उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों पर आपत्तियां दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि इन आपत्तियों के संबंध में उम्मीदवारों को अपना जवाब देने के लिए कल सुबह 11:00 बजे तक का समय दिया गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पर आपत्ति लगी है, वे निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

## चुनाव अधिकारी उम्मीदवारों को नामांकन भरने में सही मार्गदर्शन करें : ओपी शर्मा

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय कंडाघाट में आगामी पंचायती राज चुनावों के संबंध में सेक्टर अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की दूसरी रिहर्सल बैठक सोमवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने की। बैठक में रिजर्व अधिकारी कर्मचारी समेत 9 सेक्टर अधिकारी एवं 34 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने भाग लिया। रिटर्निंग अधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को उनको प्रदत्त ग्राम पंचायतों के विवरण सहित उनके सेक्टर अधिकारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने इच्छुक प्रतिभागियों के जो फार्म भरे जाने हैं, उन पर पूरी चर्चा एवं चुनाव संबंधित समस्त अधिकारों एवं कर्तव्यों बारे जानकारी दी।

# 3 राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत,

**◆ कांग्रेस की नीतियों ने प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर धकेला : डॉ. बिंदल**

समर्पण और जनसेवा की भावना का परिणाम है। उन्होंने ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व एवं अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। यह परिणाम जनता के विश्वास और सुशासन की जीत को दर्शाता है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों के दौरान जनता से किए गए '10 गारंटियों' के वादे आज भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन आज तक न तो युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा हुआ, न ही महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े वादों को जमीन पर उतारा गया।

उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों, किसानों और आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण वादे भी अधूरे पड़े हैं। महंगाई, बेरोजगारी और विकास कार्यों की धीमी गति से जनता त्रस्त है। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर धकेल दिया है, जिससे आम आदमी पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल, असम और पुडूचेरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत ने पूरे देश में उत्साह की लहर दौड़ा दी है। हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस जीत को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कार्यकर्ताओं के बीच जोश भर दिया।

# छह ई-बसें हैदराबाद से पहुंची सोलन जल्द स्थानीय रूटों पर होगा ट्रायल

## बसों के सफल संचालन से हिमाचल प्रदेश बनेगा हरित ऊर्जा राज्य

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** प्रदेश में प्रदूषण-मुक्त परिवहन की नई क्रांति शुरू सोलन से होने वाली है। हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचआरटीसी) के लिए हैदराबाद से मंगाई गईं 6 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें सोलन पहुँच चुकी हैं। इनका ट्रायल जल्द शुरू होगा और अगर परिणाम संतोषजनक रहे तो कुल 297 बसें प्रदेश की सड़कों पर दौड़ेंगी। ट्रायल के दौरान पहाड़ी रास्तों, तीखे मोड़ों और लंबी चढ़ाइयों के लिए डिज़ाइन इन बसों की क्षमता का कठोर परीक्षण किया जाएगा। परिवहन विभाग बैटरी लाइफ, ब्रेकिंग सिस्टम, स्थिरता और परफॉर्मेंस पर नज़र रखेगा। पिछले ट्रायल में आई तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए कंपनी ने इंजन, सॉफ्टवेयर और ब्रेकिंग में उन्नयन किया है।



### आधुनिक सुविधाएं से युक्त हैं बसें

**खास** बात है कि इन बसों में लिथियम-आयन बैटरी, सीसीटीवी, आरामदायक सीटें, डिजिटल डिस्प्ले और एर्गोनोमिक डिज़ाइन है। इससे यात्रियों को सुरक्षित व सुविधाजनक सफर मिलेगा। डीजल पर खर्च बचेगा और पर्यावरण को फायदा होगा जो 'ग्रीन हिमाचल' के लक्ष्य को मजबूत करेगा। ये बसें प्रदूषण कम करेंगी और शहर-ग्रामीण रूटों पर चलेंगी तो सबको फायदा। सबकी मांग है- जल्द नियमित संचालन शुरू हो। इससे पहले भी पहाड़ी क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों में इलेक्ट्रिक बस की क्षमता की पड़ताल के लिए प्रोटोटाइप ई-बस को ट्रायल के तौर पर सोलन से अर्की होते हुए ममलीग भेजा गया था जो सफल रहा। ट्रायल रिपोर्ट आने के बाद ई-बस को वाणिज्यिक उपयोग के लिए तैयार किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है, उम्मीद जताई है कि इससे प्रदूषण मुक्त यात्रा संभव होगी।

### 2027 तक हरित ऊर्जा राज्य का लक्ष्य


**हिमाचल** प्रदेश सरकार का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसका उद्देश्य राज्य को 2026-2027 तक भारत का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाना है, जिसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों, प्राकृतिक खेती और वन संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, ताकि राज्य कार्बन उत्सर्जन को कम कर सके और पर्यावरण के अनुकूल विकास कर सके। इसको लेकर सौर ऊर्जा परियोजनाओं और जलविद्युत के विकास पर जोर दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन सरकारी कार्यालयों में पेट्रोल/डीजल वाहनों की खरीद पर रोक, इलेक्ट्रिक बसों और ई-टैक्सी के लिए सब्सिडी, और चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। इसी दिशा में हिमाचल पथ परिवहन निगम अपने बेड़े को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों में बदलेगा।

# आपसी झगड़े के बाद कार को लगाई आग!

## अर्की पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज, जांच जारी

अनंत ज्ञान

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में आपसी झगड़े के बाद गाड़ी को आग के हवाले करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी गांव सुली डा. दाड़लाघाट उम्र 30 साल ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह तीन मई लगभग 9 बजे रात को पुराना बस अड्डा अर्की में खड़ा था। तभी शिव कुमार वहां आया व उसके साथ लड़ाई करने लगा। लड़ाई के समय शिव कुमार का भाई चेतन भाई भी मौजूद था। इसके बाद दोनों भाई वहां से चले गए। मनोज कुमार के अनुसार उसने लगभग 11:00 बजे अपनी गाड़ी को चौगान ग्राउंड मे खड़ा किया। तो उसी समय शिव कुमार गाड़ी के पास आया और शीशे पर डंडा मारा। इस बात पर दोनों में झगड़ा हुआ। रात के समय करीब डेढ़ बजे पता चला कि उसकी गाड़ी में आग लगी है। वह चौगान में पहुंचा तो देखा कि गाड़ी पूरी जल चुकी थी। मनोज कुमार ने शक जताया है कि उसकी गाड़ी को शिव कुमार ने जलाया है। डीएसपी नवीन झालटा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।




## एनएच-07 पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित, घंटों जाम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में आए तेज आंधी और बारिश के चलते कालाअंब-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे-07 पर बड़ा व्यवधान उत्पन्न हो गया। बोहलियों के पास एक पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर आ गिरा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सुबह के समय दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूली वाहन और अन्य यात्री जाम में फंस गए। सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी लाइनें लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दी, जिसके बाद संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद बाद यातायात को बहाल किया जा सका।

# फॉरेस्ट गार्ड्स के 500 पद समाप्त करने पर बिफरे वन विभाग के कर्मी

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ इकाई राजगढ़ ने प्रदेश सरकार द्वारा वन रक्षकों के 500 पद समाप्त

**◆ सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार करने की उठाई मांग**

**◆ महासंघ की राजगढ़ इकाई के अध्यक्ष खेमसिंह के नेतृत्व में सरकार को सौंपा ज्ञापन**

करके इन पदों पर सहायक वन रक्षकों की भर्ती का विरोध किया। महासंघ ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। महासंघ की राजगढ़ इकाई के अध्यक्ष खेमसिंह के नेतृत्व में वन मंडल अधिकारी समीरराज को इस आशय का ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि सरकार ने हाल ही में सहायक वन रक्षक भर्ती करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन सरकार ने वन रक्षकों के 500 पद समाप्त करके यह भर्तियां करने की योजना बनाई है, जोकि सरासर गलत है।

महासंघ ने सरकार से मांग की कि वन रक्षकों के पद समाप्त न किए जाए और इन्हें जल्द भरा जाए। इससे पूर्व वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की राजगढ़ इकाई की बैठक अध्यक्ष खेमसिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें उप प्रधान ब्रहमदत, महासचिव विकास शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रचार सचिव रजत, सह सचिव मोनिका ठाकुर, मुख्य सलाहाकार अनिल शर्मा व दिनेश कंवर, लेखाकार अनूप कुमार तथा कार्यकारिणी सदस्य नरेश चौहान, सुलेखा, शीतल, योगराज, जोगेंद्र सिंह व प्रवीण शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिरमौर कांग्रेस ने जिप चुनाव के लिए गठित की नई कमेटी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर कांग्रेस कमेटी ने जिला परिषद चुनाव को लेकर नई कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी जिला अध्यक्ष आनंद परमार की अध्यक्षता में बनाई गई है, जो चुनावी गतिविधियों के सुचारू संचालन और निगरानी का कार्य करेगी।

**◆ आनंद परमार की अध्यक्षता में गठित समिति चुनावी गतिविधियों की निगरानी करेगी**

समिति को चुनाव प्रक्रिया के दौरान समन्वय स्थापित करने और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कमेटी में शिलाई से सीता राम शर्मा को अध्यक्ष एपीएमसी के रूप में शामिल किया गया है। शिलाई से ही रमण चौहान को पूर्व अध्यक्ष के रूप में स्थान दिया गया है। जिला सिरमौर से अनिल शर्मा (टीपू) को पूर्व केसीसी जिला अध्यक्ष के रूप में जोड़ा गया है। नाहन से कैप्टन सलीम अहमद को शामिल किया गया है। पच्छाद से रणधीर सिंह पंवार को पूर्व बीसीसी अध्यक्ष के रूप में स्थान मिला है। पच्छाद से ही नीलम शर्मा को पूर्व जिला परिषद सदस्य के रूप में कमेटी में शामिल किया गया है।

पांवटा साहिब से अश्वनी शर्मा को पूर्व बीसीसी अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। पांवटा साहिब के बन्नौर से हृदय राम चौहान को भी कमेटी में स्थान दिया गया है। रेणुका जी से तपिंदर चौहान को बीसीसी अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया है, जबकि यशपाल चौहान को पूर्व पीसीसी सदस्य के रूप में कमेटी का हिस्सा बनाया गया है।

## पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान की अध्यक्षता में मासिक नार्को कॉर्डिनेशन बैठक

# नार्को कॉर्डिनेशन बैठक में नशा तस्करों पर सख्ती के आदेश

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा। बीबीएन।** पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान की अध्यक्षता में मासिक नार्को कॉर्डिनेशन बैठक में पुलिस ने नशा तस्करों पर नकेल कसने और लोगों को जागरूक करने के बनाई आगामी रणनीति बनाई। जिसमें जिला में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय नशा तस्करों पर कड़ी निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा नियमित रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। खुफिया तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने तथा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्कूल व कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में शिकायत पेटी की नियमित निगरानी एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया गया। पंचायत स्तर पर गठित नशा निवारण समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर उन्हें और अधिक सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य को प्रभावी रूप से पूरा किया जा सके।



नार्को कॉर्डिनेशन बैठक में नशा तस्करों पर नकेल कसने व जागरूकता संबंधित दिशा-निर्देश देते एसपी बद्दी। अनंत ज्ञान

# समुद्र में जहाज पर फैला हंतावायरस, तीन की मौत

**एजेंसी, प्राया**

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की। एमवी होंडियस नाम के इस क्रूज शिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है। यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं। यह बीमारी आखिर कैसे और कहां से फैली है, इसकी जांच चल रही है।

### जहाज में 170 यात्री 71 क्रू सदस्य मौजूद

**जहाज** में कुल 170 यात्री और 71 क्रू सदस्य मौजूद हैं। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। पहला मृतक 70 साल का एक व्यक्ति था, जिसकी मौत जहाज पर ही हो गई थी। वह अपनी पत्नी के साथ इस यात्रा पर था। इसके बाद उसका शव दक्षिण अटलांटिक में स्थित सेंट हेलेना में उतारा गया। नीदरलैंड के झंडे वाला यह क्रूज शिप 20 मार्च को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था। इसके बाद यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास के इलाकों में गया और फिर अटलांटिक पार करते हुए यूरोप की ओर बढ़ रहा था। इसे सबसे आखिर में स्पेन के कैनरी द्वीप तक पहुंचना था, जो अफ्रीका के पास अटलांटिक में स्थित एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है।

रक्षामंत्री ने प्रयागराज में नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 का किया शुभारंभ, कहा-

# प्रो-एक्टिव रक्षा तैयारी पर करें काम

**एजेंसी, प्रयागराज**

प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (नॉर्थ टेक सिम्पोजियम) 2026 की शुरुआत हो गई। इसका उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को हमारी ताकत का एहसास हो गया है। उन्होंने कहा कि मैं प्रो-एक्टिव तैयारी की बात कर रहा हूं। वो है सरप्राइज एलीमेंट।

हमें ऐसी क्षमताएं भी विकसित करनी है जो जरूरत पड़ने हम ऐसा प्रहार कर सकें जिससे दुश्मन सरप्राइज हो जाए। मुझे पता है कि हमारी सेना इस ओर काम कर रही हैं। अब हमें प्रो-एक्टिव होकर काम करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण हमारे सामने है। इस ऑपरेशन के एक साल पूरे हो चुके हैं। जब भी ऑपरेशन सिंदूर की बात आती है तो मुझे अपनी सेनाओं के शौर्य स्वाभाविक रूप से याद आता है।




आतंकियों को और उनके सरपरस्तों को जो मुहंतोड़ जवाब हमारे सैनिकों ने दिया उससे पूरे देश का सिर गौरव के साथ ऊंचा हो गया। ये तो अच्छा हुआ कि हमने धैर्य दिखाते हुए केवल आतंकवादियों का सफाया किया। नहीं तो हमारी सेनाएं क्या कुछ करने में सक्षम नहीं हैं। इसका अंदाजा पूरी दुनिया को अब हो चुका है। रक्षामंत्री ने कहा- साथियों ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में टेक्नोलॉजिकल वार फेयर का एक नमूना है। इस ऑपरेशन में आकाश और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल के लेटेस्ट सिस्टम को शामिल किया गया। मैंने हमेशा आर्म फोर्सेस और डिफेंस को बराबर एक बात कही है। हमने सिर्फ एक्टिव नहीं बल्कि प्रो एक्टिव भी रहना है।

### आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है एडप्टबिलिटी

**रक्षामंत्री** ने कहा कि साथियों आज के परिवेश में आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है, एडप्टबिलिटी। बदलती परिस्थितियों में खुद का बदलना ही हमारी प्रायोरिटी होनी चाहिए। जो देश तकनीकी क्रांति को तेजी से एडाप्ट करेगा वही फ्यूचर वार फेयर में तेजी से आगे निकलेगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी रहे। भारतीय सेना की उत्तरी कमान, मध्य कमान और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित और तीन दिन चलने वाले इस सिम्पोजियम (4-6 मई) में स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन और एकीकरण का प्रमुख मंच बनेगी।

हर प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहना है। क्योंकि आज के समय कब क्या हो जाए कुछ भी संभावित नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार : विक्रमशिला पुल का 34 मीटर स्लैब गंगा में गिरा



**एजेंसी, भागलपुर**

बिहार के भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गंगा में गिर गया। राहत की बात रही कि प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है।

पिछले 10 साल में इस पुल की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, और हाल ही में मार्च 2026 में भी रिपेयर वर्क हुआ था। पुल यूपी ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बनाया था। लापरवाही को लेकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया है। बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने बताया, 'भागलपुर पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन की सजगता से बड़ी घटना होने से बचा है।

अगर समय रहते पुलिस प्रशासन सजग नहीं होती तो कई लोगों की जान माल का नुकसान हो जाता। डीपीआर बनाकर हम लोगों ने मेंटेनेंस के लिए भेजा था। (अनंत ज्ञान)


# होर्मुज से दूर रहे अमेरिका : ईरान

## कहा- अगर अमेरिकी सेना यहां घुसी तो करेंगे जोरदार हमला

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन**

ईरान ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर रहे। ईरान की सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त कमान के प्रमुख अली अब्दुल्लाही ने अमेरिकी सेना को चेतावनी दी कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर रहें। अगर अमेरिकी सेना होर्मुज के पास आती या घुसती है तो उस पर हमला किया जाएगा। उन्होंने व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों को निर्देश दिया कि वे ईरान की सेना के साथ समन्वय किए बिना किसी भी तरह की आवाजाही न करें। अब्दुल्लाही ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा ईरान के हाथों में है। जहाजों के सुरक्षित मार्ग की रक्षा ईरान की सशस्त्र सेनाएं करेंगी।

ईरान की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी के जवाब में आई है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका उन जहाजों को मुक्त कराने में मदद करेगा, जो ईरान पर अमेरिका-इसराइल युद्ध के कारण खाड़ी में फंस गए हैं।



ट्रंप ने कहा था कि यह लगभग दो माह से फंसे हैं। चालक दल के पास भोजन और अन्य सामान की कमी हो गई है। ट्रंप ने इसे 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम दिया है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, 'हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित बाहर निकालने में सहायता करेंगे।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर 15,000 सैन्य कर्मियों, 100 से अधिकी जमीन और समुद्र-आधारित विमानों, साथ ही युद्धपोतों और ड्रोन के साथ इस प्रयास में सहायता प्रदान करेगा। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल की बालेन सरकार ने रद्द की 1500 नियुक्तियां

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल की नई सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 1500 से ज्यादा सरकारी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को अध्यादेश जारी कर 26 मार्च से पहले की सभी नियुक्तियों को समाप्त करने का आदेश दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फैसले के तहत 1594 पदों पर बैठे अधिकारियों को हटाया गया है। सरकार ने इन्हें 'राजनीतिक नियुक्तियां' बताते हुए खत्म किया है। इस कदम से नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी, त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, बीपी कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज और नेपाल एयरलाइंस जैसे प्रमुख संस्थानों में शीर्ष पद खाली हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं पर असर पड़ सकता है, क्योंकि कई जगहों पर निर्णय लेने वाले अधिकारी नहीं बचे हैं। सरकार का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए जरूरी था। हालांकि, नई नियुक्तियों को लेकर अभी कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई है। यह फैसला हाल ही में सत्ता परिवर्तन के बाद लिया गया है, जब मार्च में हुए चुनाव में नई सरकार बनी थी। विपक्ष और कुछ विशेषज्ञ इसे लेकर सवाल उठा रहे हैं और इसे प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जोखिम बता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# विधानसभा चुनाव के नतीजों के बीच सेंसेक्स 355 अंक उछला

## 77,269 के स्तर पर पहुंचा, अडानी पोर्ट्स के शेयरों में 5% की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बीच 4 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 77,269 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 121 अंक ऊपर रहा, ये 24,119 के स्तर पर बंद हुआ। रियल्टी, मेटल और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी है। अडानी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 5% तक की तेजी है। (अनंत ज्ञान)



### सोना 1,906 रुपए सस्ता, चांदी 4 हजार महंगी

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 4 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,906 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 3,906 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 15 हजार रुपए महंगा हुआ है। वहीं, चांदी 14 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

### शेयर बाजार में तेजी के तीन प्रमुख कारण

**चुनावी रुझान:** असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के शुरुआती रुझानों से बाजार में तेजी हैं। बाजार स्पष्ट जनादेश को पॉजिटिव लेता है।

**ग्लोबल मार्केट:** एशियाई बाजारों में आई तेजी ने भारतीय बाजार के सेंटीमेंट को भी मजबूत किया है। जापान, कोरिया और हॉन्गकॉन्ग के बाजारों में आज मजबूती है।

**कच्चा तेल:** ब्रेंट क्रूड ऑयल एक बार फिर घटकर 110 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया है। ये 107 डॉलर के करीब है। क्रूड जब घटता है तो महंगाई का खतरा कम होता है।

# पंजाब की गोशालाओं में गहराया चारा संकट

## गोशाला महासंघ ने तूड़ी भंडारण पर रोक और फैक्टरियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पंजाब गोशाला महासंघ ने राज्य सरकार से तत्काल प्रभाव से तुड़ी/चारे के भंडारण पर रोक लगाने और पशुओं के लिए आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि राज्य में चारे की भारी कमी से गोवंश संकट में है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष-गोसेवा मिशन स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने कहा कि कुछ फैक्टरियों और उद्योगों द्वारा बड़े पैमाने पर तुड़ी का स्टॉक करने से बाजार में गंभीर कमी पैदा हो गई है, जिससे दाम बढ़ गए हैं और गोशालाओं व पशुपालकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गत्ता फैक्टरियों, ईंट भट्टों और कोयला बॉयलरों द्वारा किसानों से सीधे खेतों से तुड़ी खरीदी जा रही है, जिससे गोशालाओं को पर्याप्त चारा नहीं मिल पा रहा। उनके अनुसार, स्थिति इतनी गंभीर है कि लाखों मवेशी भूख के खतरे का सामना कर रहे हैं।

स्वामी कृष्णानंद ने यह भी कहा कि गौ उपकर के रूप में एकत्र धनराशि के बावजूद कई पंजीकृत गोशालाओं को समय पर सहायता नहीं मिल रही, जिससे चारा संकट और गहरा गया है। उन्होंने मांग की कि यह राशि तुरंत गोशालाओं को जारी की जाए और व्यावसायिक उपयोग में तुड़ी जलाने वाली इकाइयों पर कार्रवाई हो।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने दो दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो गोसेवक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और राज्यभर में प्रदर्शन तथा घेराव किए जाएंगे।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की 'जीरो फॉरेक्स मार्जिन' रेमिटेंस की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक दशक से अधिक समय में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए इनप्रिंसिपल मंजूरी पाने वाला पहला संस्थान, ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर में छिपे शुल्कों को खत्म करने के उद्देश्य से एक ग्राहककेंद्रित फॉरेक्स पहल की शुरुआत की है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम तिबरेवाल ने कहा कि 'हमारे अनुभव में, फॉरेक्स लेनदेन में सबसे लगातार रहने वाली लागत हमेशा दिखाई देने वाली नहीं होती, बल्कि यह इस बात की अस्पष्टता होती है कि अंततः ग्राहक को वास्तव में कितना प्राप्त होगा।

एयू में, हम मानते हैं कि बैंकिंग को जीवन सरल बनाना चाहिए, न कि ग्राहकों को परिणामों को लेकर अंदाजे लगाने पर मजबूर करना चाहिए। चाहे वह विदेश में पढ़ रहे बच्चे की सहायता करने वाले मातापिता हों या देश से मीलों दूर काम कर परिवार का भरणपोषण करने वाले एनआरआई हर रेमिटेंस के पीछे मेहनत, उद्देश्य और भावना होती है। जीरो फॉरेक्स मार्जिन और जीरो बैंक शुल्क के जरिए हमारा प्रयास इस प्रक्रिया को अधिक न्याय संगत और सरल बनाना है, ताकि ग्राहक द्वारा भेजी या कमाई गई राशि बैंकिंग प्रणाली में अधिकतम सीमा तक सुरक्षित रह सके। यह पहल पारदर्शी, ग्राहकप्रथम बैंक बनाने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' इस पेशकश के साथ, एयू एसएफबी निजी क्षेत्र में इनवर्ड और आउटवर्ड, दोनों प्रकार की रेमिटेंस पर ज़ीरो फॉरेक्स मार्जिन और जीरो बैंक चार्ज प्रदान करने वाला भारत का एकमात्र बैंक बन गया है। इससे ग्राहक बिना किसी छिपे मार्कअप के, वास्तविक और पारदर्शी विनिमय दरों पर भारत से और भारत में धन हस्तांतरित कर सकते हैं।

# देव समाज कॉलेज में वार्षिक समारोह में 400 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 36 ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया। समारोह में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

कॉलेज के लगभग 80 बीएड विद्यार्थियों ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी), पंजाब शिक्षक पात्रता परीक्षा (पीटीईटी) और हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) में सफलता हासिल की। इसके अलावा 10 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-एनईटी) उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रो. जतिंदर ग्रोवर (अध्यक्ष, शिक्षा विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय) रहे, जबकि अध्यक्षता प्रो. एग्नेस ढिल्लों (सचिव, देव समाज एवं चेयरमैन, कॉलेज) ने की। डॉ. ऋचा शर्मा, कार्यवाहक प्राचार्य, ने स्वागत संबोधन में संस्थान की उपलब्धियों और विद्यार्थियों की सफलता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



समारोह में करीब 400 विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बीएड द्वितीय वर्ष की अंबिका को 'ऑल राउंडर स्टूडेंट अवॉर्ड' और चेरिंग डोलमा को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' चुना गया।

कार्यक्रम का समापन संकल्प समारोह के साथ हुआ, जिसमें शिक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विद्यार्थी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# जींद : तूफान व बारिश से टूटे पेड़ और गिरे बिजली के पोल

**अनंत ज्ञान, जींद।** पश्चिमी विक्षोभ सक्रियता के चलते रविवार रात को तेज तूफान के साथ हुई बारिश ने जहां गर्मी से लोगों को राहत दिलाने का काम किया वहीं तूफान के कारण कई स्थानों पर होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बोर्ड, पेड़ तथा बिजली के पोल टूट कर गिर गए। रविवार रात सबसे ज्यादा बारिश नरवाना में दर्ज की गई। जहां पर 32 एमएम बारिश दर्ज की गई। जींद मे 19 एमएम, जुलाना 08 एमएम, उचाना में दो एमएम, अलेवा में 4 एमएम, सफीदों व पिल्लूखेड़ा में बूंदाबांदी दर्ज की गई है।

तूफान तथा बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली पोल तथा पेड़ टूट गए और बोर्ड तथा होर्डिंग उखड़ कर सडकों पर जा गिरे। बिजली गुल हो गई। काफी स्थानों पर तो 12 घंटे बाद भी बिजली बहाल नही हो पाई। जिसका असर पेयजल स्पलाई पर भी पडा। बिजली गुल रहने के कारण जरनेटर धड़धड़ाते रहे। बिजली गुल रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। सोमवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री गिर कर 32 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 39 प्रतिशत तथा हवा कि गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। बादलवाई के साथ बूंदाबांदी तथा धूल भरी हवाएं भी चलेगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से चलते मौसम मे बदलाव आया है। छह मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान बारिश के साथ धूल भरी हवा की संभावना है।

# चुनावों से पहले सीएम मान 40 लाख रुपए की ग्रांट का ऐलान कर लोगों को कर रहे गुमराह : सिद्धू



**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** मोहाली के सनेटा गांव में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने इसे 'फ्लॉप शो' बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान और स्थानीय विधायक कुलवंत सिंह पर गंभीर आरोप लगाए।

सिद्धू ने कहा कि कार्यक्रम में जनता से सीधा संवाद नहीं हुआ और यह केवल औपचारिकता तक सीमित रहा। उनके अनुसार भारी पुलिस व्यवस्था के कारण लोगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचने नहीं दिया गया, जिससे यह 'लोक मिलनी' नहीं बल्कि 'पुलिस मिलनी' बन गई।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान एक महिला की बात को बीच में ही रोक दिया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। विकास कार्यों को लेकर सिद्धू ने 40 लाख रुपए की ग्रांट को अपर्याप्त बताते हुए सवाल उठाए और सनेटा में स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार पर भी स्पष्ट घोषणा न होने की बात कही।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के समय गांव में सड़क, पानी, पंचायत भवन और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए थे, जबकि मौजूदा सरकार पर उन्होंने नशे, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता की आवाज को नजरअंदाज किया गया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।

# कैथल: थार गाड़ी में नशा तस्करी करते तीन काबू

**अनंत ज्ञान, कैथल।** नशा तस्करी पर कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपी थार गाड़ी में नशीला पदार्थ ले जा रहे थे, जिनके कब्जे से सात किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रोहताश सिंह की टीम राजौंद क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि काले रंग की थार गाड़ी में सवार तीन युवक भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर असंध की तरफ से राजौंद की ओर आ रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बंद पड़े पंजाबी ढाबे के पास नाकाबंदी की। कुछ समय बाद संदिग्ध थार गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसे पुलिस टीम ने रुकवाया। गाड़ी में सवार तीनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन टीम की सतर्कता के चलते उन्हें मौके पर ही काबू कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव दाबनखेड़ी निवासी जसकरण, सुखचैन तथा सुलतानीया डेरा निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे एईटीओ रोहित कुमार की मौजूदगी में तलाशी लेने पर गाड़ी में रखे प्लास्टिक के कट्टे से सात किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना राजौंद में मामला दर्ज कर लिया गया है। एएसआई राजेश द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि नशा तस्करी के नेटवर्क के अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

# आरबीयू में सतत विकास लक्ष्यों पर पांच दिवसीय एफडीपी का आयोजन

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (यूएसएएस) ने ' सस्टेनेबल (सतत) विकास लक्ष्य - एक टिकाऊ भविष्य के लिए शिक्षा को आगे बढ़ाना' विषय पर पांच दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया। इसका उद्देश्य शिक्षा, शोध और नवाचार में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को ज्ञान और संसाधनों से सुसज्जित करना था।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. डॉ. अमिता महाजन, डीन, यूएसएएस के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने उच्च शिक्षा को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूक पेशेवरों को तैयार करने और अंतर-विषयी शिक्षा को प्रोत्साहित करने में शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी को भी रेखांकित किया।

एफडीपी के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक ग्रीन केमिस्ट्री के साथ जोड़ने पर आधारित एक सत्र में पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान को वैज्ञानिक प्रगति के साथ समन्वित करने के तरीकों पर चर्चा की गई। एक अन्य सत्र में नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों, क्षमता निर्माण और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षकों को सशक्त बनाने पर बल दिया गया। सतत ऊर्जा समाधानों पर एक व्याख्यान में समावेशी विकास के लिए आवश्यक नवीकरणीय तकनीकों और संरक्षण उपायों पर चर्चा की गई।

सके अतिरिक्त, ऑटोट्रॉफिक सूक्ष्मजीवों पर आयोजित एक सत्र में मिट्टी की उर्वरता, कार्बन संचयन और सतत खाद्य प्रणालियों में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने चर्चाओं और इंटरएक्टिव सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईपीएल-2026: अभिषेक शर्मा के सिर फिर सजी ऑरेंज कैप

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल-2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस बेहद रोमांचक होती जा रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सिर्फ 15 रन बनाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा एक बार फिर 440 रनों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केएल राहुल (433 रन) को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे स्थान पर केएल राहुल बने हुए हैं, जबकि हेनरिक क्लासन 425 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 404 रन बनाकर चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन 41 गेंदों में 57 रन की पारी के बाद 385 रनों के साथ टॉप-5 में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा ईशान किशन ने 42 रन बनाकर 354 रनों के साथ नौवां स्थान हासिल किया, जबकि ट्रैविस हेड ने 61 रन की तेज पारी खेलकर 12वें स्थान तक छलांग लगाई। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह मैचों में 12 विकेट लेते हुए कुल 16 विकेट हासिल किए हैं और पर्पल कैप रेस में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह भुवनेश्वर कुमार और अंशुल कंबोज से सिर्फ एक विकेट पीछे हैं, जो संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। मोहम्मद सिराज और कार्तिक त्यागी ने भी दो-दो विकेट लेकर अपने सीजन के विकेट 11 तक पहुंचाए और टॉप-10 में अपनी जगह बनाए रखी है। आईपीएल 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की जंग लगातार और दिलचस्प होती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### मियामी ग्रां प्री-2026: किमी एंटोनेली ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत

एजेंसी, मियामी गार्डेंस। फॉर्मूला-1 में मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने मियामी ग्रां प्री-2026 जीतकर इतिहास रच दिया है। यह उनकी लगातार तीसरी जीत है और वह इस सीजन में सबसे मजबूत खिताबी दावेदार के रूप में उभरे हैं। एंटोनेली ने न सिर्फ रेस जीती, बल्कि लगातार तीसरी बार पोल पोजिशन से जीत हासिल करने वाले पहले ड्राइवर बन गए हैं। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'यह तो बस शुरुआत है, आगे का सफर लंबा है।' इस सीजन में मर्सिडीज का दबदबा साफ नजर आ रहा है। एंटोनेली और उनके साथी जॉर्ज रसेल ने शुरुआती चारों रेस और सभी पोल पोजिशन अपने नाम किए हैं। हालांकि, स्प्रिंट रेस में लैंडो नोरिस और ऑस्कर पियास्त्री ने बढ़त बनाई थी। (अनंत ज्ञान)

### मोहम्मद शोएब ने आईटीएफ फ्यूचर्स खिताब जीत रचा इतिहास

एजेंसी, नई दिल्ली। पाकिस्तान के युवा टेनिस खिलाड़ी मोहम्मद शोएब ने कठिन परिस्थितियों को मात देते हुए इस्लामाबाद में आईटीएफ फ्यूचर्स खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। कभी चप्पलों और फटे जूतों में अभ्यास करने वाले शोएब आज देश के नए टेनिस चैंपियन बन गए हैं। पेशावर में 'बॉल बॉय' के रूप में शुरुआत करने वाले 20 वर्षीय शोएब के पास लंबे समय तक टेनिस किट खरीदने तक के पैसे नहीं थे। उनके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और चाहते थे कि वह पढ़ाई पर ध्यान दें, लेकिन उनकी मां ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। इस खिताब के साथ शोएब पाकिस्तान के तीसरे खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने आईटीएफ सिंगल्स खिताब जीता। इससे पहले यह उपलब्धि ऐसाम-उल-हक कुरैशी और अकील खान हासिल कर चुके हैं। उनकी जीत ने देश के लगभग 20 साल पुराने सिंगल्स खिताब के सूखे को भी खत्म किया। टूर्नामेंट में उनका लक्ष्य सिर्फ एक एटीपी अंक हासिल करना था, लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब के साथ 15 अंक भी हासिल किए। यह उपलब्धि सीमित संसाधनों के बावजूद उनके जज्बे और मेहनत की मिसाल है। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पाउला क्रीमर

अमेरिका। पाउला क्रीमर एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं। एक पेशेवर के रूप में, उन्होंने 12 टूर्नामेंट जीते हैं, जिनमें 10 एलपीजीए टूर इवेंट शामिल हैं। क्रीमर महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही हैं। वह 2010 की यूएस महिला ओपन चैंपियन थीं।





घरेलू हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी दिल्ली, धोनी की गैरमौजूदगी में सीएसके पर दबाव

# दिल्ली-चेन्नई में 'करो या मरो' की जंग आज

एजेंसी, नई दिल्ली



दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए, मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी-सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं।

डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, "आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा। आप हमेशा परिस्थितियों को बदल सकते हैं, इसलिए मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से मैं खुश हूं।" सत्र के अपने 10वें मैच से पहले सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने पीटीआई को पुष्टि की कि महेंद्र सिंह धोनी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं जिसके कारण वह कोटला में होने वाले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे।

दिल्ली की तरह सीएसके भी नाजुक स्थिति में है और अगर वे इस मैच में जीत हासिल नहीं कर पाते हैं तो फिर उनका प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होना तय हो जाएगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड सत्र के शुरू में रन बनाने के लिए जूझ रहे थे जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ। ऐसे में संजू सैमसन ने अकेले ही सारा भार संभाला, लेकिन गायकवाड अब फॉर्म में लौट आए हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

# वाशिंगटन ने गुजरात के मिडल ऑर्डर पर उठे सवालों का दिया जवाब : अश्विन

एजेंसी, अहमदाबाद

**कहा-पंजाब के खिलाफ संयमित पारी से दिखी बल्लेबाजी की गहराई**

पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ वाशिंगटन सुंदर की मैच जिताने वाली पारी से गुजरात टाइटंस के मध्य क्रम की कमजोरी को लेकर उठ रही कुछ शंकाओं का समाधान जरूर हो जाएगा। वाशिंगटन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 23 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए जिससे गुजरात इस मैच में पंजाब किंग्स को हराने में सफल रहा। अश्विन ने जियोस्टार से कहा, "वाशिंगटन सुंदर की पारी बेहद महत्वपूर्ण थी, क्योंकि इससे गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम से जुड़े सवालों का जवाब मिल गया।"



उन्होंने कहा कि वाशिंगटन ने जिस तरह से मैच का सकारात्मक अंत करने के लिए जरूरी धैर्य दिखाया वह काबिले तारीफ है। अश्विन ने कहा, "गुजरात की टीम के अधिकतर रन उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज बनाते हैं, लेकिन वाशिंगटन के इस तरह के योगदान से उनकी बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है।" उन्होंने दबाव का अच्छी तरह से सामना किया और टीम की जीत सुनिश्चित की।"

अश्विन ने कहा, "यह देखने में भले ही आकर्षक न हो, लेकिन टीम को जीत दिलाने के लिए यह बहुत ही संयमित और बेहतरीन प्रयास था। गुजरात ने फिर से लक्ष्य का पीछा करते हुए संयम दिखाया। उनकी टीम में भले विस्फोटक बल्लेबाज नहीं हों लेकिन उनकी टीम काफी संतुलित है।" (अनंत ज्ञान)

# इंटर मिलान ने जीता इतालियन लीग फुटबॉल का खिताब



एजेंसी, मिलान

इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन दौर के मैच शेष रहते ही इतालियन लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया। इंटर मिलान को ट्रॉफी हासिल करने के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। उसने परमा पर जीत से 2025 के चैंपियन और दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।

यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है। वह सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में युवेंटस (36) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंटर मिलान की तरफ से पहला गोल पहले हाफ में मार्कस थुरम ने किया जबकि 37 वर्षीय हेनरिक मखितार्यान ने 80वें मिनट दूसरा गोल दागा। इस सत्र में दो ट्रॉफियां जीतने की दौड़ में शामिल इंटर मिलान 10 दिनों में इतालियन कप के फाइनल में लाजियो का सामना करेगा। (अनंत ज्ञान)

# अच्छा प्रदर्शन न करने पर भी दो अंक हासिल करने में सफल रहे हैं : होल्डर

एजेंसी, अहमदाबाद

जेसन होल्डर का मानना है कि गुजरात टाइटंस ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद वह मैच जीत रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है। होल्डर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लेकर गुजरात की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि टीम व्यक्तिगत प्रदर्शन के बजाय सामूहिक प्रयास से जीत हासिल कर रही है।





होल्डर ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, "हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसकी खूबसूरती यह है कि हम किसी भी मैच में केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हैं और अलग-अलग दिनों में अलग-अलग खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमने अभी तक शायद अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं खेला है, लेकिन इसकी खूबसूरती यह है कि फिर भी हम जीत हासिल करके दो अंक हासिल कर रहे हैं।"

गुजरात इस मैच में बड़ी जीत हासिल कर सकता था लेकिन उसने एक गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। होल्डर ने हालांकि नेट रन-रेट को लेकर चिंतित होने के बजाय दो अंक हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि पहली प्राथमिकता हमेशा मैच जीतना होती है। अगर हम ऐसी स्थिति में होते हैं जहां परिस्थितियां अनुकूल हों तो हम नेट रन-रेट के बारे में सोच सकते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसा करेंगे।"

वेस्टइंडीज के इस ऑलराउंडर ने कहा, "लेकिन मुझे लगता है कि हमारी पहली प्राथमिकता हर मैच में दो अंक हासिल करना और अपनी लय बनाए रखना है। हम लगातार तीन जीत के साथ अच्छे फॉर्म में हैं। इसलिए हमें बस अपनी निरंतरता बनाए रखनी है। मुझे लगता है कि रन रेट और इस तरह की चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी।" होल्डर ने चार मैचों में सात विकेट लिए हैं, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में लगातार विकेट लेने के लिए तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज को काफी श्रेय दिया। (अनंत ज्ञान)

# चोटिल फिल साल्ट स्कैन के लिए स्वदेश लौटे

एजेंसी, नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया।



यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, "ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।" रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी और साल्ट दोनों को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और वह इस महीने बाद में भारत लौट सकते हैं।

साल्ट ने मौजूदा आईपीएल में छह पारियों में 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे। आरसीबी फिलहाल पंजाब किंग्स के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका अगला मुकाबला गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से होगा। (अनंत ज्ञान)

# फ्रेंच ओपन प्राइज मनी पर खिलाड़ियों ने जताई नाराजगी

एजेंसी, पेरिस। नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। खिलाड़ियों का कहना है कि टूर्नामेंट के राजस्व में उनकी हिस्सेदारी लगातार घट रही है, जो चिंता का विषय है। फ्रेंच ओपन इस महीने के अंत में पेरिस के रोलां गैरों में शुरू होगा। आयोजकों ने हाल ही में कुल पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी कर इसे 61.7 मिलियन यूरो कर दिया है, लेकिन खिलाड़ियों का मानना है कि यह वृद्धि पर्याप्त नहीं है।

**जोकोविच, सिनर सबालेंका और गॉफ ने हिस्सेदारी घटने पर जताई नाराजगी**

खिलाड़ियों के अनुसार, 2024 में राजस्व में उनकी हिस्सेदारी 15.5 प्रतिशत थी, जो 2026 में घटकर करीब 14.9 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 में टूर्नामेंट का कुल राजस्व 395 मिलियन यूरो रहा, लेकिन पुरस्कार राशि में वृद्धि सिर्फ 5.4 प्रतिशत ही हुई। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य सुविधाओं और पेंशन जैसे मुद्दों पर भी ध्यान देने की मांग की है। उनके मुताबिक, वास्तविक आंकड़े बताते हैं कि बढ़ती कमाई के बावजूद खिलाड़ियों का हिस्सा कम होता जा रहा है, जो असंतोष का बड़ा कारण है। (अनंत ज्ञान)

# जयशंकर ने जमैका को उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का किया अनावरण

एजेंसी, किंगस्टन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत द्वारा जमैका को उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड को इस कैरेबियाई देश को समर्पित करते हुए कहा कि क्रिकेट इन दोनों देशों के बीच सेतु का काम करता है।



जयशंकर ने रविवार को एक समारोह में जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस के साथ मिलकर यहां सबीना पार्क में इस इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि क्रिकेट भारत और जमैका के बीच संबंधों को मजबूत बनाता है तथा भारत में एक अरब से अधिक लोग इस खेल को पूरे जुनून के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा, "खेल साझा अनुभव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देकर देशों को करीब लाते हैं। जहां तक भारत और जमैका के संबंधों की बात है तो क्रिकेट का इसमें विशेष महत्व है।" किंगस्टन स्थित सबीना पार्क जमैका क्रिकेट टीम का घरेलू मैदान है। यह वेस्टइंडीज के इस राष्ट्र का एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैदान है। सबीना पार्क के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जयशंकर ने कहा कि इस मैदान से भारतीय क्रिकेट की विशेष यादें जुड़ी हुई हैं, जिसमें दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का शतक और 2011 में विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण शामिल है। जयशंकर ने इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "भारत और जमैका की कहानी रनों में लिखी गई है, सम्मान में लिखी गई है, दोस्ती में लिखी गई है। प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस जेएम के साथ सबीना पार्क में भारत द्वारा उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का औपचारिक रूप से अनावरण किया।" जयशंकर ने कहा कि अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड जमैका में क्रिकेट प्रेमियों के लिए अनुभव को बेहतर बनाएगा और यह दोनों देशों के बीच स्थायी क्रिकेट भागीदारी का प्रमाण है। (अनंत ज्ञान)

# रियाल मैड्रिड ने बढ़ाया बार्सिलोना का स्पेनिश लीग खिताब का इंतजार

एजेंसी, मैड्रिड



विनीसियस जूनियर (55वें और 66वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए जिससे रियाल मैड्रिड ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर बार्सिलोना का लगातार दूसरी बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा दिया।

बार्सिलोना ने शनिवार को ओसासुना को 2-1 से हराकर रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली थी। रियाल मैड्रिड अगर एस्पेनयोल से नहीं जीत पाता तो बार्सिलोना 29वां लीग खिताब अपने नाम कर लेता।

बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच अब 11 अंक का अंतर रह गया है। अब जबकि इस प्रतियोगिता में चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब बार्सिलोना 34 मैच में 88 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। इन दोनों टीमों के बीच अब इस सप्ताह के आखिर में मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने पर बार्सिलोना चैंपियन बन जाएगा। मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने कहा, "हमारा मुकाबला एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी से है और वे अच्छा खेल रहे हैं। यह मैच प्रशंसकों और हमारे लिए खास है। हम इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करेंगे।" एस्पेनयोल ने इस साल लगातार 17 मैचों में जीत हासिल नहीं कर पाया है, जिसमें 10 हार शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

4 विकेट और नाबाद 56 रन से हार्डी ने पलटा फाइनल, 9 साल बाद जाल्मी ने जीता खिताब

# हार्डी के तूफान से पेशावर जाल्मी बना पीएसएल चैंपियन

एजेंसी, लाहौर

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 के फाइनल में पेशावर जाल्मी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद किंग्समेन को 5 विकेट से हराकर 9 साल बाद खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान बाबर आजम इस बड़े मुकाबले में गोल्डन डक पर आउट हो गए, लेकिन टीम के हीरो ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एरन हार्डी बने। हार्डी ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करते हुए मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने पहले 4 विकेट झटके और फिर नाबाद अर्द्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन ने फाइनल को पूरी तरह एकतरफा बना दिया।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद किंग्समेन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और शुरुआत शानदार रही। पावरप्ले तक टीम का स्कोर 69/2 था और लग रहा था कि बड़ा स्कोर बनेगा। लेकिन इसके बाद टीम अचानक लड़खड़ा गई और लगातार विकेट गिरते चले गए। मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फ्लॉप रहा और पूरी टीम 18 ओवर में सिर्फ 129 रन पर सिमट गई।





किंग्समेन के लिए सैम अयूब ने 54 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई खास साथ नहीं मिला। विकेटों के गिरने का सिलसिला जारी रहा, जिससे रन गति भी धीमी पड़ गई। हार्डी ने 4 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। उनकी गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह पेशावर के पक्ष में कर दिया।

130 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेशावर जाल्मी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में टीम ने मोहम्मद हारिस और बाबर आजम के विकेट गंवा दिए, जिससे दबाव बढ़ गया। कुछ ही ओवर में स्कोर 40/4 हो गया और ऐसा लगने लगा कि मैच फंस सकता है, लेकिन यहीं से हार्डी ने मोर्चा संभाल लिया और पारी को संभालते हुए तेजी से रन बनाए।

हार्डी ने अब्दुल समद के साथ मिलकर अहम साझेदारी की और टीम को जीत की ओर ले गए। हार्डी ने 39 गेंदों में नाबाद 56 रन बनाए, जबकि समद ने 48 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच शानदार साझेदारी ने मैच का पासा पलट दिया और पेशावर ने 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पेशावर जाल्मी ने 2017 के बाद पहली बार पीएसएल का खिताब जीता। हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखा जाएगा, क्योंकि उन्होंने लगभग अकेले दम पर टीम को चैंपियन बना दिया। (अनंत ज्ञान)